फाल्गुन शुक्ल पक्ष नवमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 18 मार्च 2024
वर्ष 5, अंक 121, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



ब्रिटेन में शरण मांगने वाले भारतीयों की संख्या दोगुनी 14

करीना, कृति और तब्बू की 'क्रू' जर्नी शुरू 13

# चुनावी बॉण्ड से भाजपा को सबसे अधिक 6,986 करोड़ रुपये मिले

## लाभ पाने में टीएमसी दूसरे, कांग्रेस तीसरे और बीआरएस तीसरे स्थान पर

नई दिल्ली, एजेंसी

निर्वाचन आयोग ने चुनावी बॉण्ड को लेकर नए आंकड़े रविवार को सार्वजनिक किए। यह आंकड़े आयोग ने सीलबंद लिफाफे में सुप्रीम कोर्ट को सौंपे थे। कोर्ट ने बाद में इन्हें आयोग की वेबसाइट पर सार्वजनिक करने के निर्देश दिए थे। माना जा रहा है कि ये आंकड़े (विवरण) 12 अप्रैल, 2019 से पहले की अवधि से संबंधित हैं। अब रद हो चुके चुनावी बॉण्ड के शीर्ष खरीदार फ्यूचर गेमिंग एंड होटल सर्विसेज ने इसके माध्यम से तमिलनाडु की सत्तारूढ़ पार्टी द्रमुक को 509 करोड़ रुपये का दान दिया। भाजपा को 2018 में चुनावी बॉण्ड योजना के लागू होने के बाद से सबसे अधिक 6,986.5 करोड़ रुपये की धनराशि प्राप्त हुई। इसके बाद तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) (1,397 करोड़ रुपये), कांग्रेस (1,334 करोड़ रुपये) और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) (1,322 करोड़ रुपये) का स्थान रहा।



● निर्वाचन आयोग ने सार्वजनिक किए चुनावी बॉण्ड के नए आंकड़े

ओडिशा की सत्तारूढ़ पार्टी बीजद को 944.5 करोड़ रुपये मिले। इसके बाद द्रमुक ने 656.5 करोड़ रुपये और आंध्र प्रदेश की सत्तारूढ़ पार्टी वाईएसआर कांग्रेस ने लगभग 442.8 करोड़ रुपये के बॉण्ड भुनाए। गैर सरकारी संगठन, एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) द्वारा संकलित एक पूर्व रिपोर्ट के अनुसार, मार्च 2018 से जनवरी 2024 तक 16,518 करोड़ रुपये के चुनावी बॉण्ड बेचे गए थे। दोनों आंकड़ों को मिलाकर अनुमान लगाया गया है कि योजना की पूरी अवधि के दौरान भाजपा को कुल 7,700 करोड़ रुपये की राशि प्राप्त हुई है।

रविवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, जनता दल (सेक्युलर) को 89.75 करोड़ रुपये के बॉण्ड मिले। फ्यूचर गेमिंग कंपनी 1,368 करोड़ रुपयों के साथ चुनावी बॉण्ड की सबसे बड़ी खरीदार थी, जिसमें से लगभग 37 प्रतिशत द्रमुक को गया। द्रमुक के अन्य प्रमुख दानदाताओं में मेघा इंजीनियरिंग 105 करोड़ रुपये, इंडिया सीमेंट्स 14 करोड़ रुपये और सन टीवी 100 करोड़ रुपये शामिल हैं।

तेदेपा ने 181.35 करोड़ रुपये, शिवसेना ने 60.4 करोड़, राजद ने 56 करोड़, सपा ने 14.05 करोड़ प्राप्त किए। अकाली दल ने 7.26 करोड़, अन्नाद्रमुक ने 6.05 करोड़, नेशनल कॉन्फ्रेंस ने 50 लाख रुपये के बॉण्ड भुनाए। आम आदमी पार्टी को 65.45 करोड़ रुपये मिले थे, जबकि निर्वाचन आयोग में दी गई जानकारी के बाद उसे 3.55 करोड़ रुपये और मिलने का अनुमान है, जिससे कुल दान 69 करोड़ रुपये हो गया।

### बॉण्ड एक प्रयोग, कितना फायदेमंद रहा समय बताएगा

**नागपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर कार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने रविवार को कहा कि चुनावी बॉण्ड एक प्रयोग है और वक्त आने पर पता चलेगा कि यह कितना फायदेमंद और प्रभावी रहा। चुनावी बॉण्ड मुद्दे पर जतायी जा रही चिंताओं और लाभ पाने के लिए इन्हें खरीदने के दावों के बारे में होसबाले ने कहा कि संघ ने अभी तक इसके बारे में चर्चा नहीं की है क्योंकि चुनावी बॉण्ड एक प्रयोग है। उन्होंने कहा कि यह नियंत्रण और संतुलन के साथ किया गया और ऐसा नहीं है कि चुनावी बॉण्ड आज अचानक पेश किए गए, ऐसी योजना पहले भी लाई गई थी। जब भी कोई बदलाव होता है तो सवाल उठाए जाते हैं। जब ईवीएम लाई गई थीं तब भी सवाल उठाए गए थे। जब नयी चीजें आती हैं तो लोगों का सवाल उठाना स्वाभाविक है।

## अरुणाचल और सिक्किम में अब दो जून को मतगणना

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम विधानसभा चुनावों में मतगणना पूर्व घोषित चार जून की जगह दो जून को कराने की रविवार को घोषणा की। दोनों राज्यों में विधानसभाओं का कार्यकाल दो जून को समाप्त हो रहा है। इसे देखते हुए इन राज्यों में मतगणना दो जून को कराने का निर्णय लिया गया है। दोनों राज्यों में विधानसभा चुनाव लोकसभा के पहले चरण के मतदान के साथ 19 अप्रैल को होगा। अधिसूचना 20 मार्च को जारी होगी। नामांकन की अंतिम तिथि 27 मार्च, जांच 28 मार्च, नाम वापसी 30 मार्च को और मतगणना दो जून को होगी।

## सीयूईटी-स्नातक परीक्षा कार्यक्रम में कोई बदलाव नहीं

**नई दिल्ली।** संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा- स्नातक (सीयूईटी-यूजी) पूर्व घोषित कार्यक्रम 15 मई से 31 मई 2024 के बीच होगी और लोकसभा चुनाव की तारीखों की वजह से इसमें कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। यह घोषणा यूजीसी के अध्यक्ष जगदीश कुमार ने रविवार को की। उन्होंने बताया कि पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी होने के बाद परीक्षा के लिए समय-सारिणी जारी की जाएगी। यूजीसी प्रमुख ने कहा था कि आगामी लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम के आधार पर परीक्षा की तारीखों में बदलाव किया जा सकता है।

### अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा, उत्तर क्षेत्र व पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र में बदलाव

# दत्तात्रेय होसबोले फिर बने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरकार्यवाह

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नागपुर मुख्यालय में अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा ने तीन दिन के मंथन के बाद अहम प्रस्तावों को स्वीकृति देते हुए रविवार को दत्तात्रेय होसबोले को पुनः तीन वर्ष के लिए सरकार्यवाह चुन लिया। बाद में उनकी ओर से राष्ट्रीय कार्यकारिणी में छह सह सरकार्यवाह नियुक्त किए गए। अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा समेत उत्तर क्षेत्र व पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र में भी कई परिवर्तन हुए हैं।

संघ में जनरल सेक्रेटरी (महासचिव) को सरकार्यवाह कहते हैं। सरसंघचालक (प्रमुख) के बाद दूसरा सबसे बड़ा पद सरकार्यवाह का ही होता है। दत्तात्रेय होसबाले 2021 से सरकार्यवाह की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। छह साल के अंतराल के बाद आरएसएस की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की तीन दिवसीय वार्षिक बैठक 15 मार्च को मुख्यालय नागपुर में शुरू हुई थी। रविवार अपराह्न सरसंघचालक मोहन भागवत के पाथेय के बाद बैठक का समापन हुआ। संघ की कार्यकारिणी के पुनर्गठन में डॉ. मनमोहन वैद्य को सह सरकार्यवाह के पद से मुक्त कर दिया गया। जबकि छह सह सरकार्यवाह नियुक्त किए गए हैं। पुनः सरकार्यवाह चुने गए दत्तात्रेय होसबाले द्वारा कृष्ण गोपाल, मुकुंद, अरुण कुमार, रामदत्त चक्रधर, अतुल लिमये और आलोक कुमार को सह सरकार्यवाह नियुक्त किया गया है। दिल्ली प्रांत कार्यवाह भारत भूषण को अखिल भारतीय सह संपर्क प्रमुख नियुक्त किया गया है, जबकि अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य के रूप में रामेश्वर को शामिल किया गया है। इसके अलावा नवल को अखिल भारतीय गौ सेवा और अनिल ओंक को अखिल भारतीय सह व्यवस्था प्रमुख (अब केंद्र जयपुर होगा) बनाया गया है।

● तीन दिन चला मंथन, छह सह सरकार्यवाह भी हुए नियुक्त



सरकार्यवाह चुने जाने पर होसबोले को बधाई देते सरसंघ चालक मोहन भागवत।

### उत्तर क्षेत्र में यह बदलाव

जतिन को उत्तर क्षेत्र प्रचारक नियुक्त किया गया है। इसके अलावा भनवीर को क्षेत्र प्रचारक प्रमुख, रोशन लाल को क्षेत्र कार्यवाह उत्तर क्षेत्र, गेंदालाल को सह क्षेत्र कार्यवाह उत्तर क्षेत्र, योगेन्द्र को सह सम्पर्क प्रमुख, सुरेंद्र पाल को प्रांत प्रचारक हरियाणा, विजयानंद को प्रांत प्रचारक जोधपुर प्रांत, विशाल को सह प्रांत प्रचारक जयपुर प्रांत, धर्मेन्द्र को सह प्रांत प्रचारक चित्तौड़, विक्रांत को सह संघचालक जम्मू कश्मीर, अवतार को प्रांत कार्यवाह जम्मू कश्मीर, अजय को सह प्रांत कार्यवाह जम्मू कश्मीर नियुक्त किया गया है।

### हरीश रौतेला पदोन्नत, सह क्षेत्र संपर्क प्रमुख बने



संघ के पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र से संबंधित भी कई बदलाव किए गए हैं। कृष्ण मोहन को क्षेत्र संघचालक, पूर्वी क्षेत्र बनाया गया है। इस दायित्व पर रहे सीए वीरेंद्रजीत को मुक्त कर दिया गया। अजय को क्षेत्र पर्यावरण प्रमुख पूर्वी क्षेत्र बनाया गया है। कानपुर वाले रमेश को सह-प्रांत प्रचारक कानपुर से प्रांत प्रचारक काशी बनाया गया है। प्रांत प्रचारक काशी रहे रमेश को अब प्रांत प्रचारक गोरक्ष (गोरखपुर) प्रांत बनाया गया है। युद्धवीर को क्षेत्र सेवा प्रमुख, पूर्वी उत्तर प्रदेश, अनिल श्रीवास्तव को सह क्षेत्र कार्यवाह, रामकेश को प्रांत कार्यवाह कानपुर, सुभाष को क्षेत्र प्रचारक प्रमुख, मुनीश को सह प्रांत प्रचारक कानपुर बनाया गया है। ब्रज प्रांत के हरीश रौतेला को प्रोन्नति देकर सह क्षेत्र संपर्क प्रमुख बनाया गया। अवध प्रांत प्रचारक कौशल अवध प्रांत में ही रहेंगे, धर्मेंद्र ब्रज प्रांत के प्रचारक नियुक्त हुए हैं।



## रमज़ान मुबारक

| सातवां रोज़ा इफ्तार - 18 मार्च 2024 | |
|---|---|
| सुन्नी | - 06:25 बजे |
| शिया | - 06:32 बजे |
| **आठवां रोज़ा सहरी - 19 मार्च 2024** | |
| सुन्नी | - 04:52 बजे |
| शिया | - 04:47 बजे |

नोटः- सहरी व इफ्तार में क्षेत्रवार समय में परिवर्तन हो सकता है।





# पूर्व सीएम बघेल के खिलाफ रिपोर्ट

रायपुर, एजेंसी

छत्तीसगढ़ में आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने ईडी द्वारा सौंपी गई जांच रिपोर्ट के आधार पर कथित महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी घोटाले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और अन्य के खिलाफ एक मामला दर्ज किया है। लगभग एक साल से अधिक समय से महादेव एप से जुड़े धन शोधन मामले की जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पिछले दिनों आरोप लगाया था कि उसकी जांच में छत्तीसगढ़ के उच्च पदस्थ राजनेताओं और नौकरशाहों की संलिप्तता सामने आई है। महादेव एप के दो मुख्य प्रवर्तक छत्तीसगढ़ से ताल्लुक रखते हैं।

ईडी के अनुसार, इस मामले में अपराध से अर्जित अनुमानित आय करीब 6,000 करोड़ रुपये है। ईओडब्ल्यू के एक अधिकारी ने कहा कि ईडी मामले की जांच कर रही है और राज्य की आर्थिक अपराध शाखा को सौंपी गई रिपोर्ट के आधार पर चार मार्च को यहां ईओडब्ल्यू थाने में बघेल और अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बघेल, एप प्रवर्तकों रवि उप्पल, सौरभ चंद्राकर, शुभम सोनी और अनिल कुमार अग्रवाल तथा 14 अन्य को प्राथमिकी में आरोपी के रूप में नामित किया गया है।



● महादेव सट्टा एप मामले में 18 अन्य के खिलाफ एफआईआर

### कोविड के समय प्रतिमाह कमाए 450 करोड़ रुपये

प्राथमिकी में दावा किया गया है कि कोविड-19 के कारण 2020 में लॉकडाउन लागू होने के बाद प्रवर्तकों और एप से जुड़े पैनल संचालकों ने ऑनलाइन सट्टेबाजी एप के माध्यम से प्रति माह लगभग 450 करोड़ रुपये कमाए। प्राथमिकी के मुताबिक, एप के प्रवर्तकों एवं पैनल संचालकों ने अवैध रूप से प्राप्त धन के लेन-देन के लिए फर्जी दस्तावेज पर बैंक खाते खोले थे। पैनल संचालकों ने विभिन्न बैंक खातों के माध्यम से संयुक्त अरब अमीरात में प्रवर्तकों को अवैध धन हस्तांतरित किया। एप के प्रवर्तकों ने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों और नेताओं को मोटी रकम दी थी।






# ईडी ने केजरीवाल को दिल्ली जल बोर्ड मामले में भेजा समन

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली जल बोर्ड में अनियमितताओं से जुड़े धनशोधन के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को समन भेजा है। केजरीवाल (55) को सोमवार 18 मार्च को एपीजे अब्दुल कलाम रोड स्थित ईडी कार्यालय में पेश होने और बयान दर्ज कराने के लिए कहा गया है।

धनशोधन रोधी कानून के तहत दर्ज यह दूसरा मामला है जिसमें केजरीवाल को बुलाया गया है। इससे पहले, उन्हें दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में समन जारी किए गए हैं। नौवां समन जारी कर उन्हें 21 मार्च को पूछताछ के लिए बुलाया गया है। डीजेबी मामले में, ईडी ने दावा किया है कि दिल्ली सरकार के विभाग द्वारा दिए गए ठेका में भ्रष्टाचार के माध्यम से प्राप्त धन दिल्ली की सत्तारूढ़ पार्टी 'आप' को कथित तौर पर चुनावी फंड के रूप में भेजा गया था। ईडी का मामला सीबीआई की प्राथमिकी पर आधारित है।



● पूछताछ के लिए आज अपने दिल्ली कार्यालय में बुलाया

## तीरंदाज शीतल बनीं निर्वाचन आयोग की राष्ट्रीय दूत

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने दिव्यांग तीरंदाज शीतल देवी को शारीरिक रूप से चुनौती का सामना कर रहे मतदाताओं के लिए की जा रही पहल को प्रचारित करने के लिए अपना राष्ट्रीय दूत बनाया है। यह घोषणा आयोग द्वारा भारतीय बधिर क्रिकेट संघ और दिल्ली जिला क्रिकेट संघ के साथ मिलकर आयोजित एक क्रिकेट मैच के अवसर पर की गई। कार्यक्रम में मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार और चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू उपस्थित थे।








**योजना में पेच** शीर्ष 10 जिलों में तत्काल 100 फीसद प्रमाणीकरण करने के दिए निर्देश

# बिना प्रमाणीकरण गांवों में 'हर घर जल'

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में जल जीवन मिशन के तहत 'हर घर जल' शुद्ध पेयजल आपूर्ति प्रमाणीकरण में फंसी है। यह कार्य जल निगम (ग्रामीण) ने कंपनियों को दिया है। स्थिति यह है कि 66 जिलों पर फेज-2, 3 व 5 में 88,637 राजस्व ग्रामों में फंक्शनल हाउस होल्ड टैप कनेक्शन हुए हैं।

यानी इतने गांवों के 100 फीसदी घरों पर कनेक्शन देकर नलों से जलापूर्ति की गई है। लेकिन, इसके सापेक्ष 16,902 ग्राम ही कनेक्शन धारकों के आधार कार्ड लेकर पोर्टल पर चिह्नित हो पाए हैं। जबकि प्रमाणीकरण 5,545 ग्रामों का हुआ है। अब तक 2,66,20,859 घर के सापेक्ष 2,12,11,102 फंक्शनल हाउस होल्ड टैप कनेक्शन हुए हैं। शासन ने डीएम व सीडीओ को शीर्ष 10 जिलों में 100 फीसदी प्रमाणीकरण करने के निर्देश दिए हैं।

**88,637**
राजस्व ग्रामों में 16,902 चिह्नित और 5,545 प्रमाणित

**100**
फीसदी कनेक्शन व आपूर्ति करने के बाद प्रगति खराब

### सबसे खराब प्रगति

| | |
|---|---|
| उन्नाव - | 21.33 फीसदी |
| फिरोजाबाद - | 27.37 फीसदी |
| आगरा - | 30.53 फीसदी |
| मथुरा - | 32.33 फीसदी |
| बलिया - | 33.17 फीसदी |

**9723 ग्रामों का मांगा प्रमाण, 92 को मिली भूमिः** 9723 ग्रामों जल निगम कनेक्शन कर चुका है। शासन ने सभी पूर्ण कार्य के साथ प्रमाण मांगा है। ग्राम सभाओं में परियोजनाएं हैंडओवर करने के निर्देश दिए हैं। वहीं, विभिन्न पाइप लाइन योजना के लिए 92 भूमि यानी स्थलों के आवंटन और विवाद का समाधान नहीं हुआ है।






## आठ लाख का इनामी नक्सली मुठभेड़ में ढेर

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के कोयलीबेड़ा क्षेत्र के करकानार के जंगल में पुलिस के एक संयुक्त दल ने आठ लाख रुपये के एक इनामी नक्सली मनखेर को मुठभेड़ में ढेर कर दिया है।




## एक नजर

### सौम्या पांडेय बनी सीओ सिटी



शाहजहांपुर। एसपी अशोक कुमार मीणा ने बताया कि महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन मुख्यालय लखनऊ से स्थानांतरित होकर आई पुलिस उपाधीक्षक सौम्या पांडेय को सीओ सिटी बनाया गया है। उन्होंने दोपहर को पदभार ग्रहण कर लिया है। पीटीएस मुरादाबाद से स्थानांतरित होकर आई पुलिस उपाधीक्षक ज्योति यादव की एसपी कार्यालय में नियुक्ति की गई है। सीओ सिटी वीएस वीर कुमार सिंह को सीओ ट्रैफिक बनाया गया है। इसके अलावा तिलहर प्रभारी निरीक्षक का सुरेंद्र पाल सिंह को डीसीआरबी प्रभारी बनाया गया। डीसीआरबी प्रभारी विशाल प्रताप सिंह को तिलहर प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है।

### रंजिशन युवक को पीटकर किया घायल

पुवायां। गांव भटियूरिया निवासी दीप कुमार ने बताया कि वह अपने दोस्त शिवम के साथ बाइक से जा रहा था रास्ते में गांव नारायणपुर बज्जू निवासी सलमान ने अपने दो अज्ञात साथियों के साथ मिलकर रोक लिया और पुरानी रंजिश में उसे लाठी डंडों से पीट कर घायल कर दिया। उसने थाने में शिकायत की है।

# शिक्षित होने को अधिक जागरूक दिखीं महिलाएं

## नव साक्षरों ने दिखाया जज्बा, 567 परिषदीय स्कूलों में परीक्षा देने पहुंचे 2846 परीक्षार्थी



शहर के रोटी गोदाम स्कूल में परीक्षा देते नव साक्षर। ● अमृत विचार



ग्रामीण क्षेत्र के एक स्कूल में परीक्षा देते नव साक्षर। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● 567 केंद्रों पर 1257 पुरुष और 1589 महिलाएं परीक्षा में हुईं शामिल

**अमृत विचार :** कहते हैं कि किसी भी काम को करने के लिए उम्र बाधा नहीं होती, सिर्फ काम करने और सीखने की ललक होनी चाहिए। ऐसा ही कुछ रविवार को परिषदीय स्कूलों में देखने को मिला। मौका था नव साक्षरता परीक्षा का। इस परीक्षा में नव साक्षर बने 2846 महिलाओं और पुरुषों ने प्रतिभाग करते हुए अपनी योग्यता दिखाने के सहभागिता की। नव साक्षरों में खासतौर पर महिलाओं में खासा उत्साह देखा गया। बीएसए रणवीर सिंह ने कई केंद्रों का निरीक्षण कर अधिकारियों को निर्देश दिए।

पढ़ने की इच्छा उन लोगों में बढ़ती जा रही है, जो किन्हीं कारणों से अपनी उम्र में स्कूल नहीं जा सके और अब उन्हें शिक्षित होने का मन हो रहा है। ऐसे ही 15 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को साक्षर बनाने के लिए नव भारत साक्षरता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके तहत स्वयंसेवी लोग अपने क्षेत्र में निरक्षर लोगों को चिन्हित कर उन्हें उनके सुविधानुसार समय पर पढ़ाने जाते हैं। आसपास के लोगों को एक स्कूल में बुला लिया जाता है और उन्हें दस्तखत करने समेत अक्षर ज्ञान कराया जाता है। पढ़ाई में रुचि पैदा करने का काम भी स्वयंसेवी ही करते हैं। हालांकि इस पुनीत कार्य के लिए स्वयंसेवियों को कोई पारिश्रमिक नहीं मिलता है, सिर्फ उनका शौक पूरा होता है। बाद में ऐसे लोगों की परीक्षा कराकर उनकी योग्यता परखी जाती है। रविवार को ऐसे ही नव साक्षरों की परीक्षा कराई गई। शिक्षित होने के लिए पुरुषों के मुकाबले महिलाओं ने अधिक रुचि ली। साक्षरता प्रभारी इंद्रजीत ने बताया कि नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार को जिले के 567 परिषदीय स्कूलों में नव साक्षरों की परीक्षा हुई, जिसमें 1257 पुरुष और 1589 महिलाएं शामिल हुईं। जितनी तन्मयता से बुजुर्ग महिलाओं और पुरुषों ने साक्षर बनने में रुचि दिखाई और शिक्षा प्राप्त की। उसी उत्साह और जज्बे के साथ त्योहार की तैयारियां और घर के काम छोड़ सभी ने परीक्षा दी।

### साक्षरता सेल ने उपलब्ध कराया कॉपी, पेन

साक्षरता सेल की ओर से सभी को कॉपी–पेन आदि उपलब्ध कराया गया। स्कूल के प्रधान अध्यापक केंद्र व्यवस्थापक बने और शिक्षकों ने कक्ष निरीक्षक की जिम्मेदारी निभाई। इतना ही नहीं, मुक्त परीक्षा के लिए खंड शिक्षा अधिकारियों ने अपने विकास खंड के स्कूलों का भ्रमण कर न सिर्फ व्यवस्थाएं देखीं, बल्कि विशेष प्रकार के परीक्षार्थी बने महिलाओं और पुरुषों का उत्साहवर्द्धन भी किया।

# स्मारकों की रंगाई-पुताई कराने को मंत्री से मिला शिष्टमंडल

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● डॉ. आंबेडकर जयंती से पूर्व मरम्मत करवाने की रखी मांग

**अमृत विचार :** पंचशील सोशल वेलफेयर सोसाइटी के शिष्टमंडल ने रविवार को वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना से मुलाकात की और उन्हें मांगपत्र देकर भारत रत्न डॉ. आंबेकर जयंती से पहले सभी स्मारकों की मरम्मत एवं रंगाई-पुताई कराने का आग्रह किया।

सोसाइटी अध्यक्ष राम सिंह के नेतृत्व में कैबिनेट मंत्री से मिले शिष्टमंडल ने कहा कि 14 अप्रैल को डॉ. आंबेडकर का जन्मदिन मनाया जाता है, इसलिए उनकी जयंती से पहले महानगर स्थित घंटाघर पार्क, आवास विकास, नवादा इंदेपुर, बेरी चौकी, पुवायां मार्ग आदि स्थानों पर निर्मित सभी स्मारकों का निरीक्षण कराकर उनकी मरम्मत, सफाई और रंगाई-पुताई कराया जाना अति आवश्यक है। इस बावत उन्हें एक पत्र भी दिया गया। सोसाइटी अध्यक्ष ने बताया कि वित्त मंत्री ने नगर आयुक्त को पार्कों की रंगाई-पुताई सफाई कराने के निर्देश दे दिए हैं। शिष्टमंडल में महेश चंद्र गौतम, रामचंद्र गौतम, राजीव कुमार, अजय वर्मा, विनोद कुमार आदि शामिल रहे।



वित्त मंत्री सुरेश खन्ना को मांगपत्र देते पंचशील सोशल वेलफेयर सोसाइटी का शिष्टमंडल।

# आज बिरज में होली रे रसिया...



होलिकोत्सव में रंग–खेलकर मस्ती करतीं युनिटी संस्था की महिलाएं। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● सामाजिक संगठन युनिटी ने मनाया रंगों का उत्सव, फूलों की होली खेली

**अमृत विचार :** महिलाओं के सामाजिक संगठन युनिटी की ओर से रविवार को होलिकोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने अबीर-गुलाल से रंग खेलकर होली गीतों पर खूब मस्ती की। साथ ही फूलों की होली भी खेलकर त्योहार की खुशियां मनाईं गईं।

होली उत्सव की शुरुआत श्री गणेश वंदना से हुई। इसके बाद एकता अग्रवाल ने राधा-कृष्ण का गुणगान करते हुए भजन प्रस्तुत किए। महिलाओं ने ब्रज की होली की याद में आज बिरज में होली रे रसिया, कान्हा संग खेले रे होरी आदि गीत सुनाकर खुशियां मनाईं। समापन पर सभी ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर और फूलों की होली खेलते हुए जमकर मस्ती की और भजनों पर डांस किया। संरक्षक डॉ. संगीता मोहन ने त्योहार की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए त्योहार से जुड़े कई रोचक संस्मरण भी सुनाए। संयोजन में अध्यक्ष एकता अग्रवाल, सोनाली सेठ, अनुप्रिया ग्रोवर, शैफाली गुप्ता, डॉ. श्वेता आदि का योगदान रहा। इस मौके पर योगिता गुप्ता, अर्चना मोदी, रंजना खंडेलवाल, भानी चोपड़ा, शैली गुप्ता, रश्मि गुप्ता, शिखा गुप्ता, डॉ. नीना सिंह, प्रतिमा अग्रवाल, रीना अग्रवाल, पिंकी, नीता अग्रवाल, डॉ. मणिका चौधरी, अंशू गुप्ता, राधा, सोनिया, डॉ. पूजा त्रिपाठी, सोनिया समेत आदि महिलाएं शामिल रहीं।

# अब ट्रेनों में रिजर्वेशन की वेटिंग तक हो गई फुल

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● होली पर घरों को लौटना शुरू ट्रेनों में भीड़ बढ़ी



**अमृत विचार :** होली के पर्व को लेकर पूरब दिशा की ओर जाने वाली ट्रेनों में भीड़ बढ़ना शुरु हो गई है। लोग परदेश से त्योहार मनाने घर आ रहे है। जिसके चलते होली के आस-पास रिजर्वेशन समेत वेटिंग फुल हो गई है। यात्री अब तत्काल टिकट की आस लगाए हैं।

बड़ी संख्या में लोग अपना घर छोड़कर दिल्ली, पंजाब व हरियाणा में नौकरी कर रहे है। होली के पर्व को लेकर लोगों ने घर वापसी के लिए दो माह पहले रिजर्वेशन करा लिया था। अब काउंटर पर टिकट रिजर्वेशन कराने के लिए जाते है तो पता चलता है कि 20,21, 22, 23 मार्च की वेटिंग तक फुल हो गई और कंप्यूटर पर नो दिखा रहा है। डाउन लाइन की श्रमजीवी एक्सप्रेस, गंगा सतलज एक्सप्रेस, पदमावत एक्सप्रेस, शहीद एक्सप्रेस, दून एक्सप्रेस, सियालदहा एक्सप्रेस से परिवार के साथ जिन लोगों को अपने घर जाना है, उनके सामने दिक्कत आ रही है। क्योंकि ट्रेन के जनरल कोच पीछे से भरकर आ रहे है।

इधर तत्काल टिकट के लिए लोग सुबह छह बजे से लाइन में खड़े हो जाते है। लोग एक कागज पर नाम की सूची बनाकर टिकटघर पर बैठे बाबू को देते है। जिसके बाद उन्हें फार्म दे दिया जाता है। सीएमआई एसके ठाकुर ने बताया कि होली के आस-पास रिजर्वेशन की वेटिंग भी फुल हो गई है।

# मूल्यांकन में त्रुटि पर कटेगा पारिश्रमिक

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



एक केंद्र पर यूपी बोर्ड की उत्तर पुस्तकाओं का मूल्यांकन करते परीक्षक। ● अमृत विचार

● दूसरे दिन 156 परीक्षक बढ़े, 1903 के सापेक्ष 954 ने किया मूल्यांकन

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन में दूसरे दिन 156 परीक्षक बढ़ गए हैं। हालांकि अभी भी यह संख्या आवंटित परीक्षकों के सापेक्ष काफी कम है। आवंटित परीक्षक 1903 के सापेक्ष मात्र 954 ही काम पर आए हैं, जबकि पहले दिन यह संख्या 798 ही थी। इसी का नतीजा रहा कि दूसरे दिन हाईस्कूल की 17590 उत्तर पुस्तिकाएं और इंटर की 20643 उत्तर पुस्तिकाएं जांच दी गईं। इधर, मूल्यांकन में त्रुटि पाए जाने पर परीक्षकों के पारिश्रमिक में कटौती के भी आदेश हैं।

जानकारी के अनुसार आधा प्रतिशत त्रुटि पर 25 प्रतिशत मूल्यांकन पारिश्रमिक में कटौती की जाएगी, जबकि एक प्रतिशत त्रुटि मिलने पर 50 प्रतिशत और दो प्रतिशत त्रुटि मिलने पर 85 फीसदी पारिश्रमिक कटौती की जाएगी। साथ ही दो प्रतिशत कटौती पर 85 फीसदी मूल्यांकन पारिश्रमिक कटौती के साथ तीन वर्ष के लिए संबंधित शिक्षक को बोर्ड के समस्त कार्यों से डिबार भी रखा जाएगा। बता दें कि अभी तक हाईस्कूल मूल्यांकन का पारिश्रमिक प्रति कॉपी 11 रुपये और इंटर का 13 रुपये प्रति कॉपी दिया जाता है। इसमें इस वर्ष तीन फीसदी बढ़ोत्तरी की उम्मीद जताई जा रही है। इसके अलावा अंकेक्षण कार्य के लिए प्रति कॉपी एक रुपया दिया जाता है।

### कहां कितनी जांची गईं कॉपियां

कंट्रोल रूम से मिली जानकारी के अनुसार दूसरे दिन रविवार को स्वामी धर्मानंद सरस्वती इंटर कॉलेज में हाईस्कूल की 6987 और एबी रिच इंटर कॉलेज में 10603 कॉपियां चेक की गईं। इसी तरह जीआईसी में इंटर की 2979, देवी प्रसाद इंटर कॉलेज में 3376, इस्लामिया इंटर कॉलेज में 4434 और एसपी कॉलेज में 4379 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया गया।

# ऐतिहासिक शोध के लिए डॉ. अभिनंदन का हुआ चयन



प्रेसवार्ता में अपनी पुस्तकें दिखाते डॉ. अभिनंदन स्वरूप।

● भारतीय इतिहास एवं अनुसंधान परिषद ने यूपी से किया है चयन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** भारतीय इतिहास एवं अनुसंधान परिषद (भारत सरकार) ने डॉ. अभिनंदन स्वरूप का नाम क्रांतिकारी संगठन हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन की कार्यप्रणाली एवं वित्तीय स्रोतों का ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में अध्ययन शोध के लिए चयन किया है। सह जानकारी डॉ. अभिनंदन ने मीडिया को दी।

सदर बाजार क्षेत्र में हुई प्रेसवार्ता में डॉ. अभिनंदन ने बताया कि अनुसंधान परिषद ने शोध के लिए देश के मात्र 12 लोगों का चयन किया है, जिसमें उत्तर प्रदेश से उनका चयन किया गया है। वर्तमान में डॉ. अभिनंदन श्री दुर्गा शिक्षा निकेतन महाविद्यालय में प्राचार्य पद पर कार्यरत हैं। मूलरूप से शाहजहांपुर के मोहल्ला पक्का तालाब निवासी अभिनंदन ने बताया कि उन्होंने अपनी पीएचडी इतिहास विषय पर की है। भारत के संपूर्ण क्रांतिकारी आंदोलन का इतिहास एवं शचिंद्रनाथ सन्याल तथा भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में पंडित रामप्रसाद बिस्मिल का योगदान नामक पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी है। तीसरी पुस्तक अशफाक उल्ला खां का स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान शीघ्र ही प्रकाशित होगी। उनके अब तक 12 नेशनल और इंटरनेशनल जनरल प्रकाशित हो चुके हैं, जिनमें कुछ यूजीसी एप्रूव्ड हैं। उन्होंने बताया कि भारत सरकार मासिक फैलोशिप के साथ विदेश में शोध कार्य के लिए जाने का पूरा खर्च भी उठाएगी।

प्रेसवार्ता में जीएफ कॉलेज के पूर्व इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. इफजालुर्रहमान और शहीद अशफाक उल्ला खां के प्रपौत्र शादाब उल्ला खां भी मौजूद रहे। डॉ. अभिनंदन ने अपने गुरु डॉ. इफजालुर्रहमान को सम्मानित किया।

# आदित्य गुप्ता जिलाध्यक्ष मनोनीत

**तिलहर, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के अनुषांगिक संगठन भारतीय श्रमिक कामगार कर्मचारी महासंघ उत्तर प्रदेश की ओर से राष्ट्रीय महासचिव सर्वेश पाठक के नेतृत्व व कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव सेठी व राष्ट्रीय मंत्री डॉ. राम मनोहर पाठक के निर्देशन में रविवार को सभा का आयोजन किया गया। सभा में प्रदेश अध्यक्ष योगेन्द्र गंगवार ने तिलहर निवासी युवा नेता आदित्य गुप्ता को शाहजहांपुर का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष योगेंद्र गंगवार ने उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि हम आशा करते हैं कि आदित्य गुप्ता अपनी जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करेंगे। संयुक्त जिला अध्यक्ष आदित्य गुप्ता के समर्थकों ने मिठाई बांट कर खुशी का इजहार किया। इस दौरान शेर पंडित, संजीव, राज दीपक, सतपाल, विक्रम सिंह आदि रहे।

# 20 मार्च से होगी बेसिक स्कूलों की वार्षिक परीक्षा, 31 को आएगा रिजल्ट

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● दो पालियों में कराई जाएगी कक्षा दो से आठ तक लिखित परीक्षा

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा से संचालित परिषदीय स्कूलों की वार्षिक परीक्षाएं 20 मार्च से शुरू हो रही हैं, जो 27 मार्च तक चलेंगी और 31 मार्च को परीक्षाफल घोषित किया जाएगा। पहले वार्षिक परीक्षाएं 16 से 21 मार्च तक होनी थीं, लेकिन सचिव बेसिक शिक्षा परिषद ने तिथियों में परिवर्तन करते हुए परीक्षा कार्यक्रम संशोधन किया है, जिसके तहत अब वार्षिक परीक्षा 20 मार्च से कराई जाएगी। परीक्षाएं दो पालियों में होंगी।

बीएसए रणवीर सिंह ने बताया कि प्रथम पाली की परीक्षा 9.15 बजे से 11.45 बजे तक और द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर 12.15 से अपरान्ह 2.45 बजे तक होगी। कक्षा एक की परीक्षा अंतिम दिन यानि 27 मार्च को मौखिक रूप से होगी, जबकि 20 मार्च को प्रथम पाली में कक्षा दो की हिंदी, तीन की सामाजिक विषय और कक्षा चार से आठ तक गणित की परीक्षा होगी। द्वितीय पाली में कक्षा तीन से आठ तक कला/संगीत, 21 मार्च को प्रथम पाली में कक्षा तीन से पांच तक कार्यानुभव/नैतिक शिक्षा, कक्षा छह की विज्ञान, कक्षा सात और आठ की हिंदी की परीक्षा होगी। द्वितीय पाली में कक्षा छह से आठ तक पर्यावरण विज्ञान, 22 मार्च को प्रथम पाली में कक्षा तीन में हिंदी, कक्षा चार से आठ तक सामाजिक विषय, द्वितीय पाली में कक्षा दो से आठ तक अंग्रेजी की परीक्षा कराई जाएगी।

इसी प्रकार 23 मार्च को प्रथम पाली में कक्षा दो और तीन की गणित, कक्षा चार से छह तक हिंदी और कक्षा सात एवं आठ में विज्ञान और द्वितीय पाली में कक्षा तीन से आठ तक संस्कृत/उर्दू की परीक्षा कराई जाएगी। अंतिम दिन यानि 27 मार्च को प्रथम पाली में कक्षा दो से पांच तक सभी विषयों की मौखिक परीक्षा और कक्षा छह से आठ तक बेसिक क्राफ्ट/संबंधित कला/कृषि/गृह शिल्प तथा द्वितीय पाली में कक्षा छह से आठ तक खेल एवं शारीरिक शिक्षा/स्काउटिंग की परीक्षा होगी। परीक्षा कार्यक्रम सचिव बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा जारी किया गया है।

# डायट की वरिष्ठ प्रवक्ता का माला पहनाकर किया स्वागत



नवनियुक्त सोनिया गुप्ता का स्वागत करते सदस्य। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में नव नियुक्त वरिष्ठ प्रवक्ता सोनिया गुप्ता ने शनिवार को कार्यभार ग्रहण कर लिया है। स्टाफ के सदस्यों ने उनका फूल मालाएं पहनाकर और पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया।

डायट प्रवक्ताओं के शासन द्वारा 14 मार्च को संस्थान आवंटित किए गए थे। जिसके तहत वरिष्ठ प्रवक्ता सोनिया गुप्ता ने डायट शाहजहांपुर में कार्यभार ग्रहण किया है। स्वागत करने वालों में प्रवक्ता बीएल मौर्य, टीआर गंगवार, राकेश कुमार पटेल, शशांक पांडेय, अतुल कुमार शुक्ला, अजीत कुमार मिश्र, अमित कुमार, वरुणा उपाध्याय, सुभाष चंद्र सिंह, अमन कुमार, अंजनी कुमार भारती, जमाल अख्तर, अरुण श्रीवास्तव, शुभम देवल, दीपक कुमार, मीनाक्षी, स्वाति, जितेंद्र, कमलेश, मोती लाल आदि शामिल रहे।

आवश्यकता है
अमृत विचार बरेली ऑफिस को
● ऑफिस बॉय व हाउसकीपिंग में कार्य करने हेतु लड़कों की
योग्यता :- 8वीं 10वीं पास
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें:-
8476006584, 9518031113
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

घोटाला | कई मोहल्लों में घटिया सामग्री से बनाई जा रही थी इंटरलॉकिंग रोड व नाली, अधिकारियों ने खबर छपने के बाद लिया संज्ञान

# जेई को जांच में मानक विहीन मिलीं इंटरलॉकिंग सड़कें, दिए जाएंगे नोटिस

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार :** नगर के कई मोहल्लों में मानक विहीन सामग्री का इस्तेमाल करके बनाई जा रही इंटरलॉकिंग रोड और नाली निर्माण कार्य के मामले में रविवार को नगर निगम के शाहजहांपुर के जेई मनोज कुमार ने नगर के मोहल्ला कोट, पटवा वार्ड और गांधीनगर में जांच की। जांच में मानक विहीन निर्माण सामग्री लगाने का खुलासा उजागर होने पर जेई ने ठेकेदारों से नोटिस जारी करने की बात कही है। अमृत विचार ने 15 मार्च को इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। जिसके बाद अधिकारियों ने मामले का संज्ञान



मानकों की अनदेखी कर नाली में लगाई जा रही पीली ईंट

लेकर जेई को जांच करने के आदेश दिए थे।

खुटार आदर्श नगर पंचायत में नगर के मोहल्ला देवीस्थान, इंदिरानगर, पटवा वार्ड, कोट, रायटोला, गांधीनगर और पश्चिमी गढ़ी में इंटरलॉक रोड, नाली निर्माण कार्य का काम चल रहा है। नागरिकों का आरोप है कि रोड के दोनों तरफ नाली में मानक विहीन निर्माण सामग्री का इस्तेमाल हो रहा था। जबकि मोहल्ला कोट में इंटरलॉक रोड किनारे बन रही नाली निर्माण में पुरानी ईंट, पीली ईंट लगाई जा रही थी।

मोहल्ले के लोगों ने ठेकेदार पर मानक के अनुरूप निर्माण कार्य करने का आरोप लगाया था। इसकी शिकायत नगर पंचायत प्रशासन से की गई थी। बावजूद इसके जिम्मेदारों ने कोई कार्यवाई नहीं की थी। वहीं नगर के मोहल्ला गांधीनगर में सभासद शराफत के मकान के पास इंटरलॉक सड़क मरम्मत में भी घटिया निर्माण सामग्री का प्रयोग हो रहा था।

ठेकेदार की ओर से नाली की मरम्मत का कार्य भी नहीं कराया गया। यही हाल, मोहल्ला कोट में इंटरलॉक सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है। इसमें भी मानक विहीन सामग्री उपयोग में लाई जा रही है। साथ ही पटवा वार्ड में भी यही हाल है। इसकी शिकायत डीएम और मुख्यमंत्री से की गई थी। अमृत विचार ने इस मुद्दे को उठाया था। उच्चाधिकारियों के आदेश के बाद नगर निगम के जेई मनोज कुमार ने मोहल्ला गांधीनगर, कोट पहुंचे। जहां इंटरलॉकिंग रोड और नाली निर्माण में लगाई जा रही सामग्री की गुणवत्ता को परखा। जांच में रोड और नाली में पीला ईंट, पुरानी ईंट के अलावा अन्य सामग्री मानक विहीन मिली है। जांच करने के बाद जेई ने ठेकेदारों पर नोटिस जारी करके स्पष्टीकरण मांगने का आश्वासन दिया है। इसके अलावा मोहल्ला पटवा वार्ड में निर्माण कार्य बंद मिला है, जिस पर जांच के बाद कार्रवाई होगी।

### नागरिकों ने मुख्यमंत्री से की शिकायत

नगर के मोहल्ला पश्चिमी गढ़ी निवासी जयकिशन गुप्ता के साथ अन्य लोगों ने मुख्यमंत्री व जिलाधिकारी को पत्र भेजकर शिकायत कि नगर के मोहल्ला पटवा वार्ड और अन्य मोहल्लों में इंटरलॉकिंग रोड, नाली का निर्माण कार्य हो रहा है। आरोप है कि निर्माण कार्य में ठेकेदार मानक विहीन निर्माण सामग्री के साथ ही नाली निर्माण में पीली ईंट का प्रयोग कर रहे हैं। नाली की मरम्मत करने के नाम पर सरकारी धन का दुरुपयोग करने के इरादे से कुछ साल पहले बनाई गई इंटरलॉक सड़क को भी खुदवाकर मरम्मत का कार्य शुरू करा दिया गया है। शिकायतकर्ताओं ने जिलाधिकारी और मुख्यमंत्री से कमेटी गठित कर निर्माण कार्य के नाम पर की जा रही धांधली की जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई कराए जाने की मांग की है।

> खुटार में बन रही इंटरलॉकिंग सड़क की जांच करने पहुंचा था। जहां दो सड़कें मोहल्ला कोट और गांधीनगर में मानक विहीन बनती पाई गई है। ठेकेदार को दोबारा से सड़क को उखड़वा कर बनाने को कहा गया है। साथ ही सड़क मानक विहीन बनाने पर संबंधित ठेकेदार के खिलाफ नोटिस जारी किया जाएगा।
>
> – **मनोज कुमार**, जेई नगर निगम शाहजहांपुर







# चेतावनीः दिक्कत से बचने को चुनाव तक ज्यादा नगदी लेकर न चलें

## चुनाव आयोग के निर्देश पर सक्रिय हुईं टीमें, 50 हजार तक की मिलेगी छूट

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** आचार संहिता लागू होते ही लोकसभा चुनाव की तैयारियों जोरो पर शुरु हो गई हैं। व्यापारी, किसान, उद्योगपति हों या आम आदमी। मतदान तक नगदी को लेकर जगह-जगह जांच होगी। ऐसे में मतदान तक कम से कम नगदी लेकर निकलना बेहतर रहेगा। बहुत जरूरी हो और नगदी लेकर जानी भी हो तो उसके साथ उसका प्रूफ भी साथ लेकर चलिए, अन्यथा स्टेटिक सर्विलांस टीम की चेकिंग में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

चुनाव आयोग के निर्देश पर आयकर विभाग ने टीमों का गठन कर दिया है जो अवैध लेन-देन और चुनाव प्रभावित करने वाली नगदी का प्रयोग रोकेंगे। चुनाव के दौरान नगदी के लाने-ले जाने की जांच के मद्देनजर लोग अब सतर्क हो जाएं। जो नगदी साथ रखें, उसकी निकासी और वैध बताने वाले कागजात साथ रखें। किसान हैं तो कृषि मंडी समिति की रसीद रखें।

व्यापारी हैं तो मंडी के लेन देन, शादी के लिए बैंक खाते की रसीद नगदी के साथ रखें। आयकर अधिकारियों के मुताबिक डिजिटल ट्रांजेक्शन का प्रयोग करें तो बेहतर है। चुनाव तारीखों का एलान होते ही आयकर विभाग की इन्वेस्टिगेशन विंग सक्रिय हो गई है। एडीएम प्रशासन संजय कुमार पांडेय ने बताया कि कंट्रोल रूम का गठन किया गया है। जो 24 घंटे काम करेगा। आचार संहिता उल्लंघन में भी कार्रवाई होगी।



### सोशल मीडिया की भी होगी निगरानी

इस बार चुनाव आयोग ने सोशल मीडिया पर होने वाले प्रचार को भी खर्च में शामिल करने का निर्देश दिया है। लोकसभा सीट पर चौथे चरण में होने वाले चुनाव के लिए प्रशासन ने युद्ध स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी हैं। नामांकन की चुनौती को देखते हुए अभी से रूपरेखा तैयार की जा रही है। क्योंकि अधिकांश नामांकन अंतिम समय में होते हैं। ऐसे में नामांकन के लिए प्रत्याशियों का हुजूम उमड़ेगा, इनको नियंत्रित करने के लिए व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। सबसे अधिक नामांकन अंतिम दिन होते हैं।

### 95 लाख से ज्यादा खर्च नहीं कर सकेंगे प्रत्याशी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** चुनाव की रणभेरी बजते ही प्रशासन ने निर्वाचन के लिए कमर कस ली है। आचार संहिता लगने के बाद पार्टियों और प्रत्याशियों द्वारा किए जाने वाले खर्च की निगरानी के लिए विधानसभा क्षेत्रवार टीमें गठित कर दी हैं। इनके अलावा लेखा टीमों को नियुक्त कर दिया गया है। एक प्रत्याशी 95 लाख से ज्यादा खर्च नहीं कर सकेगा।

पेड न्यूज की निगरानी के लिए भी कमेटी गठित कर दी गई है। चुनाव प्रचार और राजनीतिक दलों व प्रत्याशियों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक-एक वीडियो निगरानी टीम लगाई गई है। इस टीम द्वारा रिकार्ड की गई वीडियो के अवलोकन के लिए भी टीमें गठित की गई हैं। ये टीमें कलेक्ट्रेट स्थित कंट्रोल रूम में इन वीडियो का गहनता के साथ अवलोकन करेंगी। इसमें वह प्रत्याशी या पार्टी की ओर से विभिन्न गतिविधियों को देखते हुए उस पर किए गए खर्च का आकलन कर अपनी रिपोर्ट संबंधित लेखा टीम प्रभारी को उपलब्ध कराएंगे। इतना ही नहीं हर विधानसभा क्षेत्र के लिए फ्लाइंग स्क्वॉड भी बनाई गई है। जोकि आठ-आठ घंटे सक्रिय रहते हुए 24 घंटे मुस्तैद रहेंगी। इसके अलावा हर विधानसभा क्षेत्र में स्टेटिक टीमें भी लगाई गई हैं। जोकि विभिन्न स्थानों पर बैरियर लगाकर चेकिंग करेंगी। व्यय के हिसाब-किताब के लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए एक-एक लेखा टीम बनाई गई है। हर टीम का एक प्रभारी भी नियुक्त किया गया है।

> लोक सभा चुनाव में निगरानी के लिए टीमों का गठन कर दिया गया है। 50 हजार से ज्यादा कैश लेकर चलने से परहेज करें। अगर जरूरी काम से ज्यादा कैश लेकर चलना पड़ भी रहा है तो वैद्य दस्तावेज अपने साथ रखें। इसके अलावा अगर किसी के पास से दस लाख से ज्यादा कैश पकड़ा जाएगा तो मामले की जांच आयकर विभाग को सौंपी जाएगी। ज्यादा लेनदेन वाले बैंक खातों पर भी प्रशासन की नजर रहेगी।
>
> **– संजय कुमार पांडेय**, उप चुनाव अधिकारी/एडीएम प्रशासन

# बाइक सवार की मौत मामले में ट्रैक्टर चालक पर रिपोर्ट दर्ज

- पांच मार्च को कुर्रिया कलां के पास हादसे में घायल हुए थे तीन लोग

**कुर्रिया कलां, अमृत विचार:** ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार की मौत के मामले में कांट पुलिस ने मृतक के भाई की तहरीर पर ट्रैक्टर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

हरदोई के पचदेवरा के गांव घसा निवासी रामू ने बताया कि पांच मार्च को वह छोटे भाई राम मोहन व सुमित के साथ कांट के गांव बरनावा में मौसेरे भाई की बरात में शामिल होने आए थे। बरनावा से गांव बिरिया, थाना पचदेवरा, हरदोई के लिए बाइक से रात आठ बजे निकले। वह बाइक चला रहा था। राम मोहन व सुमित अलग बाइक पर थे। कुर्रिया कलां की तरफ तलैया के पास पहुंचे, तभी सामने से एक ट्रैक्टर ने दोनों बाइकों में टक्कर मार दी, जिससे सभी लोग गिर गए। ट्रैक्टर चालक गांव रत्नापुर निवासी प्रेमपाल ने तेजी व लापरवाही पूर्वक ट्रैक्टर राम मोहन के सिर पर से निकाल दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पीड़ित ने बताया कि इस हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया और सुमित को भी चोट लगी। कांट अस्पताल में राम मोहन की मौत हो गई। पीड़ित ने बताया कि उसका प्राइवेट अस्पताल में इलाज हुआ। स्थिति में सुधार होने पर घटना की तहरीर दी। जिस पर कांट पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# ट्रक ने बोलेरो में मारी टक्कर दंपती समेत सात घायल

संवाददाता, बंडा

- बंडा चौराहे पर देर रात हुई घटना श्रद्धालु जा रहे थे पूर्णागिरी दरबार

**अमृत विचार :** मां पूर्णागिरि दरबार जा रहे श्रद्धालुओं से भरी बोलेरो में ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे उसमें सवार दंपती समेत सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस के जरिये घायलों को बंडा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

हरदोई के बेनीगंज के गांव थामा निवासी अरुन(40), उनकी पत्नी गीता(35), पुत्री काजल(17), पुत्री सौम्या(7) व साथी रामू(45) व आरती कनौजिया(22) व राजेश पांडेय(28) के साथ बोलेरो से शनिवार की रात करीब 12 बजे मां पूर्णागिरि दरबार जा रहे थे। कस्बा बंडा में मुख्य चौराहे पर उनकी बोलेरो में बरेली की तरफ से आ रहे हैं, तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बोलेरो क्षतिग्रस्त हो गई। उसमें सवार यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी को बंडा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने सभी को जिला अस्पताल के लिए रेफर किया है। वहीं पुलिस ने ट्रक व बोलेरो को कब्जे में लिया है। जबकि ट्रक चालक मौके से फरार हो गया।

# सड़क हादसों में दो लोग घायल बालक की हालत गंभीर, रेफर

संवाददाता, पुवायां

**अमृत विचार :** अलग-अलग स्थानों पर हुई सड़क दुघटनाओं में बालक समेत दो लोग घायल हो गए। बालक की हालत गंभीर बनी हुई है।

नवाबपुर गंगा गांव में पेट्रोल पंप के निकट अवधेश निवासी गांव मिश्रीपुर थाना सिधौली नल मिस्त्री की बाइक में अचानक दूसरी बाइक ने टक्कर मार दी, जिससे अवधेश गंभीर घायल हो गया। घायल ने बताया कि वह बंडा से नल ठीक करने का काम कर अपने गांव जा रहा था, तभी दुर्घटना में वह घायल हो गया। एंबुलेंस से घायल को पुवायां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे घर भेज दिया। वहीं पुवायां के गांव कटका में विमल(8) को बाइक सवार ने टक्कर मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल बालक को पुवायां सीएचसी से डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## एक नजर

### घर में घुसकर ग्रामीण को चाकू से किया घायल

**जलालाबाद।** क्षेत्र के गांव खंडहर निवासी पंचू ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि शनिवार शाम उनके गांव के ही सुनील, अनिल आदि उनके दरवाजे पर आए और बेवजह गालियां देने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उसके मकान का गेट तोड़ दिया और अंदर घुस आए। हमलावरों ने लाठी-डंडे और चाकू से उस पर हमला बोल दिया। पीड़ित ने बताया कि चाकू सिर में लग गया, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने तहरीर लेने के बाद पीड़ित को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### अज्ञात महिला की ट्रेन से कटकर मौत

**सेहरामऊ दक्षिणी।** क्षेत्र के गांव अकबरपुर के सामने अप लाइन पर शनिवार को एक महिला रेलवे लाइन पार कर रही थी। अचानक ट्रेन की चपेट में आकर कटने से उसकी मौत हो गई। उसके बाएं हाथ में राजू उर्फ रजत गुदा है। महिला की उम्र करीब 44 साल होगी। पुलिस ने महिला के शव का पोस्टमार्टम कराया। शव को मोर्चरी में रखवा दिया है। एसओ रोहित सिंह ने बताया कि शव की शिनाख्त नहीं हो पाई।

### ट्रैक्टर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**कुर्रिया कलां।** कलान के गांव वजीरगंज निवासी कालू ने बताया कि 11 मार्च को शाम करीब 7:30 बजे छोटा भाई कुलदीप कांट से टेंपो में बैठकर गांव डींगुरपुर जा रहा था। रास्ते में ईदगाह के पास मदनापुर से कांट की तरफ लखीमपुर खीरी के मोहम्मदी सराये निवासी हसीब तेज रफ्तार ट्रैक्टर लेकर आ गया। जिसने सामने से टेंपो में टक्कर मार दी। जिससे उसमें बैठा भाई कुलदीप घायल हो गया। भाई की तहरीर पर कांट पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

# चार वारंटियों समेत पांच अपराधी गिरफ्तार, चालान

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** अपराधियों की धरपकड़ को चलाए गए अभियान में अलग-अलग पुलिस की टीमों ने चार वारंटियों समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पकड़े एक शातिर के पास से पुलिस ने तमंचा और कारतूस बरामद किए हैं।

जैतीपुर के एसओ अवधेश कुमार को शनिवार की शाम सूचना मिली कि शातिर अपराधी पप्पू निवासी पिटारई थाना जैतीपुर बिहरिया जाने वाले मार्ग पर खड़ा है। पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके कब्जे से तमंचा व कारतूस बरामद किया है। अभियुक्त पर पहले से नौ मुकदमें विभिन्न धाराओं के दर्ज है। पुलिस ने उसका चालान कर दिया। इधर एसओ अवधेश कुमार ने बताया अभियुक्त जसवंत निवासी ईसापुर उड़या थाना अलापुर जिला बदायूं, नंदराम निवासी भिटारा थाना जैतीपुर व हरद्वारी निवासी खेड़ा रठ थाना जैतीपुर के खिलाफ कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ था। पुलिस ने रविवार सुबह तीनों वारंटियों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। कलान के उप निरीक्षक संजीव कुमार तोमर ने बताया अब्दुल अली निवासी भगवानपुर थाना कलान के खिलाफ कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

### दो वांछित गिरफ्तार

**जलालाबाद।** पुलिस ने नगर के मोहल्ला कानूनगोयान निवासी शिवम गुप्ता को गिरफ्तार किया है। उसने एक चेक हिमांशी गुप्ता को दिया था, जो बाउंस हो गया। जिसका कोर्ट में केस चल रहा है और आरोपी कोर्ट में हाजिर नहीं हो रहा था। इस पर कोर्ट ने उसके खिलाफ गैर जमानती वारंटी जारी किया था। वहीं दूसरी ओर एलमनगर से सेठ पुत्र अमान को गिरफ्तार किया। पुलिस ने दोनों आरोपियों का चालान कर दिया।

# होली को लेकर धार्मिक स्थलों को तिरपाल से ढांकना शुरू

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** शहर में रंग वाले दिन निकलने वाले लाट साहब के जुलूस को लेकर कोई विवाद न हो, इसके लिए धार्मिक स्थलों को तिरपाल से ढकना शुरु कर दिया है। साथ ही रंग वाले दिन धार्मिक स्थलों के आस-पास पुलिस फोर्स तैनात रहेगा। अराजक तत्वों पर पैनी नजर रहेगी और सिविल में भी पुलिस फोर्स तैनात रहेगा।

शहर में होली पर रंग वाले दिन दो जुलूस निकलते है। बड़े लाट साहब का जुलूस चौक कोतवाली क्षेत्र से प्रारंभ होकर बंगले के नीचे समाप्त होता है। इसी प्रकार छोटे लाट साहब का जुलूस रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र से निकलता है। प्रत्येक साल जिस मार्ग से जुलूस निकलता है। उस मार्ग पर पड़ने वाले धार्मिक स्थलों को तिरपाल आदि से ढक दिया जाता है। जिला प्रशासन ने इस साल भी धार्मिक स्थलों को ढकवाना शुरु करवा दिया है। इसके अलावा धार्मिक स्थल के आस-पास बेरीकेडिंग भी करायी जाएगी और प्रत्येक धार्मिक स्थल के आस-पास पुलिस फोर्स तैनात रहेगा। कुछ स्थानों पर रंग वाले दिन से एक दिन पहले बेरीकेडिंग कराई जाएगी। सदर बाजार प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह, चौक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर व रामचंद्र मिशन थाना प्रभारी सीपी शुक्ला ने बताया कि क्षेत्र में धार्मिक स्थलों को ढकवाना शुरु करवा दिया गया है।



अंटा रोड पर तिरपाल से ढकी गई मस्जिद। • अमृत विचार

- जुलूस मार्ग पर लगेंगे कैमरे, ड्रोन कैमरे से होगी निगरानी
- अराजक तत्वों पर रहेगी प्रशासन और पुलिस की पैनी नजर

### सिविल ड्रेस में तैनात रहेगा फोर्स

बड़े लाट साहब और छोटे लाट साहब के निकलने वाले जुलूस के मार्ग पर कुछ स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। दोनों जुलूसों में करीब सौ कैमरे विभिन्न स्थानों पर लगाए जाएंगे। साथ ही जुलूस निकलने से एक दिन पहले ड्रोन कैमरे से निगरानी की जाएगी। दोनों जुलूसों में सिविल ड्रेस में पुलिस फोर्स भी तैनात रहेगा, जो शरारती लोगों पर पैनी नजर रखेगा। इसके अलावा प्रत्येक चौराहे पर पुलिस फोर्स भी तैनात रहेगा।

### इस बार उन्हीं को मिलेगा कार्ड जो चलेंगे जुलूस के साथ

दोनों जुलूसों के लिए सदर बाजार, कोतवाली और रामचंद्र मिशन थाना पुलिस की ओर से स्पेशल पुलिस अधिकारी बनाए जाते है, जो जुलूस में शामिल रहे। लेकिन कुछ लोग स्पेशल पुलिस अधिकारी का कार्ड लेकर जुलूस में शामिल न होकर कार्ड लेकर घर बैठ जाते है। इस बार कार्ड उन्हीं लोगों दिया जाएगा, जो जुलूस के साथ चलेंगे।

### राउंड पर रहेंगे थाना और चौकी प्रभारी

रंग वाले दिन जुलूस समाप्त होने के बाद पुलिस फोर्स तैनात रहेगा। तीनों थाना प्रभारी और चौकी प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र में बराबर राउंड पर रहेंगे। जिस कर्मचारी की डियूटी जहां होगी, वहां से अग्रिम आदेश तक नहीं हटेगा। सीओ और थाना प्रभारी पल-पल की सूचना अधिकारियों को देते रहेंगे। किसी त्योहार में गड़बड़ी करने का प्रयास किया तो बख्शा नहीं जाएगा।

> होली के पर्व को लेकर थाना और पुलिस चौकी में पीस कमेटी की बैठक में लोगों से त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की जा रही है। दोनों जुलूस में पर्याप्त मात्रा में पुलिस फोर्स तैनात रहेगा। धार्मिक स्थलों को ढका जा रहा है। जुलूस वाले मार्ग कैमरे लगाए जाएंगे और ड्रोन कैमरे से निगरानी होगी। शरारती लोगों पर पैनी नजर रखी जाएगी।
>
> **– अशोक कुमार मीणा**, एसपी

# रेत से ओवरलोड डंपर से लगा जाम, फंसे वाहन

संवाददाता, जलालाबाद

**अमृत विचार :** जलालाबाद के मुख्य चौराहे पर रविवार शाम लोगों को जाम के चलते परेशानी से जूझना पड़ा। शाम को लगभग साढ़े 5 बजे तीन रेत से भरे डंपर खंडहर रोड की तरफ मुड़े। मुख्य चौराहे पर बरेली रोड की तरफ पहले से एक बस सवारियों के लिए खड़ी थी। डंपर के खंडहर रोड की तरफ मुड़ते ही सामने से दो अन्य डंपर व रोडवेज की दो बसें आ गईं, जिससे मुख्य चौराहे पर भीषण जाम लग गया।

रमजान और होली के चलते बड़ी संख्या में लोग खरीदारी करने बाजार पहुंचे थे। भीड़ ज्यादा होने के कारण भारी जाम लग गया। रोजा इफ्तार का टाइम होने से रोजेदारों को भी जाम का सामना करना पड़ा।

पुलिस पिकेट होने के बाद भी कोई पुलिसकर्मी मौके पर जाम खुलवाने नहीं आया। जाम खुलवाने को पब्लिक को ही मशक्कत करनी पड़ी। ओवरलोड डंपर की वजह से लगभग 30 मिनट जनता को परेशानी से जूझना पड़ा। कोतवाल हरिपाल सिंह बालियान ने बताया कि सड़क का काम चल रहा है इसलिए कई बार जाम लग जाता है।



चौराहे पर डंपर के चलते लगे जाम में फंसे वाहन। • अमृत विचार

# चार लोगों के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कलान क्षेत्र के गांव बिरिया गरेली निवासी नन्ही देवी ने बताया कि शुक्रवार की रात नौ बजे गांव में ही होली शोक उठाने की रस्म हो रही थी। उसका जेठ करन सिंह भी वहां मौजूद था। आरोपी रामजीत उसके जेठ को गाली देने लगा। विरोध करने पर आरोपियों ने करन को पीटकर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। घटना का कारण पुरानी रंजिश बताया जाता है। पुलिस ने आरोपी रामजीत, रामगोपाल, श्यामदेव, रिषिपाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# बैग से जेवर निकाल फरार हुई महिला पकड़ी, टॉप्स बरामद

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** ई-रिक्शे पर बैग खोलकर जेवर चुराने महिला को घटना के तुरंत बाद पकड़ लिया गया। उसके कब्जे से चोरी के सोने के टॉप्स बरामद हुए है।

निगोही क्षेत्र के गांव हमजापुर निवासी विपिन कुमार ने बताया कि शनिवार की सुबह दस बजे वह अपनी पत्नी के साथ ई-रिक्शे पर बैठकर रिश्तेदारी में जा रहा था। उन्होंने बैग एक स्थान पर रख दिया। साथ में बैठी एक महिला ने बैग की चेन खोलकर उसमें रखे जेवर निकाल लिए और रास्ते में उतर गई थी। इसी बीच उसकी बैग पर निगाह पड़ी तो देखा कि बैग की चेन खुली हुई थी। वह तुरंत ई-रिक्शे से उतरा और महिला को हमजा चौराहे पर पकड़ लिया। आरोपित महिला ने अपना नाम कविता निवासी गांव दियूरिया थाना पुवायां बताया है। इस दौरान लोगों की भीड़ लग गई। वह कह रही थी कि जेवर नहीं चुराए है। वह उसे थाने ले गया। जहां महिला सिपाही के तलाशी लेने पर उसके पास से कान के टॉप्स बरामद हुए है। पुलिस ने आरोपित महिला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर चालान कर दिया।

# वॉल पेंटिंग पर चला ब्रश

संवाददाता, तिलहर

**अमृत विचार :** आचार संहिता लागू होते ही नगर क्षेत्र में नगर पालिका प्रशासन के कर्मचारियों ने होर्डिंग्स उतारे जाने के साथ ही वॉल पेंटिंग पर ब्रश चलाने का काम शुरू कर दिया है।

अधिशासी अधिकारी कल्पना शर्मा के निर्देश पर नगर पालिका प्रशासन के सफाई निरीक्षक राजीव कुमार ने रविवार को नगर क्षेत्र में वॉल पेंटिंग पर गेरुआ रंग पोते जाने का अभियान चलाया। पार्टियों के होर्डिंग को हटाने का काम शनिवार शाम से ही युद्ध स्तर पर शुरू कर दिया गया था। रविवार सुबह से ही नगर पालिका के सफाई निरीक्षक राजीव कुमार, नईम फरीदी टीम के साथ नगर क्षेत्र और नेशनल हाईवे के किनारे दीवारों पर विभिन्न पार्टियों के प्रत्याशियों द्वारा शुभकामनाओं और संभावित प्रत्याशी के तौर पर कराई गई वॉल पेंटिंग पर गेरुआ रंग से पोतते नजर आए।



दीवार पर पुताई करती नगर पालिका की टीम।

लापरवाही

शहर को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने को शुरू हुए थे करोड़ों रुपये के प्रोजेक्ट, नगर निगम कार्यालय भी पड़ा है आधा-अधूरा

# स्मार्ट सिटी की राह में रोड़ा बन रही निर्माण में देरी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- स्मार्ट रोड छह माह के विलंब से भी नहीं बन पाया
- सीवर लाइन का निर्माण दो साल चल रहा लेट

**अमृत विचार :** महानगर में निर्माणाधीन कई प्रोजेक्ट लेट हो रहे हैं। ऐसे में स्मार्ट सिटी की राह लंबी होती जा रही है। स्मार्ट रोड छह माह के विलंब से भी बनकर तैयार नहीं हो सका है। नगर निगम का नया कार्यालय भी अधूरा है। सीवर लाइन डालने को लेकर पूरा शहर परेशान है और सीवर लाइन लगभग दो साल के विलंब के बाद भी नहीं पड़ सकी है। जिसको लेकर लोग परेशान हैं। मल्टीलेवल कार पार्किंग बनकर तैयार हो गई है, लेकिन लोकार्पण के इंतजार में इसका प्रयोग नहीं हो पा रहा है।

नगर निगम की ओर से शहर को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने के लिए करोड़ों रुपये के प्रोजेक्ट शुरू किए गए थे। अब ज्यादातर प्रोजेक्ट के पूरा होने का समय निकल गया है, लेकिन कार्य अब भी अधूरे हैं। चाहे वह स्मार्ट रोड हो या सीवर लाइन आज भी जनता को समर्पित नहीं हो सके हैं। इसके अलावा नगर निगम कार्यालय भवन भी अधूरा है। सुभाषनगर से रिंग रोड तक एक किमी लंबी और 30 मीटर चौड़ी स्मार्ट रोड का निर्माण पीडब्ल्यूडी के माध्यम से कराया जा रहा है। इसके लिए 13.50 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत हुआ था। इसके बाद कहा गया है कि अब निर्माण कार्य गति पकड़ेगा, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। कुछ समय तक अंडरपास के चलते निर्माण रुका रहा और बाद में अंडरपास तोड़ दिया गया था लेकिन निर्माण कार्य अब भी पूरा नहीं हो पाया है। निर्माण पूरा करने की अंतिम तारीख मार्च 2023 थी, जो कब की निकल चुकी है। अब लगभग एक साल का विलंब हो चुका है, इसके बाद भी निर्माण पूरा नहीं हो पा रहा है।



सीवर लाइन डालने के लिए सड़कें खोदी गई हैं, जो इस समय कुछ इस तरह टूटी पड़ी हैं।

### सवा दो सौ करोड़ से बन रहा निगम भवन

न्यू सिटी ककरा में सवा दो सौ करोड़ की लागत से नगर निगम का नया भवन बनाया जा रहा है। जिसको साल 2018 में धनराशि आवंटित की गई थी और निर्माण कार्य 2022 में पूरा होना था, लेकिन यह कार्य भी पूरा नहीं हो सका है। हनुमत धाम पर नगर निगम की ओर से 5.74 करोड़ रुपये की लागत से मल्टीलेवल कार पार्किंग बनवाई गई है। इसका कार्य सितंबर 2022 तक पूरा होना था, लेकिन इसका लोकार्पण अब तक नहीं हो सका है। ऐसे में लोगों के वाहन सड़क पर खड़े होते हैं। जिसके चलते लोगों को भारी परेशानी होती है। इनके अलावा सीवरेज लाइन डलवाने के लिए अटल नवीनीकरण और शहरी रूपांतरण मिशन योजना के तहत 337.91 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया था। जिससे शहर की दोनों नदियों गर्रा व खन्नौत के बीच 186 किमी की सीवर लाइन बिछाई जा रही है। दो साल पहले कार्य पूरा होना था, लेकिन अब तक पूरा नहीं हो सका है। ऐसे में लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

> नगर निगम की ओर से स्मार्ट सिटी मिशन के तहत कराए जा रहे निर्माण कार्यों में अधिकतर पूरे होने वाले हैं। कुछ पूरे हो चुके हैं। सीवर लाइन सहित अधिकांश प्रोजेक्ट का काम अंतिम चरण में चल रहा है।
>
> **– संगीता कुमारी**, सहायक नगर आयुक्त

हर दर्द का इलाज करते हैं
डॉ. रूप किशोर
समय प्रातः 10 से दोपहर 3 बजे तक
गठिया
फालिज
जोड़ों एवं नसों का दर्द
झनझनाहट
सुन्नपन
फातिमा हॉस्पिटल
जगतपुर रोड, बरेली
9267043010

# लगातार चले कई अभियान फिर भी नहीं हो रहा समाधान

## नेशनल हाईवे पर छुट्टा पशुओं ने बनाया बसेरा, आए दिन दुर्घटनाओं में घायल हो रहे लोग, जा रहीं जान

संवाददाता, जमुका/रोजा



जमुका दोराहे के पास बीच सड़क पर खड़े गोवंश। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** छुट्टा घूम रहे पशुओं को पकड़ने के लिए शासन की ओर से अभियान चलाए जाते हैं, फिर भी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। हाईवे से लेकर खेतों तक छुट्टा गोवंशों से लोग परेशान हैं। जिम्मेदार गोवंश को गोशालाओं तक पहुंचाने में कामयाब नहीं हो पा रहे हैं। हाईवे व देहात क्षेत्र की सड़कों पर अचानक से बीचो-बीच सड़क पर पशुओं के आ जाने से दुर्घटनाओं का सबब बन रहे हैं।

छुट्टा घूम रहे पशुओं को पकड़ने के लिए एक नवंबर से 31 दिसंबर 2023 तक अभियान चलाया गया लेकिन जिम्मेदार गोवंश को गोशालाओं तक पहुंचने में कामयाब नहीं हो सके। ब्लॉक भावलखेड़ा के क्षेत्र रोजा से जुड़े गांव जमुही, जमुका, निघोना मकरंदपुर, पैंतापुर, रामापुर बरकतपुर, बिलंदपुर, अहमदनगर, गोरी, बहादुरपुर, सिंगरहा, महोलिया, बरनई, नौगवां आदि दर्जनों गांव के किसान से लेकर राहगीर तक सभी लोग इनसे परेशान हैं। यह फसलों को नुकसान तो पहुंचाते ही हैं, साथ ही साथ यातायात को भी बाधित करते हैं। आए दिन दर्जनों की संख्या में गोवंश जमुका क्षेत्र में देखने को मिल ही जाते हैं। सड़कों पर छुट्टा घूम रहे गोवंश को पकड़ने के लिए चलाया गया अभियान महज रस्म अदायगी भर साबित हो रहा है। पल-पल पर दुर्घटनाओं को दावत दे रहे छुट्टा पशुओं के झुंड को लेकर जिम्मेदार बेपरवाह बने हुए हैं। दिन

- **खेत में खड़ी फसलों को बर्बाद कर रहे गोवंशीय**
- **किसानों ने की गोशाला भिजवाने की मांग**

हो या रात रोजाना हजारों लोग इस मार्ग से गुजरते हैं, भारी वाहन हो या फिर छोटे चौपहिया वाहन, अचानक सामने आते ही झुंड से दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। हाईवे किनारे बसे रोजा, जमुही, जमुका, चकभिटारा, बरतारा, गुर्री

> हमारे क्षेत्र में छुट्टा गोवंशीय पशुओं की समस्या तो काफी है, फिर भी निरंतर पशुओं को पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है। न जाने कहां से इतने गोवंश पशु फिर से आ जाते हैं। जल्द से जल्द समस्या का समाधान करेंगे। **-आनंद कुमार**, प्रधान, जमुका

आदि सहित कई स्थानीय लोगों के अलावा शाहजहांपुर, बरेली, दिल्ली, लखनऊ, सीतापुर सहित कई जिलों और प्रदेश जाने वाले लोग इस हाइवे पर सफर करते हैं 1 लेकिन रास्ते में आवारा पशुओं की चहलकदमी उनके लिए परेशानी का सबब बनी रहती है। रात्रि के समय में आवारा पशुओं का झुंड का झुंड हाईवे के बीचो-बीच बैठ जाते हैं, जिससे दुर्घटना का ज्यादा से ज्यादा भय बना रहता है। कभी हाईवे के बीचो-बीच, कभी दाएं-बाएं झुंड का झुंड बना रहता है, जिससे यातायात भी बाधित होता है।



> छुट्टा गोवंशीय पशुओं की बहुत बड़ी समस्या बनी हुई है, आए दिन दुर्घटनाएं इन गोवंशीय पशुओं की वजह से सुनने को मिल रही हैं, न जाने कब इन पशुओं की समस्या से निजात मिलेगा। किसान भी बहुत परेशान है। **-देवेश कुमार शर्मा**



> हाईवे पर चलना इतना मुश्किल हो रहा है, कि न जाने कब छुट्टा गोवंशीय पशुओं के झुंड में से कोई भी पशु आकर चोटिल कर दे। खेतों की रखवाली भी मुश्किल हो रही है। **-अमरपाल वर्मा**



> छुट्टा पशुओं की समस्या ग्रामीण इलाकों से लेकर शहरी इलाकों तक बनी हुई है, हमारे स्कूल के बच्चे ग्रामीण इलाके से आते हैं तो उन्हें इन पशुओं की वजह से स्कूल आने में भय बना रहता है। **-सरोज कुमार सिंह**, प्रधानाचार्य, जूनियर हाईस्कूल



> गेहूं की फसल तैयार है, उधर छुट्टा पशुओं के झुंडों से सभी काफी भयभीत व परेशान है, फसलों का नुकसान आए दिन कर रहे हैं, न जाने कब इस समस्या से निजात मिलेगी। **-वीर सिंह**

# दिव्यांग संजय को भेंट की व्हीलचेयर



दिव्यांग संजय गुप्ता को व्हीलचेयर देते नीरज वाजपेयी।

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** आदर्श दिव्यांग कल्याण संस्थान के प्रदेश सचिव नीरज वाजपेयी ने मुन्नूगंज फाटक निवासी पैरालिसिस संजय गुप्ता को व्हीलचेयर प्रदान की। नीरज वाजपेयी ने बताया कि संजय गुप्ता का पैरालिसिस के चलते आधा शरीर बेकार हो गया, जिससे वह चलने में असमर्थ हो गए। उनकी समस्या को देखते हुए उन्हें संस्थान की प्रदेश अध्यक्ष मीनाक्षी अग्निवेश और सोनल शर्मा के सहयोग से खिरनीबाग स्थित रामचरण लाल धर्मशाला में व्हीलचेयर प्रदान की गई।

# प्रधान ने जबरन महिला के घर में घुसने का किया प्रयास, रिपोर्ट

संवाददाता, निगोही

**अमृत विचार :** दलित महिला के घर बुरी नियत से घुसने की कोशिश कर रहे प्रधान को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से तमंचा और कारतूस बरामद किए हैं। आरोप है कि घर में घुसने का विरोध करने पर प्रधान ने महिला के साथ मारपीट भी की। महिला की तहरीर पर पुलिस ने विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला के पति की काफी समय पहले मृत्यु हो चुकी है। दूसरे गांव के प्रधान ने उससे नजदीकियां बढ़ाने की कोशिश की। किसी न किसी बहाने वह उससे बात करने की कोशिश करने लगा, लेकिन वह अपने मकसद में कामयाब नहीं हो पाया। आरोप है कि तब फिर वह रविवार सुबह आठ बजे बुरी नियत से तमंचा लेकर महिला के दरवाजे पर पहुंच गया और उसके घर में घुसने की कोशिश करने लगा। विरोध करने पर आरोपी प्रधान ने महिला के साथ मारपीट शुरू कर कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी प्रधान को पकड़ लिया और उसके पास से एक 315 बोर का तमंचा और तीन कारतूस बरामद हुए। पीड़िता ने मामले की तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। वहीं थानाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी प्रधान को पकड़ लिया गया है। उसके पास से एक तमंचा और तीन कारतूस बरामद हुए है। मामले में महिला की तहरीर के आधार पर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# बहू को पीटकर घर से निकाला

**मीरानपुर कटरा, अमृत विचारः** क्षेत्र के गांव रमापुर उत्तरी निवासी शशिबाला ने बताया कि तीन साल पहले उसकी शादी लोकेश गंगवार निवासी डहिया थाना नवाबगंज जिला बरेली के साथ हुई थी। उसके माता-पिता ने शादी में सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया था। दहेज से ससुराल वाले संतुष्ट नहीं थे। ससुराल वालों ने उससे कहा कि मायके से एक कार और दो लाख रुपये मंगाकर दो। शशिबाला के मना करने पर ससुराल वाले नाराज हो गए। आरोप है कि तीन मार्च को ससुराल वालों ने उसे मारा पीटा और घर से निकाल दिया। वह मायके में रह रही है। पुलिस ने आरोपी पति लोकेश गंगवार, हरीश, ईश्वरवती समेत पांच के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# आधे गेहूं खरीद केंद्र भी नहीं हो सके सक्रिय

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



**अमृत विचार :** जिले में दो साल से गेहूं खरीद की स्थिति निराशाजनक होने के बाद भी अभी तक गेहूं खरीद की तैयारी पूरी नहीं हो सकी है। गेहूं खरीद के लिए अभी तक आधे केंद्र भी सक्रिय नहीं हो सके हैं।

जिले में दो सौ केंद्रों पर गेहूं खरीद कागजों में शुरू हो चुकी है। प्रचार-प्रसार कर किसानों को सरकारी केंद्रों पर अपना गेहूं बेचने के लिए प्रोत्साहित भी किया जा रहा है। सरकार ने पिछली बार की अपेक्षा इस बार समर्थन मूल्य में 150 रुपये की वृद्धि कर समर्थन मूल्य 2275 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित कर दिया है। किसानों को बीस रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब के केंद्रों पर फसल की छनाई आदि के देने होते थे। वह भी रुपये किसानों के खाते में वापस आएंगे, लेकिन अभी सरकार को फसल के पकने और उसकी कटाई का इंतजार करना होगा। बताया जा रहा है कि गेहूं अभी तक खेतों में तैयार नहीं है। केंद्रों पर बैनर आदि लगा दिए गए हैं। किसानों के बैठने की व्यवस्था भी कर दी गई है।

### अभी फसल पकने का करना होगा इंतजार

विभागीय अधिकारी और किसानों ने बताया कि तमाम तैयारियों के बाद भी अभी तक आधे गेहूं क्रय केंद्र भी सक्रिय नहीं हो सके हैं। पोर्टल पर अब तक चार हजार छह सौ किसानों ने ही पंजीकरण कराया है। हालांकि अभी तक गेहूं किसी का भी पका नहीं है। यही वजह रही कि अब तक गेहूं सरकारी क्रय केंद्रों के अलावा निजी आढ़त और फ्लोर मिल पर भी नहीं आ सका है।

### बीते वर्ष शुरू से अंत तक रोजा मंडी में सूने पड़े रहे थे केंद्र

जिले में गेहूं खरीद की बीते दो साल से दुर्दशा है। दो साल से लगातार खरीद केंद्र सूने रहते हैं। बीते वर्ष भी यही हुआ था। शुरू से अंत तक रोजा मंडी में केंद्र सूने पड़े रहे थे। एक मार्च से गेहूं खरीद की तैयारी शुरू हो गई थी, लेकिन आढ़तों पर पहली बार गेहूं पहुंचते-पहुंचते 15 मार्च की तारीख हो गई थी। रोजा मंडी में बीते वर्ष भी 27 मार्च से गेहूं खरीद शुरू हुई थी। 31 मार्च तक चार दिन में 38 हजार क्विंटल गेहूं खरीदा गया था। जनपद में रोजा सबसे बड़ी मंडी है। अभी तक प्रदेश सरकार की ओर से एक अप्रैल से गेहूं खरीद की व्यवस्था थी। इस बार भी होली बाद गेहूं खरीद शुरू होने की उम्मीद जताई जा रही है।

### एक माह पूर्व ही कर दी गेहूं खरीद की तैयारी

बीते दो साल की गेहूं खरीद पर नजर डालें तो दो प्रतिशत भी गेहूं की खरीद नहीं हो सकी है। जबकि जिले में इस समय 5 .69 लाख राशन कार्डधारक हैं। इन्हें प्रतिमाह 1 .13 लाख क्विंटल राशन बांटा जाता है। दो साल के भीतर एक लाख क्विंटल से भी कम खरीद हुई। इस तरह दो साल के भीतर 27 .28 लाख क्विंटल राशन की आपूर्ति के लिए सरकार को पंजाब समेत दूसरे प्रांतों से गेहूं मंगाकर वितरित करना पड़ा। इस बार न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी में वृद्धि के साथ ही एक माह पूर्व ही गेहूं खरीद की तैयारी कर दी है। इसके लिए 200 गेहूं क्रय केंद्र बनाए गए हैं।

> गेहूं खरीद को लेकर ज्यादा से ज्यादा किसानों के रजिस्ट्रेशन कराए जा रहे हैं। उम्मीद है कि जल्द ही केंद्रों पर गेहूं पहुंचने लगेगा। **- राकेश मोहन पांडेय**, जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी।

अमृत विचार
Lifelines MEDICAL OF BAREILLY
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
स्वास्थ्य जाँच पैकेज की व्यापक रेंज
जांचों पर विशेष छूट
समस्त प्रकार की खून जांचे उपलब्ध
39-बी, एकता नगर, चाट बाजार के पास, नीरज लाईफ केयर हॉस्पिटल के सामने, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड
बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

यशस्वी क्लीनिक
डॉ. अनिल मिश्रा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
डायबिटीज एवं हृदय रोग विशेषज्ञ
मो. 9896567597
स्वास्थ्य परामर्श
• डेंगू, टायफाइड, मलेरिया का उचित इलाज
• दिल सम्बन्धित बीमारियां
• शुगर, ब्लडप्रेशर, सीने में दर्द
• बुखार, खांसी, सांस सम्बन्धित बीमारियां
• थायराइड, गठिया, खून की कमी
• जिगर, पेट, लीवर, अल्सर, भूख न लगना, वजन घटना, कब्ज, उल्टी एवं दस्त की बीमारी
• दिमागी बुखार, मिर्गी के दौरे, एन्सेफलाइटिस,
• लकवा, स्ट्रोक, सर दर्द, माइग्रेन
• गुर्दे एवं पेशाब की तकलीफ, गुर्दे की पथरी, प्रोस्टेट का बढ़ना, पेशाब में खून आना व जलन।
समयः प्रातः 9:30 से 2:00 बजे एवं सायं 5:00 बजे से 8:00 बजे तक
रविवार को अवकाश रहेगा।
पताः- फैज़ हास्पिटल के सामने बेसमेन्ट में, 100 फुटा रोड, बरेली
सम्पर्क सूत्रः- 7895161674, 7906502059

# हर महीने ध्वस्त की जा रहीं अवैध प्लाटिंग

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** महानगर में अवैध कॉलोनी के खिलाफ प्रशासन की कार्रवाई बीते छह माह से तेज हुई है। प्रशासन ने विभिन्न क्षेत्रों में 35 से ज्यादा अवैध प्लाटिंग बीते छह माह के दौरान ध्वस्त की हैं। कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

महानगर में इस समय 100 से ज्यादा अवैध कॉलोनी ऐसी हैं जो बस चुकी हैं और लगभग इतनी ही बसाई जा रही हैं। हर महीना औसतन छह अवैध कॉलोनी को विनियमित क्षेत्र ध्वस्त कर रहा है। इसके बाद भी कॉलोनाइजर बाज नहीं आ रहे हैं। बीते छह महीने में सिटी मजिस्ट्रेट ने छह से ज्यादा अवैध कॉलोनी को ध्वस्त करवा दिया। यहां के लोगों को मूलभूत सुविधाएं जैसे सड़क, पार्क, पानी निकासी की व्यवस्था, गाड़ी मोड़ने की जगह आदि मिल सके इसके लिए विनियमित क्षेत्र का गठन किया गया है। विनियमित क्षेत्र का कार्य अनियोजित विकास को रोकना होता है ताकि शहर की सुंदरता न बिगड़े। विनियमित क्षेत्र लगातार निगरानी कर रहा है। इसके बाद भी लगातार अवैध कॉलोनी कटती जा रही हैं।

जिनका लेआउट पास होता है और न ही रेरा में पंजीकरण होता है। कई कॉलोनी तो काश्तकारों से बिना पंजीकृत अनुबंध के ही खेती की जमीन पर बसाई जा रही हैं। इन अवैध कॉलोनी में पानी निकासी की उचित व्यवस्था नहीं तो कहीं संकरी सड़कें हैं। बच्चों के खेलने और बुजुर्गों के टहलने के लिए पार्क नहीं हैं। अब अवैध कालोनी में रहने वाले प्रशासन से सुविधाओं की मांग कर रहे हैं जबकि यह कॉलोनाइजर की जिम्मेदारी है।

### घरों के नक्शे नहीं होते पास

प्लॉट खरीदने के बाद जब लोग वहां रहने के लिए मकानों के मानचित्र स्वीकृत कराने जाते तो उन्हें पता चलता है कि ले-आउट नहीं स्वीकृत होने से मानचित्र नहीं पास हो पाएगा। एक बार सड़क, नाली टूटी तो दूसरी बार इन मूलभूत सुविधाओं के मिलने में अवैध का दाग आड़े आना तय है। सिर्फ लेआउट पास न होना ही आखिरी गड़बड़ी नहीं है। बल्कि बड़ी संख्या में रियल एस्टेट कारोबारी तो काश्तकारों से मौखिक अनुबंध पर प्लॉटिंग कर रहे हैं। जैसे-जैसे प्लॉट बिकता है, काश्तकारों को तय रकम देते हैं। ऐसे में बिना जमीन की रजिस्ट्री कराए या पंजीकृत अनुबंध कराए ले-आउट पास हो सकता और न रेरा में पंजीकरण।

- **बीते छह महीने में 35 से ज्यादा कॉलोनी पर चला बुलडोजर**

> अवैध प्लाटिंग के खिलाफ हम लगातार कार्रवाई कर रहे हैं। अगर कहीं से अवैध प्लाटिंग की शिकायत आती है तो कार्रवाई की जाएगी। **- प्रवेंद्र कुमार**, सिटी मजिस्ट्रेट

# धर्मांतरण मामले में हिरासत में लिए चार लोग, पूछताछ के बाद छोड़े

संवाददाता, पुवायां

**अमृत विचार :** धर्मांतरण के संदेह में हिरासत में लिए गए लोगों को पुलिस ने पूछताछ के बाद छोड़ दिया है। जिस मकान में धर्मांतरण की बात चल रही थी, उसके मालिक का कहना है कि बीमार व्यक्ति के लिए स्वास्थ्य प्रार्थना बुलाई गई थी। धर्मांतरण का मामला झूठा है।

नगर के मोहल्ला कमलबाग में दो दिन पहले एक व्यक्ति के मकान के पास कई चार पहिया वाहन एवं बाइकें खड़ी देखी गईं। कुछ जागरूक मोहल्ले वालों को तहकीकात करने पर पता चला कि कुछ गैर समुदाय के लोग यहां पर आकर इकट्ठा होते रहते हैं और एक बैठक कर रहे हैं। यह सूचना हिंदू संगठन के पदाधिकारियों तक पहुंचाई गई। मोहल्ले में कुछ दूरी पर ही विहिप के गोरक्षा इकाई के बड़े पदाधिकारी रहते हैं। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। क्राइम इंस्पेक्टर राकेश कुमार ने पुलिस बल के साथ बताए गए स्थान पर दबिश दी, तो वहां से लोग गायब हो चुके थे।

- **पुलिस को कमलबाग में दो दिन पहले एक मकान में धर्मांतरण की मिली थी सूचना**

पुलिस उस मकान में रहने वालों से जानकारी की, तो उन्होंने अपनी सफाई देते हुए कहा कि मेरे छोटे भाई को कैंसर है और नगर के ही कुछ लोगों के बताए अनुसार उनको स्वास्थ्य प्रार्थना के लिए आमंत्रित किया गया था, यहां धर्मांतरण की बात ही नहीं है। हालांकि पुलिस ने इस संबंध में चार लोगों को हिरासत में भी लिया, फिर उन्हें पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया। वहीं पुलिस का कहना है कि इस मामले में किसी ने भी लिखित शिकायत नहीं की है।

**अनदेखी** नाहिल गांव में 2022-23 में 15 वें वित्त आयोग से कराया था सौंदर्यीकरण, नहीं ले रहा कोई सुधि

# नाम का अमृत सरोवर, पानी का नामोनिशान नहीं

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



नाहिल गांव में सूखा पड़ा अमृत सरोवर। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** गांव-गांव अमृत सरोवर बनाए गए थे लेकिन ज्यादातर अमृत सरोवर सूखे पड़े हैं। इनमें पानी नजर नहीं आ रहा है। गर्मी की शुरूआत हो चुकी है, लेकिन इन अमृत सरोवरों की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। सबसे बड़ी बात तो यह है कि इन सरोवरों में ज्यादातर आधे-अधूरे स्तर पर बनाकर छोड़ दिए गए हैं।

पुवायां तहसील क्षेत्र का गांव नाहिल जो कभी रजबाड़ा हुआ करता था। यह सबसे बड़ी ग्राम पंचायत है। पुवायां से सात किलोमीटर की दूरी पर स्थित नाहिल गांव में घुसते ही सड़क किनारे बड़ा सा तालाब दिखेगा। इसे अमृत सरोवर का नाम दिया गया और 15 वें वित्त आयोग से इसका सौंदर्यीकरण वर्ष 2022-23 में कराया गया। तालाब के चारों ओर सीमेंटेड ईंट बिछाकर पथ वे बनाया और तालाब में जाने के लिए सीढ़ियां बनाई गई और किनारे लोहे की ग्रिल लगाई गई। तालाब के सौंदर्यीकरण का उद्देश्य तालाब में पानी के साथ ही आसपास स्वच्छ वातारण हो जहां सुबह-सुबह लोग प्रकृति का आनंद लेते हुए तालाब के किनारे टहल सके लेकिन अब यह अमृत सरोवर सूखा पड़ा है। पानी न होने से पशु-पक्षियों की प्यास का भी संकट है। पथ-वे की ईंटे भी उखड़ने लगी हैं। जिम्मेदार इस ओर से पल्ला झाड़ रहे हैं।

- **ज्यादातर अधूरे छोड़ दिए, पशु पक्षियों के पीने को पानी ही नहीं**

### दीवारों में पड़ गईं दरारे

रोजा के गांव अहमदपुर निवाजपुर में करीब ढाई वर्ष पहले तालाब का सौंदर्यीकरण कराते हुए अमृत सरोवर का नाम दिया गया और अमृत सरोवर के मेन गेट पर ग्रेनाइट पत्थर लगवाया व सेल्फी प्वाइंट बनाया गया लेकिन अब ग्रेनाइट पत्थर गायब हो चुका है और सेल्फी प्वाइंट की लोहे की पट्टियां भी उखाड़ी जा चुकी हैं। दीवारों पर भी दरारें पड़ गई हैं।

> तालाब में पानी के लिए कोई स्रोत बनाने की कोई योजना थी। बरसात या नदी के पानी को स्टोर करने की व्यवस्था के तहत अमृत सरोवर का सौंदर्यीकरण कराया गया। गर्मी में तालाब में पानी भरने की व्यवस्था ग्राम पंचायतों के जरिये कराई जाएगी। **- बाल गोविंद शुक्ला**, डीसी मनरेगा

# पांच लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** चौक कोतवाली के मोहल्ला वाला तिराही निवासी इमरान ने बताया कि सनोवर जहां निवासी वाला तिराही से एक प्लाट खरीदने को 17 लाख रुपये का इकरारनामा स्टांप पेपर पर किया था। उन्होंने एक लाख अग्रिम धनराशि दिए और बाद में सात लाख रुपये दिया था। बाकी रुपये बैनामा के समय देने का तय हुआ था। इमरान को बाद में पता चला कि जिस प्लाट का बैनामा तय हुआ था, वह प्लाट आरोपी सनोवर जहां ने गुंजन गुप्ता निवासी सरायकाइया थाना रामचंद्र मिशन को पहले ही बेच दिया था। पीड़ित ने आरोपियों से एक माह पहले अपना रुपया वापस मांगा तो आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि एसपी के आदेश पर सनोवर जहां, मोहम्मद अजीम, मोहम्मद यासीन समेत पांच के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## किशोरी को किया अगवा

**शाहजहांपुर।** चौक कोतवाली के एक मोहल्ला के व्यक्ति ने बताया कि 15 मार्च की दोपहर एक बजे उसकी 17 वर्षीया पुत्री रिश्ते में दादी की चाय की दुकान पर मेडिकल कॉलेज के गेट पर गई थी। शाम तक घर वापस नहीं आई तो उसको तलाश किया गया। उनको बाद में पता चला कि हरदोई का निखिल उसे अगवा कर ले गया है। आरोपी मोहल्ले में एक व्यक्ति के घर आता जाता था। निखिल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

## बालिका की गुमशुदगी दर्ज

**शाहजहांपुर।** तिलहर थाना क्षेत्र के गांव रतूली निवासी बाबूराम ने बताया कि 14 मार्च की शाम सात बजे उसकी 12 वर्षीया पुत्री चांदनी नाराज होकर घर से कहीं चली गई है। उन्होंने उसे रिश्तेदारी में तलाश किया लेकिन पता नहीं चला। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली है।

# मजदूरी मांगने पर युवक को पीटकर मार डाला

## कुछ साल पहले राजदुलार को मजदूरी कराने के लिए पंजाब ले गया था ठेकेदार

संवाददाता, उधैती



युवक की हत्या के बाद मौके पर पहुंची पुलिस और परिजन। ● अमृत विचार



हत्या के बाद मौके पर पहुंचकर जानकारी लेते एसपी देहात राम मोहन सिंह।

**अमृत विचार :** थाना उधैती क्षेत्र के एक गांव में मजदूरी के 15 हजार रुपये मांगने पर युवक की लाठी-डंडों से पीटकर हत्या कर दी गई। रविवार को युवक का शव गांव के पास खेत में पड़ा मिला। उसके शरीर पर चोट के निशान थे। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। इसमें पीट-पीटकर हत्या करने की पुष्टि हुई है। मृतक के भाई की तहरीर पर चार आरोपियों के खिलाफ हत्या समेत विभिन्न आरोपों में रिपोर्ट दर्ज की है। दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया गया है।



मृतक राजदुलार।

गांव ऐपुरा निवासी राजदुलार (40) पुत्र बंशी हिमाचल प्रदेश के जिला हमीरपुर में रहकर मजदूरी करके अपने परिवार का पालन पोषण करते थे। साथ में उनकी पत्नी अनीता और तीन बच्चे अमरजीत, मोहिनी, नंदनी रहते थे। अपने खेत के आलू बेचने के लिए 11 मार्च को वह अकेले वापस गांव आए थे। शुक्रवार को वह आलू बेचने के लिए संजय का ट्रैक्टर-ट्राली लेकर चंदौसी गए। रात को वहीं रुकने के बाद शनिवार को वापस लौटे थे। शाम को वह शराब पीकर घर पहुंचे। अपने गेट के बाहर बैठे थे। राजदुलार के भाई चंद्रकेश की पत्नी सरोज के अनुसार राजदुलार ने अपने घर के सामने रहने वाले रामपाल से मजदूरी के 15 हजार रुपये मांगे। रामपाल ने गाली गलौज की और उनके बेटा राजेश, हरज्ञान और गांव निवासी विजय पाल पुत्र नवल किशोर ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। गांव के लोगों ने बीच बचाव करा दिया था। सरोज, राजदुलार को घर पर बुलाकर ले गई। एक कमरे में सुला दिया।

- ठेकेदार ने नहीं दिए 15 हजार रुपये, चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज
- दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार, अन्य दो की तलाश में जुटी पुलिस

रविवार सुबह किसी ने राजदुलार के परिजनों को सूचना दी कि शफी के खेत में राजदुलार का शव पड़ा है। परिजन मौके पर पहुंचे। राजदुलार के शरीर पर जगह-जगह चोट के निशान थे। मुंह से खून निकल रहा था। परिजनों की सूचना पर पुलिस पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जहां सरोज ने बताया कि रामपाल राजदुलार को मजदूरी के लिए पंजाब के जिला होशियारपुर ले गया था। जहां रामपाल पर मजदूरी के 15 हजार रुपये आ रहे थे। कई बार मांगने के बाद भी उसने रुपये नहीं दिए। जिसके बाद राजदुलार हिमाचल प्रदेश में मजदूरी करने लगे थे। मृतक के भाई चंद्रकेश की तहरीर पर रामपाल, राजेश, हरज्ञान ओर विजय पाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। पुलिस ने आरोपी रामपाल और विजय पाल को गिरफ्तार किया है।

> खेत पर युवक का शव मिला था। शरीर पर चोट के निशान थे। मृतक के भाई की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। दो आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। शेष दो को भी जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।
> – राममोहन सिंह, एसपी देहात।

# अपर जिला सूचना अधिकारी बने बाबूराम

**शाहजहांपुर।** एक माह से जनपद में रिक्त चल रहे अपर जिला सूचना अधिकारी के पद पर शासन ने तैनाती कर दी है।

बदायूं में तैनात अपर जिला सूचना अधिकारी बाबूराम को शाहजहांपुर का नया एडीआईओ बनाया गया है। उन्होंने कार्यभार ग्रहण कर लिया है। बता दें लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने के बाद सूचना विभाग का कामकाज बढ़ जाता है। जिसके दृष्टिगत अपर जिला सूचना अधिकारी की तैनाती कर दी गई है। सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार ने बताया कि सूचना अधिकारी के आने से सूचना विभाग के कार्यों को रफ्तार मिलेगी।

# वरुण अर्जुन कॉलेज के शिविर में सात में निकला मोतियाबिंद

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- चयनित मरीजों का नि:शुल्क कराया जाएगा ऑपरेशन

**अमृत विचार:** वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा की ओर से रविवार को ददरौल ब्लॉक के गांव टिकरी कंपोजिट विद्यालय में निःशुल्क नेत्र रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग एवं सामान्य रोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 83 मरीजों ने पंजीकरण कराया और जांच के बाद 7 मरीजों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया।

मरीजों को कॉलेज की बस से वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल लाया गया। जहां निःशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। लेंस, ऑपरेशन, दवाइयां एवं खाने की सुविधा निशुल्क उपलब्ध है। शिविर में आई ड्रॉप व दवाइयां वितरित की गई। इस मौके पर चिकित्सकों ने लोगों को नियमित नेत्र परीक्षण के लिए जागरूक किया। नेत्र रोग विभाग में उपलब्ध सुविधा काला मोतियाबिंद की जांच व इलाज, कार्निया की बीमारी का इलाज, आंख के पर्दे की जांच व इलाज, मोतियाबिंद का ऑपरेशन चीरे विधि और फेको विधि से, भेंगापन, नासूर, नाखूना आदि का इलाज व ऑपरेशन की सुविधा, कंप्यूटर से चश्मे के नंबर व प्रमाणीकरण और जांच की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल में परिवार स्वास्थ्य कार्ड की सुविधा मात्र 200 रुपये में उपलब्ध है जोकि एक वर्ष के लिए मान्य है। कैंप में मेडिकल कॉलेज के नेत्र रोग विभाग के चिकित्सक डॉ. शुभांगी सिंह, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की डॉ. के नंदिनी, सामान्य रोग विभाग के डॉ. अंजनी नायडू, टेक्नीशियन तृप्ति गुप्ता, वसुधा यादव पैरामेडिकल स्टाफ व मेडिकल कॉलेज के पीआरओ मोहित थापा मौजूद रहे।



मरीज की जांच करतीं महिला चिकित्सक। ● अमृत विचार

# मुकदमे की पैरवी करने जा रहे वृद्ध से मारपीट व लूट

बदायूं कार्यालय

- पीड़ित के शिकायत करने पर पुलिस पर धमकाने का आरोप
- कोर्ट की शरण में गया पीड़ित तो पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट

**अमृत विचार :** मुकदमा में पैरवी करने जा रहे एक वृद्ध को दूसरे पक्ष के पांच लोगों ने घेरा और हमला किया। अधिवक्ता को देने जा रहे 1100 रुपये लूट लिए। शिकायत करने पर पुलिस ने उन्हें भगा दिया। रिपोर्ट दर्ज करके उन्हें और उनके बेटे को जेल भेजने की धमकी दी। पीड़ित कोर्ट की शरण में गया। कोर्ट के आदेश पर पांच आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके पुलिस ने जांच शुरू की है।

बिसौली कोतवाली क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर मई निवासी नत्थू लाल पुत्र श्याम लाल ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वह वृद्ध, कमजोर और सांस के रोगी हैं। उनके सौतेले हिस्ट्रीशीटर भाई हरपाल, मुन्नालाल उन्हें मारने की फिराक में लगे रहते हैं। उनके और सौतेले भाइयों के बीच डकैती कोर्ट में मुकदमा चल रहा है। 16 जनवरी को नत्थू लाल मुकदमा में पैरवी करने के लिए बदायूं के लिए घर से निकले थे। सुबह 9 बजे गांव बसई मार्ग पर हरपाल, मुन्नालाल, भगवान सिंह उर्फ नन्हें पुत्र हरपाल, सुमित व देवेंद्र उर्फ पोटा पुत्र मुन्नालाल ने उन्हें जमीन पर गिराकर हमला कर दिया। आरोप है कि उनकी जेब में रखे 1100 रुपये लूट लिए। शोर मचने पर सभी धमकी देकर भाग गए। शिकायत करने के बाद भी बिसौली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज नहीं की। उन्हें धमका कर भगा दिया गया। पुलिसकर्मी ने कहा कि बाइक से गिर गया और झूठी तहरीर लेकर आ गया।अब कोर्ट के आदेश पर आरोपी हरपाल, मुन्नालाल, भगवान सिंह उर्फ नन्हें, सुमित, देवेंद्र के खिलाफ कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

# हादसे में सिर के बल गिरी महिला, मौके पर दम तोड़ा

संवाददाता, ओरछी

**अमृत विचार :** किसी वाहन ने मुरादाबाद-फर्रुखाबाद राजमार्ग पर बाइक सवार दंपती को टक्कर मार दी। बाइक सवार महिला की मौके पर मौत हो गई और उनके पति घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा है।

बिसौली कोतवाली क्षेत्र के गांव गुलड़िया निवासी सुधीर शर्मा रविवार को अपनी पत्नी माया देवी (50) को दवा दिलाने के लिए बाइक पर बैठाकर चंदौसी के निजी अस्पताल जा रहे थे। मुरादाबाद-फर्रुखाबाद राजमार्ग पर थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र में मुड़िया धुरेकी के पास किसी वाहन ने उनके बाइक को टक्कर मार दी। माया देवी बाइक से उछलीं और सिर के बल राजमार्ग पर गिर गईं। सिर में चोट लगने की वजह से उनकी मौके पर ही मौत हो गई और सुधीर शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद राहगीरों की भीड़ जमा हो गई।

# नशा दे युवक का गुप्तांग काटने और बंधक बनाने का आरोप

संवाददाता, बीसलपुर

- बीसलपुर के दो किन्नरों समेत पांच के खिलाफ दी तहरीर मची खलबली
- कोतवाली बीसलपुर पुलिस की शुरुआती जांच में आरोप निकले झूठे

**अमृत विचार:** घरेलू सामान की खरीदारी करने गए युवक को दो किन्नर अपने अज्ञात साथियों संग मिलकर अपने घर ले गए। आरोप है कि नशीला पदार्थ देकर युवक का गुप्तांग काट दिया। पांच दिन तक बंधक बनाकर रखा। पुलिस ने दोनों किन्नरों से पूछताछ की। फिलहाल जांच के बाद पुलिस ने तहरीर में लगाए आरोप झूठे बताए हैं।

बरखेड़ा क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका भाई 12 मार्च की शाम चार बजे बीसलपुर में मीना बाजार के पास घरेलू सामान की खरीदारी करने गया था। इस बीच दो किन्नर अपने तीन साथियों संग उसके भाई को जबरन पकड़कर एक किन्नर के घर ले गए। इसके बाद नशा देकर उसका गुप्तांग काट दिया। इतना ही नहीं उसके बाद पांच दिन तक बंधक बनाकर रखा। भाई की तबीयत भी बिगड़ती चली गई। 17 मार्च की सुबह पांच बजे कार में डालकर भाई को भैंसहा ईंट भट्ठे के पास छोड़ गए। युवक को बरखेड़ा सीएचसी भर्ती कराया गया। मामला संज्ञान में आने पर कोतवाली पुलिस ने जांच की लेकिन मामला संदिग्ध निकला। कोतवाल अशोक पाल ने बताया कि जिन पर आरोप लगाए गए हैं उसमें एक किन्नर शुगर रोग जबकि दूसरा लीवर रोग से पीड़ित है। उनसे भी पूछताछ की गई है, दोनों चार माह से बीमार बता रहे हैं। प्रारंभिक जांच में आरोप गलत पाए गए हैं। किन्नरों का हल्का हड़पने को लेकर विवाद है। इसी में झूठे आरोप लगाए गए हैं। उधर, युवक का इलाज करने वाले बरखेड़ा सीएचसी के डॉ. प्रवेश कुमार का कहना है कि जिस तरह के आरोप लगाए गए हैं। वैसा फिलहाल कुछ भी नहीं प्रतीत हुआ है। संबंधित व्यक्ति पहले से ट्रांसजेंडर है। प्रारंभिक तौर पर फीमेल ट्रांसजेंडर प्रतीत हो रहा है। इसका अगर मेडिकल कराते हैं तो वह भी पैनल से ही होगा। जिसमें एक्सपर्ट शामिल रहेंगे। दर्द का इंजेक्शन लगाया गया और फिर उसे परिजन साथ ले गए।

## बच्चों के विवाद में महिला के हाथ की उंगली तोड़ी

**बदायूं, अमृत विचार :** सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के गांव पड़ौआ निवासी राजकुमारी ने क्षेत्र के दंपती के खिलाफ मारपीट और धमकाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर उन्होंने बताया कि 25 फरवरी शाम लगभग साढ़े छह बजे उनके और पड़ोसी के बच्चों में झगड़ा हो गया था। बच्चों ने अपने घर में शिकायत की तो जिसको लेकर पड़ोसी बच्चे की मां प्रीति आ गई और गाली-गलौज करने लगी। अपने पति देवेश को भी उसके घर बुला लिया। देवेश ने राजकुमारी को डंडे से पीटा जिससे उसके हाथ की उंगली टूट गई। दंपति ने उसे इतना मारा कि वह बेहोश होकर जमीन पर गिर गईं। आरोपी मौके से चले गए। महिला के पति अवधेश ने उनका इलाज कराया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## कमरे से कूलर समेत घरेलू सामान चोरी

**जलालाबाद, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव डोलापुर निवासी वागेश ने बताया कि वह और उनके पिताजी फसलों की रखवाली के लिए रात में खेत पर रहते हैं। उनके घर की छत पर एक कमरा है, उस पर उन्होंने टीनशेड डाल रखा है। जिसमें रखी उनकी सात धन्नी, पुरानी साइकिल, एक भट्ठी एवं बैटरी वाला कूलर चोर पीछे के रास्ते से चोरी कर ले गए। जिसकी सूचना उन्होंने पुलिस को दी, बाद में थाने में शिकायत कर कार्रवाई की मांग की।

सुपर स्पेशलिटी विभाग
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल
N.H.-24 बंथरा, शाहजहाँपुर द्वारा संचालित
पीडियाट्रिक सर्जरी एवं प्लास्टिक सर्जरी ओ.पी.डी.
अब शाहजहाँपुर में
हमारे विशेषज्ञ पीडियाट्रिक एवं प्लास्टिक सर्जन प्रत्येक दिन OPD में उपलब्ध रहेंगे।
समय- प्रातः 9:00 बजे से सायं 3:00 बजे तक
स्थान: पीडियाट्रिक सर्जरी ओ.पी.डी. कमरा नं. 202, प्लास्टिक सर्जरी ओ.पी.डी. कमरा नं. 172 } रोहिलखण्ड अस्पताल, बंथरा
परामर्श शुल्क पर 80% की छूट ₹1000 ₹200
24 घण्टे उपलब्ध सविधायें
दूरबीन विधि द्वारा आपरेशन की सुविधा उपलब्ध
MRI, C.T. Scan एवं I.C.U. की सुविधा उपलब्ध
पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग से संबंधित बीमारियों के लक्षण :
हर्निया, हाईड्रोसिल, अंडकोष का सही स्थान पर न होना, अपेंडिक्स, शरीर व पेट में गांठे, जीव का तालु से चिपका होना, गर्दन के सुराग से पानी आना, गर्दन में को सूजन/गांठ, नाभी से खून आना, पानी आना, मल आना, नाभी का फूल जाना व गांठ होना, पेट की समस्या, लम्बे समय से पेट में दर्द या अचानक दर्द, पेट का बार-बार फूलना व अचानक फूलना, बार-बार उल्टी होना, जन्मजात मलद्वार का नहीं होना, मलद्वार सामान्य जगह पर नहीं होना या छोटा होना, मल में खून आना, मलद्वार में खून आना, मलद्वार की गांठ, मलद्वार बाहर निकलना, बच्चों की स्तन की गांठ, लड़कों के स्तन का असामान्य बड़ा होना, लिंग का तिरछापन, लिंग की खाल न खुलना, पेशाब के छेद का सामान्य स्थान पर न होना, पेशाब में बार-बार संक्रमण होना, गुर्दे में पानी भर जाना, सर में पानी भर जाना, रीड की हड्डी पर गांठ।
प्लास्टिक सर्जरी विभाग से संबंधित बीमारियों के लक्षण :
- जन्मजात कटे-फटे होठ, तालू, मुँह व पैदाइशी निशानों की सर्जरी।
- जबड़े की हड्डियों के फ्रैक्चर व चेहरे की फटी चमड़ी की सर्जरी।
- जन्मजात विकृत जननांग व विकृत सिर की सर्जरी।
- जन्मजात कान, नाक का टेढ़ापन, चिपका या विकृत होने की सर्जरी।
- जन्मजात हाथों व पैरों की चिपकी उंगुलियों व पंजों की सर्जरी।
- जलने या दुर्घटना में फटे-कटे नाक, कान, होठ व कैंसर इलाज के घाव की सर्जरी।
- दुर्घटना में जलने व चोट के सभी प्रकार के निशानों की सर्जरी।
- स्तन, चेहरे व चमड़ी के कैंसर मुक्त टिशू की सर्जरी।
- चेहरे के दाग धब्बों आदि की कास्मेटिक सर्जरी।
- बिना दाग धब्बों के शरीर की किसी प्रकार की रसौली की सर्जरी।
- आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत कार्ड धारकों के लिए भर्ती होने पर निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- पं. दीन दयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना के अन्तर्गत मुफ्त इलाज की सुविधा।
- परिवार स्वास्थ्य कार्ड की सुविधा 200 में 1 वर्ष के लिए मान्य।
- ईसीएचएस एवं रेलवे के अंतर्गत कैशलेस इलाज की सुविधा उपलब्ध।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :- Mob. 7521001988, 7521001989

सुपर स्पेशलिटी विभाग
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल
N.H.-24 बंथरा, शाहजहाँपुर द्वारा संचालित
यूरो सर्जरी एवं न्यूरो सर्जरी ओ.पी.डी.
अब शाहजहाँपुर में
हमारे विशेषज्ञ यूरो सर्जन एवं न्यूरो सर्जन प्रत्येक दिन OPD में उपलब्ध रहेंगे।
समय- प्रातः 9:00 बजे से सायं 3:00 बजे तक
स्थान: यूरोलॉजी सर्जरी ओ.पी.डी. कमरा नं. 173, न्यूरो सर्जरी ओ.पी.डी. कमरा नं. 182 } रोहिलखण्ड अस्पताल, बंथरा
परामर्श शुल्क पर 80% की छूट ₹1000 ₹200
24 घण्टे उपलब्ध सविधायें
दूरबीन विधि द्वारा आपरेशन की सुविधा उपलब्ध
यूरोलॉजी विभाग में सम्बन्धित बीमारियों के लक्षण :
- गुर्दे व गुर्दे की नली में पथरी।
- पेशाब की थैली में पथरी।
- पेशाब रुक-रुक कर आना।
- पेशाब का बार-बार आना।
- पेशाब में खून व पस आना।
- पेशाब दूधिया आना।
- पेशाब की नली में रुकावट होना।
- किडनी का कैंसर।
- पेशाब की थैली का कैंसर।
- Erectile disfunction (लिंग का ढीलापन) आदि का समुचित उपचार
न्यूरो सर्जरी विभाग से सम्बन्धित बीमारियों के लक्षण :
सिर व दिमाग की चोट, ब्रेन हैमरेज, ब्रेन ट्यूमर, स्ट्रोक, लकवा, माइग्रेन, दिमागी बुखार, दिमागी टी.बी., मिर्गी के दौरे, रीढ़ की हड्डी में दर्द अथवा टी.बी. स्लिप डिस्क, सियाटिका, दिमाग में पानी या खून का थक्का जमना, कमर व गर्दन में दर्द, चलने में लड़खड़ाहट इत्यादि। टाँग या पैर व त्वचा का सुन्न होना, कमर की नस दबना, टांगो में कमजोरी महसूस होना, कमर में दर्द होना, दर्द का बैठने या खाँसने पर गम्भीर होना इत्यादि रोगों का समुचित परामर्श एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध।
ब्रेन ट्यूमर के लक्षण :-
1. कान से कम सुना देना, आँख की रोशनी कम होना।
2. सर में दर्द, विशेष रूप से सुबह के समय होने वाला दर्द।
3. बार-बार उल्टी आना, मिर्गी आना, शरीर में कमजोरी आना व व्यवहार में परिवर्तन आदि।
- आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत कार्ड धारकों के लिए भर्ती होने पर निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- पं. दीन दयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना के अन्तर्गत मुफ्त इलाज की सुविधा।
- परिवार स्वास्थ्य कार्ड की सुविधा 200 में 1 वर्ष के लिए मान्य।
- ईसीएचएस एवं रेलवे के अंतर्गत कैशलेस इलाज की सुविधा उपलब्ध।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :- 7521001988, 7521001989

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

## 14 वर्ष के बच्चों से निर्वाचन का काम लिया तो होगी कार्रवाई

**बदायूं, अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता लग चुकी है। डीएम ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की।

जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि किसी भी प्राइवेट भवन स्वामी की सहमति उपरांत ही झंडा, कटआउट, सिंबल को लगाए। न ही किसी भी आयोजन में 14 वर्ष से आयु तक बच्चों का सहयोग लिया जाए। नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई होगी। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ वैभव शर्मा ने चुनाव संबंधी तैयारियों पर विस्तार से जानकारी दी। अपर जिला अधिकारी प्रशासन रेनू सिंह ने बताया कि सूचनाओं के आदान-प्रदान व बेहतर समन्वय के लिए राजनैतिक दलों के लिए एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया गया है।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

# छोटे से टब में शुरू की मशरूम की पैदावार अब एक सीजन में कमाई एक लाख पार

## सोनी ने समूह की महिलाओं का भी भविष्य संवारा, दो साल पहले की थी शुरुआत

पीलीभीत कार्यालय

**अमृत विचार:** जनपद के छोटे से गांव में रहने वाली सोनी का छोटा सा प्रयास आज एक बड़ी उपलब्धि बन चुका है। सोनी के संकल्प से सिद्धि तक पहुंचने की कहानी गांव की महिलाओं के लिए मिसाल है। दरअसल सोनी ने बटन मशरूम उगाकर अपनी किस्मत बदली और संवारी है। अब सोनी मशरूम का उत्पादन कर एक सीजन में एक लाख से अधिक की कमाई कर रही है। अगले सीजन में उन्होंने बड़े स्तर पर मशरूम उत्पादन करने की तैयारी भी शुरू कर दी है।

मरौरी ब्लॉक के गांव सैजनी वनकटी निवासी सोनी की आत्मनिर्भर बनने की कहानी चार साल पहले शुरू हुई थी। शादी के बाद खुद को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लेकर उन्होंने सबसे पहले सिलाई-कढ़ाई का प्रशिक्षण लिया।

प्रशिक्षण पूरा होने के बाद गांव में ही सिलाई का सेंटर खोलकर खुद को आत्मनिर्भर बनाने के साथ अन्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की शुरुआत की। इस बीच कुछ बड़ा करने की चाहत में उन्होंने एक बार फिर घर की देहरी लांघ शहर का रुख किया। वर्ष 2021 में सोनी ने आरसेटी (ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान) में मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण लिया।



उगाई जा रही मशरूम की फसल (फाइल फोटो)

● समूह से जुड़ीं अन्य 10 महिलाओं को भी बनाया आत्मनिर्भर

विकास भवन स्थित गो उत्पाद बिक्री केंद्र में अपनी निःशुल्क सेवाएं देने वाली सोनी के मुताबिक उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद प्रयोग के तौर घर में ही छोटे-छोटे प्लास्टिक के टबों में मशरूम उगाने की शुरुआत की। उनकी लगन और मेहनत रंग लाई। सभी टबों में जमकर बटन मशरूम उगा।



अगले सीजन में पांच लाख की लागत से बड़े स्तर पर खेत में मशरूम उगाने की तैयारी शुरू कर दी है। बिक्री की व्यवस्था भी स्वयं ही करेंगे। इस प्रयास से गांव की अन्य महिलाएं भी आत्मनिर्भर बन रही हैं। इसका कईयों को लाभ मिल रहा है। – **सोनी**, अध्यक्ष विकास स्वयं सहायता समूह

इस मशरूम को एक-दो महीने तक घर के अलावा कई ग्रामीणों ने भी खाया और उनकी हौसला अफजाई की। वर्ष 2022 में सोनी ने महिला स्वयं सहायता समूह की अन्य सदस्यों के साथ जुड़कर 25 हजार की लागत से घर के एक कमरे में ही मशरूम उगाया। करीब चार माह की मेहनत के बाद अच्छी पैदावार हुई। इस सीजन में उन्हें लागत निकालकर 15-20 हजार रुपए का ही लाभ हुआ। वर्ष 2023 अक्टूबर में उन्होंने दायरा बढ़ाते हुए घर के अंदर ही पुनः मशरूम की खेती की।

> ग्रामीण अंचलों की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्वयं सहायता समूहों का गठन किया गया है। विभिन्न ट्रेडों में पारंगत करने के लिए महिलाओं को प्रशिक्षण भी दिया जाता है। स्वरोजगार के लिए ऋण भी मुहैया कराते हैं। सोनी ने मशरूम की खेती की और बेहतर रिस्पांस मिला है। उन्हें आगे भी जरुरत पड़ने पर सहयोग रहेगा।
> – **जेसी जोशी**, परियोजना अधिकारी, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन

करीब तीन माह तक समूह से जुड़ी अन्य महिलाओं की मदद से उन्होंने पॉली बैग में उग रहे मशरूमों की बेहतर देखभाल की। जनवरी में फसल तैयार हो गई और छोटे-छोटे पैकेट बनाकर फरवरी तक इसकी शहर समेत विभिन्न नगर-कस्बों में बिक्री की।

इस सीजन में उन्हें एक लाख से अधिक का प्रॉफिट हुआ। आगे भी और बढ़ने का भरोसा है।

## दहेज में कार न मिलने पर विवाहिता को जमीन पर सुलाया

**बरेली, अमृत विचार :** दहेज में लग्जरी कार न मिलने पर ससुराल वाले शादी के दूसरे दिन ही विवाहिता का उत्पीड़न करने लगे। विवाहिता का आरोप है कि उसे जमीन पर सुलाया गया और उसकी गला दबाकर हत्या की कोशिश की गई। बारादरी पुलिस ने पति समेत छह लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

संजयनगर निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका विवाह तीन मार्च को सेटेलाइट बस अड्डे के पीछे कॉलोनी में रहने वाले युवक से हुआ था। उनके पिता ने शादी में 25 लाख रुपये खर्च किए। चार मार्च को जब वह विदा होकर ससुराल पहुंची तो पति, सास, दो ननद, देवर ने उन पर जमीन पर सोने का दबाव बनाया। कारण पूछा तो कहा कि वह दहेज में लग्जरी कार नहीं लाई है। जब इन्कार किया तो पिटाई की। अगले दिन आरोपियों ने पिता के घर और जमीन में हिस्सा और 30 लाख रुपये नकद मांगे। विरोध करने पर पति और सास ने गला दबाकर हत्या की कोशिश की। आरोप है कि देवर ने दुष्कर्म की कोशिश की। पुलिस ने पति, सास, दो ननद, देवर व एक अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# विद्यालयों की दीवारें देंगी स्टाफ की जानकारी

बदायूं कार्यालय

**अमृत विचार:** परिषदीय स्कूलों की दीवारें वहां कार्यरत स्टाफ की जानकारी देती नजर आएंगी। दीवारों पर शिक्षकों का ब्योरा अंकित किया जाएगा। इससे अभिभावकों को अध्यापक की नियुक्ति, नाम, पता और पूरी जानकारी मिल जाएगी। वहीं शिक्षकों का ब्योरा अंकित कराने के लिए महानिदेशक शिक्षा ने बीएसए को आदेश जारी करते हुए बजट भी आवंटित किया है। इससे अभिभावक आसानी से शिक्षक से संपर्क कर सकेंगे।

हमारे शिक्षक योजना के तहत यह कदम उठाया गया है। विद्यालय में अध्यापक, सहायक अध्यापक के साथ ही शिक्षामित्रों के अलावा अनुदेशकों की फोटो भी लगाई जाएगी। इनमें शिक्षक का नाम, शैक्षिक

● सभी परिषदीय विद्यालयों की दीवारों पर अंकित होगी सूचना और फोटो

योग्यता, पदनाम, प्रशिक्षण योग्यता, विद्यालय में तैनाती तिथि, आवंटित कक्षा, मोबाइल नंबर, आवंटित विषय के अलावा विशिष्ट उपलब्धि दर्ज की जाएगी। इसके लिए हर विद्यालय को 150 रुपये की धनराशि भी दी जाएगी। फिलहाल अभी शैक्षिक सत्र समाप्त होने को है, नवीन सत्र शुरू होते ही सभी स्कूलों में यह योजना लागू की जाएगी। इसके लिए तैयारी की जा रही है। बीएसए स्वाती भारती ने बताया कि अध्यापकों के स्थानांतरण, सेवानिवृत्ति व पदोन्नति होने की जानकारी दीवारों पर अंकित की जाएगी। अप्रैल से शुरू होने वाले नए सत्र से योजना की शुरुआत कर दी जाएगी।

## नपा की लापरवाही, कचरे में फेंकी लाइब्रेरी की किताबें

**एटा, अमृत विचार:** मेहता पुस्तकालय एटा में रखीं प्राचीन और महत्वपूर्ण पुस्तकें कबाड़ के ढ़ेर में तब्दील हो गईं। अटल बिहारी वाजपेयी (संसद के तीन दशक) पुस्तक राजाराम मोहन राय पुस्तकालय कलकत्ता से मेहता पुस्तकालय को मिली थी। नगर पालिका एटा के कर्मचारियों की लापरवाही से अटल बिहारी की कुछ लेख-कुछ भाषण, महात्मा गांधी और रामराज्य नामक पुस्तकें कूड़े के ढेर में पड़ी मिलीं हैं। दो दिन पूर्व एसडीएम राजकुमार ने नगर पालिका कर्मचारी संजय सिंह को पुस्तकें हटाने के निर्देश दिए थे। मौके पर पहुंचे एसडीएम राजकुमार आर्या ने कर्मचारियों को लगाकर सही किताबों को अलग कराने के निर्देश दिए थे। एसडीएम ने कहा कि कर्मचारियों के खिलाफ जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

VARUN ARJUN UNIVERSITY
N.H.-24, Banthra, Shahjahanpur
Pharmacy PCI Approved
D.Pharm/B.Pharm
VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL VAMCRH SHAHJAHANPUR Excellence towards profession
We focus on interdisciplinary research though collaboration with industry, medical college & develop students for future endeavors in healthcare We educate student to serve society by take care of challenges Pharmaceutical industry. We prepare our students for various competitions like exit Exam. Experienced and dedicated faculties are the hallmarks of our institute, who are continuously helping student in publishing research & obtaining patent.
Admission Open 2024-25
100% Placement
Admission Helpline:9455113105



Website:-www.varunarjunmedicalcollege.com, Email ID: varunarjun trust@gmail.com

## कोतवाली गेट पर युवती का शव रखकर किया प्रदर्शन

बदायूं कार्यालय

**अमृत विचार :** कोतवाली दातागंज क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी युवती 13 मार्च को अपने पड़ोस में रहने वाले युवक के साथ दिल्ली चली गई थी। युवती के परिजनों ने थाने में नरेंद्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

शनिवार को युवती दिल्ली में दुकान से सामान लेने जा रही थी। इसी दौरान ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। युवती की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर उसके परिजन

● युवती पड़ोसी युवक के साथ चली गई थी दिल्ली

● हादसे में मौत के बाद परिजनों ने की युवक पर कार्रवाई की मांग

दिल्ली गए। दिल्ली में पोस्टमार्टम के बाद रविवार को शव लेकर कोतवाली दातागंज पहुंचे। कोतवाली गेट पर शव रखकर प्रदर्शन किया। युवती को लेकर जाने वाले युवक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर उन्हें वापस भेज दिया।

# संदिग्ध हालात में विवाहिता की मौत परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

संवाददाता, अमरिया

**अमृत विचार:** संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की ससुराल में मौत हो गई। ससुरालियों ने फंदा लगाकर खुदकुशी करने की बात कही, जबकि मायके वालों ने हत्या करने का आरोप लगाया। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस ने मौका मुआयना कर जानकारी जुटाई। शव पोस्टमार्टम को भेज पुलिस छानबीन में जुट गई है।



विलाप करते मृतका के परिजन। ● अमृत विचार

बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मानपुर टिहरी निवासी झांझनलाल की पुत्री राखी (25) की शादी अप्रैल 2020 में अमरिया क्षेत्र के ग्राम सद्दरपुर निवासी रामासरे से हुई थी। उसका एक डेढ़ साल का बेटा है। रविवार सुबह विवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। उसका शव कमरे में दुपट्टे से बने फंदे से लटका मिला। पति के अनुसार सुबह राखी उठकर घरेलू कामकाज भी निपटा रही थी। मगर कुछ देर बाद ही उसने खुदकुशी कर ली। शव को फंदे से उतार लिया गया। इधर, सूचना



मृतका राखी।

मिलने पर मायके वाले भी आ गए। विवाहिता का शव देख चीख पुकार मच गई। दहेज की मांग पूरी न होने पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को सूचना दी गई। नायब तहसीलदार अभिनव सिंह चौहान, एसओ बृजवीर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जानकारी की। ससुराल वाले खुदकुशी जबकि मायके वाले हत्या का आरोप लगाते रहे। घटना को लेकर मौके पर भीड़ लगी रही। पुलिस ने आसपास के लोगों से भी

● अमरिया क्षेत्र के ग्राम सद्दरपुर में हुई वारदात, पुलिस ने मौका मुआयना कर जुटाई जानकारी

> एक विवाहिता की ससुराल में संदिग्ध हालात में मौत हुई है। सूचना मिलने पर मौके पर गए थे। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।
> – **बृजवीर सिंह**, एसओ अमरिया

जानकारी ली। जिसमें दंपती में झगड़ा होने की बात निकलकर आई। फिलहाल पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

## डेयरी खुलवाने के नाम पर ठग ली रकम

**बीसलपुर।** एक दंपती ने जालसाजी कर डेयरी खुलवाने के नाम पर युवक से साढ़े चार लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। नगर के मोहल्ला दुबे निवासी जेके पाठक ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि जनपद हाथरस के थाना कैंट क्षेत्र के ग्राम आलिया निवासी दंपती ने बीते साल उनसे मुलाकात की। ग्राम मोहम्मदपुर में उसकी भूमि पर डेयरी खुलवाने के नाम पर पंजाब से भैंसों को खरीदने के लिए साढ़े चार लाख रुपये लिए। इसके बाद धनराशि भी हड़प ली। जब रुपये वापस मांगे गए तो पहले टालमटोल की गई। अब रुपये लौटाने से ही इनकार कर दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## तेंदुए ने पड्डे को बनाया निवाला नहीं मिली बाघ की लोकेशन

संवाददाता, पूरनपुर (पीलीभीत)

**अमृत विचार:** जंगल किनारे मवेशियों के झुंड के साथ चरने गए एक पड्डे को तेंदुए ने निवाला बना लिया। दूसरे दिन उसका अधखाया शव खेत में पड़ा मिला। सूचना पर वन विभाग की टीम ने मौके पर जांच पड़ताल की। वहीं, पंडरी में 500 मीटर के दायरे में एक माह के भीतर तीन बार हमला कर चुके बाघ की लोकेशन रविवार को भी नहीं मिल सकी।

पूरनपुर तहसील क्षेत्र का गांव चंदिया हजारा वनक्षेत्र से लगा हुआ है। शनिवार को गांव राहुल नगर मजदूर बस्ती के राजकुमार के पशु जंगल किनारे खेतों में चर रहे थे। शाम को जंगल से निकले तेंदुए ने मवेशियों के साथ खेत में मौजूद एक पड्डे (भैंस का बच्चा) पर हमला कर दिया। तेंदुए ने खेत में ही उसको निवाला बना लिया। जब राजकुमार के मवेशी देर शाम घर पहुंचे, तो उनके साथ पड्डा नहीं पहुंचा। अंधेरा होने पर वन्यजीव के डर के चलते राजकुमार खेतों की ओर उसकी खोजबीन करने नहीं जा सके।

# छात्र ने कॉपी में लिखा छात्रा के लिए प्रेम संदेश, पुलिस से शिकायत

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचार:** कॉलेज से निकाले जाने के बाद भी नाबालिग छात्र एक छात्रा को परेशान कर रहा है। परीक्षा के दौरान उसने कॉपी में प्रेम प्रसंग और सिम रखकर शिक्षक को दे दिया। शिक्षक ने छात्रा के परिजनों को अवगत कराया। फिर उसके पिता कोतवाली पहुंचे और मामले की शिकायत की। बताते हैं कि छात्र पर पहले से ही प्रेम प्रसंग को लेकर दो मुकदमे दर्ज हैं। कॉलेज से निकाला गया छात्र कोर्ट की अनुमति से परीक्षा में शामिल हो रहा है।

कस्बे की रहने वाली एक किशोरी 11वीं की छात्रा है। इसी कॉलेज का

● कॉलेज से निष्कासित छात्र की हरकतों से परिजन परेशान

11वीं का एक छात्र काफी समय से छात्रा को परेशान कर रहा है। करीब दो महीने पहले छात्र ने किशोरी के घर मोबाइल और सिम भेज दिया था। कई बार रास्ते में घेरकर उसे धमकाया। पुलिस ने किशोरी के परिजनों की ओर से छात्र के खिलाफ पास्को एक्ट के तहत रिपोर्ट भी दर्ज की थी। इसके अलावा छात्रा के परिजनों से मारपीट के मामले में भी रिपोर्ट दर्ज की गई थी। इसे लेकर छात्र को कॉलेज से निष्कासित कर दिया गया था। इन दिनों कालेज में परीक्षाएं चल रहीं हैं। कोर्ट में अर्जी लगाने के बाद छात्र को परीक्षा देने की अनुमति मिली। शनिवार को कॉलेज में परीक्षा थी। परीक्षा कक्ष में छात्र ने प्रश्नों के उत्तर की जगह छात्रा के नाम प्रेम संदेश लिख दिया। यही नहीं उसने कॉपी में दिल की आकृति बनाई और और एक मोबाइल सिम रखकर शिक्षक के पास जमा कर दी। शिक्षकों ने इसकी जानकारी छात्रा के पिता को दी। रविवार को पिता कोतवाली पहुंचे और छात्र की शिकायत की। कोतवाल संजीव शुक्ला ने बताया कि छात्र और छात्रा दोनों नाबालिग हैं। छात्र पर पहले से ही दो मुकदमे दर्ज हैं। छात्रा के पिता की ओर से दी गई तहरीर की जांच कराई जा रही है।

VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL VAMCRH SHAHJAHANPUR Excellence towards profession
वरुण अर्जुन मेडिकल कालेज एवं रोहिलखंड हास्पिटल
एन.-एच. 24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर फोन : 05842-276501, 7521001988, 7521001989




मेडिसिन विभाग :- सामान्य रोग के समस्त गंभीर रोगियों का इलाज व भर्ती सुविधा विशेषज्ञ डाक्टरों की देख–रेख में की जाती है। टी.एम.टी. (TMT), ईको (ECHO), होल्टर (HOLTER), की जाँच, एम.आई.सी.यू. (MICU) की सुविधा 24 घंटे विशेषज्ञ द्वारा उचित दरों में उपलब्ध है।
सर्जरी विभाग :- पित्त की पथरी, हर्निया, हाइड्रोसिल, बवासीर, भगन्दर, आँत का फटना, अपेन्डिक्स आदि रोगों का समुचित उपचार व ऑपरेशन की सुविधा। पेशाब में रूकावट, खून आना, दूधिया पेशाब आना, गुर्दे एवं पेशाब संबंधित रोगों का परामर्श इलाज एवं दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। आंतो के ऊपरी भाग व निचला भाग, बड़ी आंत व गुदा की जाँच दूरबीन द्वारा व ICU की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग :- बच्चे दानी में गांठ, बच्चेदानी का बाहर आना, माहवारी की समस्या, बार–बार गर्भपात होना तथा महिलाओं में बांझपन के इलाज की सुविधा, पेप स्मेयर की जाँच, कैंसर की जाँच, दूरबीन विधि द्वारा आपरेशन व सीजेरियन एवं नार्मल डिलीवरी की सुविधा एवं आई.सी.यू. (ICU) की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।
बाल रोग विभाग :- बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं PICU की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध। नियोनेटल वेंटीलेटर की सुविधा, फोटो थैरेपी, एक्सचेंज, ट्रान्सफ्युजन, सरफेक्टेंट थैरेपी, सी–पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध हैं। बच्चों में खून की कमी, मिर्गी पीलिया, वजन कम होना, खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा। बच्चों के लिए निःशुल्क टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध है, बच्चों के ऑपरेशन की सुविधा।
कैंसर विभाग :- स्तन कैंसर का ऑपरेशन Breast Conservation एवं Sentinel Node तकनीक के द्वारा। मुंह का कैंसर, जीभ का कैंसर, थायरॉइड कैंसर, गले का कैंसर, पेट का कैंसर, आंतों का कैंसर, लिंग का कैंसर, किडनी का कैंसर, फेफड़े का कैंसर, पित्ताशय का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर, पैनक्रियाज का कैंसर, चमड़ी का कैंसर, हड्डी का कैंसर का इलाज की सुविधा।
नेत्र रोग विभाग :- काला मोतिया की जाँच व इलाज, कार्निया की बीमारी का इलाज, आँख के पर्दे की जाँच व इलाज, मोतियाबिन्द के ऑपरेशन MSICS तथा फेको विधि द्वारा, भैंगापन, नासूर, नाखूना आदि का इलाज व ऑपरेशन की सुविधा, कम्प्यूटर (Auto Refraction) द्वारा चश्में के नम्बर व प्रमाणीकरण व जाँच की सुविधा सस्ते दरो पर उपलब्ध है। आप्थेल्मोस्कोप द्वारा आँख के पर्दे की जाँच, जर्मन माईक्रोस्कोप द्वारा आँख के आपरेशन की सुविधा। आँख में किसी भी प्रकार की चोट का इलाज और बच्चों की आँखो की बीमारियों का सभी प्रकार का इलाज। मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाना मुफ्त।
हड्डी रोग विभाग :- स्पाइन सर्जरी, ट्रामा सर्जरी, घुटने के जोड़ का प्रत्यारोपण, पोलियों का ऑपरेशन, बच्चों के पैरों के टेढ़ापन का ऑपरेशन, आर्थोस्कोपी, गठिया, जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, गर्दन दर्द आदि रोगों का इलाज सस्ते दामों पर, फिजियोथैरेपी की सुविधा।
मानसिक रोग विभाग :- उत्तर प्रदेश में पहली बार Portable TDCS (Transcranial direct current stimulation) थैरेपी की सुविधा। ई.ई.जी (E.E.G.), ई.एम.जी. (E.M.G.) एवं ई.सी.टी. (ECT) की सुविधा साइकोथैरेपी की सुविधा, साइकोलोजिकल टेस्टिंग, IQ टेस्ट, की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। याददाश्त कम होना, भूख न लगना, नींद न आना, डर लगना, बेचैनी, घबराहट, मानसिक दौरे पड़ना, सिर में दर्द एवं तनाव आदि का समुचित उपचार।
चर्म रोग विभाग :- सफेद दाग, सोराइसिस का इलाज फोटोथैरेपी (PUVA Chamber) के द्वारा व अधिक पसीना आने का इलाज, Megasurg-gold द्वारा मस्से व तिल का इलाज एवं Microdermabrasion के द्वारा झुर्रियों एवं त्वचा के गड्ढों का इलाज, दाद खाज खुजली, मुहाँसे, कुष्ठ रोग, स्किन एलर्जी, हाथ पैर फटना, बालों का झड़ना, रूसी व डैंड्रफ आदि के इलाज की सुविधा विशेषज्ञ डॉक्टरों के द्वारा सस्ते दरों पर उपलब्ध।
नाक कान एवं गला रोग विभाग :- कान के पर्दे में छेद होना, कम सुनाई देना, नाक की हड्डी बढ़ना, नाखूना, घेंघा, नाक की हड्डी का टेढ़ा होना, टांसिल बढ़ना आदि रोगों का उपचार व आपरेशन सुविधा दूरबीन द्वारा गले के अन्दर की जाँच, इंपीडेस आडियोमेट्री, प्योरटोन आडियोमेट्री, सुनने की जाँच व मशीन लगाने की सुविधा उपलब्ध है।
छाती व श्वास रोग :- छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, बलगम आना, बलगम में खून आना, फेंफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. (PFT), बाई–पैप (BIPAP), सी–पैप (CPAP), सी.बी–नैट (CBNAAT) की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।
डायलिसिस विभाग :- डायलिसिस की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।
ब्लड बैंक: - ब्लड बैंक की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध है।
डेंटल विभाग :- समस्त प्रकार के दांतों के रोगों का इलाज।
न्यूरो सर्जरी विभाग - सर व दिमाग की चोट, ब्रेन हैमरेज, ब्रेन ट्यूमर, स्ट्रोक, लकवा, माइग्रेन, दिमागी टी.बी., मिर्गी के दौरे, रीढ़ की हड्डी में दर्द अथवा टी.बी., स्लिप डिस्क, सियाटिका, दिमाग में पानी या खून का थक्का जमना, कमर व गर्दन में दर्द, चलने में लड़खड़ाहट कमर की नस दबना, इत्यादि रोगों का समुचित परामर्श एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध व इमरजेंसी न्यूरोसर्जरी (सर/दिमाग की चोटें) आई सी यू की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध।
प्लास्टिक सर्जरी विभाग - जन्मजात कटे–फटे होठ, तालू, मुँह व पैदाइशी निशान, जबड़े की हड्डियों के फ्रैक्चर व चेहरे की फटी चमड़ी, जन्मजात विकृत जननांग व विकृत सिर, जन्मजात कान, नाक का टेढ़ापन या विकृत, हाथों व पैरों की चिपकी उंगुलियां, जलने या दुर्घटना में कटे फटे निशान, चेहरे के दाग धब्बों आदि की कास्मेटिक सर्जरी आदि।
स्किन विभाग - लेजर द्वारा अनचाहे बालों को हटाना।
उपलब्ध सुविधायें:-
★ अत्याधुनिक 1.5 Tesla MRI मशीन द्वारा MRI Brain, MRI Knee Joint, MRI Spine आदि ★ 32 Slice-CT स्कैन मशीन द्वारा CT Head, सी.टी. स्कैन स्पाइन एवं सीटी चैस्ट। आदि ★ डायलेसिस की सुविधा ★ डिजीटल एक्सरे ★ Mammography ★ कान की जाँच (Audiometry), बैरा (BERA), इंपीडेंस (Impedance) ★ हृदय की जाँच, ECHO, TMT ★ पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट (PFT) ★ अल्ट्रासाउण्ड ★ आँख की जाँच पेरीमेट्री, टोनोमेट्री/रिफरेक्शन। ★ दुरबिन विधी द्वारा सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
परिवार स्वाथ्य कार्ड की सुविधा 200/– रु में एक साल के लिए उपलब्ध
मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाने के साथ मुफ्त।

# शिक्षक नेता को पीटकर किया घायल

लखीमपुर खीरी कार्यालय

- आरोपी युवक व उसके पिता ने छत से किया पथराव
- पुलिस पर भी की हमले की कोशिश, दो लोग घायल

**अमृत विचार:** प्राथमिक शिक्षक संघ धौरहरा अध्यक्ष पर आपस में झगड़ा कर रहे पिता-पुत्र ने लोहे की पाइप से हमला कर दिया। लोग बचाने दौड़े तो आरोपी पिता-पुत्र अपने घर में घुस गए और छत पर जाकर पथराव शुरू कर दिया। पथराव में एक शिक्षक व एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया।

पुलिस ने घायल शिक्षक नेता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर लिया है। प्राथमिक शिक्षक संघ धौरहरा के अध्यक्ष सौरभ मिश्रा काशीनगर स्थित में रहते हैं। वह साथी शिक्षक चंद्रप्रकाश मिश्रा से मिलने पैदल ही उनके घर जा रहे थे। रास्ते में मोहल्ले के संजय उर्फ शालू व उसके पिता मुन्नालाल कश्यप आपस में मारपीट कर रहे थे। सौरभ पास से निकले तो संजय ने अचानक लोहे की पाइप से सौरभ के सिर और चेहरे पर कई प्रहार कर दिए, जिससे उनका सिर फट गया और वह खून से लथपथ होकर गिर गए। मोहल्ले के लोग बचाने दौड़े तो संजय और उसका पिता अपने घर में घुस गए। दरवाजा बंद कर छत से ईंट-पत्थर फेकने शुरू कर दिए। शिक्षक चन्द्रप्रकाश मिश्रा और मोहल्ले के ही सौरभ गुप्ता घायल हो गए।

सूचना पर पीआरवी और राजापुर चौकी इंचार्ज संचित यादव मौके पर पहुंचे। पुलिस ने उन्हें बाहर निकालने की कोशिश की तो संजय पुलिस पर भी हमलावर हो गया। दो घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस संजय और मुन्नालाल को घर से बाहर निकाल पाई। घायल सौरभ मिश्रा ने पिता-पुत्र के खिलाफ सदर कोतवाली में तहरीर दी, जिस पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। तीनों घायलों को जिला अस्पताल भेजा है।

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत वाईपास रोड, बरेली
विशाल एण्डोस्कोपी शिविर
सहयोग से : बरेली ओब्स्टेट्रिक गाइनकालजी सोसाइटी
दूरबीन विधि द्वारा बच्चेदानी के आपॅरेशन

दिल्ली, मुम्बई, अहमदाबाद, चेन्नई, बैंगलौर एवं विदेश के सुप्रसिद्ध विशेषज्ञ द्वारा दूरबीन विधि से स्त्री रोग सम्बन्धित समस्त ऑपरेशन
जल्द से जल्द पंजीकरण कराकर इस सुविधा का लाभ उठायें।
ऑपरेशन दिनांक 19 अप्रैल 2024
पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) 31 मार्च 2024 तक ही किये जायेंगे। प्रथम 10 पंजीकृत मरीजों को प्राथमिकता दी जायेगी।
लैप्रोस्कोपी द्वारा दूरबीन विधि से ऑपरेशन
1) बच्चेदानी निकालने का ऑप्रेशन (हिस्ट्रेक्टमी)
2) रसौली निकालने का ऑप्रेशन (मायोमेक्टमी)
3) अण्डेदानी की रसौली निकालने का ऑप्रेशन (ओवेरियन सिस्टैक्टॉमी)
4) बांझपन की दूरबीन विधि द्वारा जांच
5) बन्द ट्यूब खोलने का ऑप्रेशन
6) बच्चेदानी की बनावट सम्बन्धी जन्मजात बीमारियों का इलाज ऑप्रेशन
हिस्ट्रोस्कोपी का दूरबीन द्वारा ऑपरेशन
1) ऐशरमैन का इलाज
2) बच्चेदानी के अन्दर की रसौली (हिस्ट्रोस्कोपिक मायोमेक्टोमी)
3) ट्यूब खोलना (हिस्टेरोस्कोपी कम्युलेशन)
4) बच्चेदानी के अन्दर जन्मजात विकृति ठीक करना
5) बच्चेदानी के अन्दर का पॉलिप निकालना (हिस्टेरोस्कोपिक पॉलीएटोनी)
रजिस्ट्रेशन के लिए सम्पर्क करें : 9997015620, 9081800900
कमरा नं. 1178, स्त्री रोग विभाग, रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, बरेली
एन.ए.वी.एच.*'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था
*एंट्री लेवल

# सड़क हादसों में कानपुर के शिक्षक नेता के पुत्र समेत दो की मौत, दो गंभीर घायल

## घायलों की हालत गंभीर, एक युवक को निजी डॉक्टर के यहां भर्ती कराया

लखीमपुर खीरी कार्यालय

- बुलेट मोटरसाइकिल से नैनीताल जा रहा था विश्वप्रताप

**अमृत विचार:** जिले में शनिवार की रात थाना नीमगांव की पुलिस चौकी सिकंद्राबाद और पलिया में सड़क दुर्घटनाओं में दो की मौत हो गई। सिकंद्राबाद में कार की टक्कर से बाइक सवार राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ कानपुर के जिलाध्यक्ष चंद्रदीप यादव के 23 वर्षीय बेटे की मौत हो गई, जबकि उसका साथी घायल हो गया। उधर पलिया कलां में चीनी मिल रोड पर शनिवार देर शाम अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे लखनऊ के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कानपुर के आवास विकास-3 कल्याणपुर निवासी राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष चंद्रदीप यादव का पुत्र विश्व प्रताप सिंह यादव (23) सिप्ला कंपनी में फार्मासिस्ट था। वह शनिवार को अपने दोस्त आरिफ के साथ बुलेट से नैनीताल जा रहा था।


मृतक विश्व प्रताप सिंह यादव।

पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद परिवार वालों ने बताया कि दोनों गोला गोकर्णनाथ तक पहुंचे। उन्हें एहसास हुआ कि दूरी अधिक है।

इसलिए बुलेट से जाना उचित नहीं होगा। इस पर दोनों वापस लौट लिए। गोला-कस्ता मार्ग पर सिकंद्राबाद पुलिस चौकी के निकट तेज रफ्तार कार ने बुलेट में पीछे से टक्कर मार दी। विश्व प्रताप सिंह यादव और उनका साथी बुलेट समेत सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

कार की नंबर प्लेट भी टूटकर सड़क पर गिर गई। हादसे के बाद चालक कार लेकर भाग निकला। पुलिस दोनों घायलों को लेकर सीएचसी पहुंची, जहां डॉक्टर ने विश्व प्रताप सिंह यादव को मृत घोषित कर दिया, जबकि उसके साथी को जिला अस्पताल रेफर किया है। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ कानपुर के जिलाध्यक्ष चंद्रदीप यादव का विश्व प्रताप सिंह इकलौता पुत्र था। परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। चंद्रदीप यादव ने बताया कि विश्व प्रताप सिंह यादव सिप्ला कंपनी में फार्मासिस्ट था। मौत की खबर सुनकर जिले के कई शिक्षक नेता और शिक्षक भी पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे और परिवार वालों को ढांढस बंधाया।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत, साथी घायल



**पलिया कलां।** गौरव पांडेय (23) पुत्र उमेश चंद्र पांडेय निवासी मोहल्ला बाजार, अपने 22 वर्षीय दोस्त सोनू पुत्र छत्रपाल माली को उसके घर मिल कॉलोनी पलिया छोड़ने जा रहा था। शनिवार की रात करीब 10 :45 बजे भारतीय स्टेट बैंक और चीनी मिल गेट नंबर एक के बीच किसी वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। गौरव पांडेय की घटना स्थल पर ही मौत हो गई और सोनू गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना पर रोते-बिलखते परिवार के लोग भी अस्पताल पहुंच गए। डॉक्टर ने सोनू की हालत गंभीर होने पर उसे लखनऊ रेफर कर दिया। परिवार वालों ने किसी प्राइवेट अस्पताल में उसे भर्ती कराया है।

# होलाष्टक में किए जा सकते हैं शुभ कार्य: प्रमोद

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार:** होलाष्टक फाल्गुन शुक्ल अष्टमी 17 मार्च रविवार को दोपहर 2:09 बजे से शुरू हो गई है। इसे लेकर लोगों में कई मत सामने आते हैं। कोई होलाष्टक लग जाने के बाद शुभकार्य वर्जित मानता है तो कोई इसे केवल खास क्षेत्रों तक ही सीमित बताता है।


पं प्रमोद दीक्षित।

देवकली तीर्थ के श्रीमती चन्द्रकला आश्रम एवं गुरुकुल विद्यापीठ के महंत प्रमोद दीक्षित का कहना है कि होलाष्टक में केवल विपाशा, रावती, व्यास एवं रावी नदी तथा त्रिपुष्कर में ही विवाह आदि शुभ कार्य वर्जित होते हैं।

होलाष्टक से प्रभावित क्षेत्रों में में लुधियाना, धवलपुर, फिरोजपुर, गुरदासपुर, होशियारपुर, कांगड़ा, कपूरथला और इसके समीपवर्ती के ही स्थान आते हैं। इसके अलावा सर्वत्र शुभकार्य में कोई दोष नहीं होता है।

# सड़क के लिए मिट्टी खोदने को लेकर विवाद, मारपीट

संवाददाता, बग्घून

**अमृत विचार:** अमीरनगर चौकी क्षेत्र के ग्राम रजवापुर में लोक निर्माण विभाग द्वारा बनवाई जा रही सड़क निर्माण के लिए खेत में हो रही खोदाई को खेत मालिक ने रुकवा दिया। इसको लेकर विवाद हो गया और मारपीट व तोड़फोड़ होने लगी। इससे जेसीबी का शीशा टूट गया। ड्राइवर और हेल्पर घायल हो गये।

रजवापुर से बग्घून मार्गके लिए ठेकेदार खेतों से मिट्टी निकाल कर साइड पटाई का कार्य करा रहा था। इसकी जानकारी जब खेत मालिक को हुई तो वे मौके पर पहुंचे और खेत से मिट्टी निकालने को मना किया। ववाद के बाद जेसीबी मालिक और खेत स्वामी के बीच मारपीट होने लगी। जेसीबी में भी तोड़फोड़ की गई।

जेसीबी ड्राइवर लक्ष्मी ने अमीरनगर चौकी प्रभारी अरविंद तिवारी को प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सुनील कुमार यादव, चरंजू, जयचंद पुत्र रामपाल निवासी रजवापुर को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया है।


जेसीबी का टूटा शीशा।

- जेसीबी का टूटा शीशा, चालक हेल्पर घायल

"सरकारी कार्य में बाधा डालना गलत है। रोड की चौड़ाई की नाप हल्का लेखपाल से करवाने के बाद ही ठेकेदार द्वारा रोड पर कार्य शुरू करवाना चाहिए था, जिससे किसी किसान का खेत न खुद सके। ग्रामीण सड़कों में बीच से चार मीटर की दूरी विभाग की होती है। – **आलोक कुमार** जेई लोक निर्माण विभाग।

# दुष्कर्म की कोशिश, विरोध करने पर महिला का गला दबा दिया

लखीमपुर खीरी कार्यालय

- महिला हंसिए का बेट मारकर बची, आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भागा
- शिकायत करने पर आरोपी और उसकी पत्नी ने की मारपीट, दोनों पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार:** थाना खीरी क्षेत्र के एक गांव में पड़ोसी युवक एक महिला के घर में घुस गया और उसे दबोच लिया। उसके साथ छेड़छाड़ की और दुष्कर्म की कोशिश की। महिला के विरोध करने पर गला दबाकर जान से मारने का प्रयास किया। इस दौरान आरोपी और महिला के बीच मारपीट हुई। शोर शराबा होने पर आरोपी महिला को जान से मार देने की धमकी देते हुए भाग निकला।

थाना खीरी क्षेत्र के एक गांव की 28 वर्षीय महिला ने बताया कि उसके पति की मौत हो चुकी है। वह अपने दो छोटे-छोटे बच्चों के साथ रहती है। शुक्रवार की रात करीब आठ बजे पड़ोस का सुशील उसके घर में घुस आया और उसे दबोच लिया। छेड़छाड़ कर दुष्कर्म की कोशिश की। उसने शोर मचाया तो आरोपी ने गला दबाकर जान से मारने की कोशिश की।

शोर शराबा होने पर आसपास के तमाम लोग उसके घर के बाहर आ गए। हाथापाई के दौरान महिला के हाथ में हंसिया आ गया। उसने हंसिए में लगे बेट से जब आरोपी पर प्रहार किया तो वह जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। उसे घर से भागते हुए आसपास के कई लोगों ने देखा है। उसने आरोपी के घर वालों को बताया तो उसकी पत्नी भड़क गई और गाली-गलौज करते हुए उसे पकड़ लिया। इसी बीच आए आरोपी सुशील ने अपनी पत्नी के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट की।

किसी तरह से वह छूटकर अपने घर पहुंची और यूपी 112 पुलिस को कॉल की। पुलिस गांव पहुंची इससे पहले ही आरोपी भाग निकला। पीड़िता अपने दोनों बच्चों को साथ लेकर थाना खीरी पहुंची और आरोपी और उसकी पत्नी के खिलाफ नामजद तहरीर पुलिस को दी। जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। एसओ अजीत कुमार ने बताया कि पीड़िता को अस्पताल भेजकर चोटों का परीक्षण कराया गया है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

### विवादित जमीन जोतने पर दो पक्षों में मारपीट पांच घायल

**पलिया कलां, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के गांव श्रीनगर के एक विवादित खेत पर दो व्यक्तियों के मध्य न्यायालय में मुकदमा विचाराधीन है। इसके बावजूद एक पक्ष रविवार को भूमि जोतने पहुंच गया। इसकी जानकारी मिलने पर पहुंचे दूसरे पक्ष ने इसका विरोध किया। इसको लेकर दोनों के बीच विवाद होने लगा। देखते ही देखते दोनों पक्षों में जमकर मारपीट होने लगी। लाठी-डंडे चलने से एक पक्ष के सीताराम व उसका पुत्र शंभू, दूसरे पक्ष से राम श्री पत्नी राम आसरे व उसके रिश्तेदार गौरव व राम दयाल घायल हो गए। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भेजा है।

C.B.S.E. Affiliation No. 2133488
Ram Murari Public School
PNC to XII
SALPUR NAVADIYA, MEERANPUR KATRA, SHAHJAHANPUR
(Contact : 6398020476 | Website : www.rammuraripublicschool.com)
NO ADMISSION FEE
ADMISSION OPEN 2024-25
NO ADMISSION FEE


Toppers of Session 2022-23

| Class | Name of Student | % |
|---|---|---|
| PNC | Amit | 99% |
| NC | Atifa | 99% |
| KG | Bhavya | 98% |
| I | Samayara | 98% |
| II | Anant Gupta | 98% |
| III | Arhaan | 98% |
| IV | Adhya Mishra | 98% |
| V | Sohit Yadav | 97% |
| VI | Trisha Jaiswal | 97% |
| VII | Tanishka | 98% |
| VIII | Vaishnavi | 97% |
| IX | Yashi | 98% |
| X | Alishaan (Board Exam) | 89% |

School Facilities
- Large Campus Area
- Audio Visual IT Classrooms
- Well Lit Spacious Classrooms
- Safe & Secure environment
- Full time CCTV Monitoring
- Indoor / Outdoor Play area




### पलिया में शराब की दुकान में लगी आग दो लाख का हुआ नुकसान

**पलिया कलां, अमृत विचार :** नगर पुलिस चौकी से 20 कदम दूर अंग्रेजी शराब की दुकान नंबर एक में रविवार की तड़के किसी समय शार्ट सर्किट होने से आग लग गई। जिससे उसमें रखी करीब दो लाख रुपये की शराब, अभिलेख आदि सामान जलकर नष्ट हो गया। सेल्समैन धीरज यादव ने बताया कि सुबह करीब पांच बजे पड़ोसी दुकानदार पवन अपनी दुकान खोलने पहुंचा तो धुआं उठता देख आग लगने की सूचना दी। धीरज ने लोगों की मदद से किसी तरह से आग पर काबू पाया। अग्निकांड की सूचना मैनेजर रनवीर सिंह यादव व आबकारी निरीक्षक प्रभात तिवारी को दी। आबकारी निरीक्षक दीवान अनिल मिश्रा व महेश सिंह के साथ पहुंचे और मुआयना किया। आबकारी टीम ने बताया कि दुकान के अंदर रखे आबकारी रजिस्टर एवं अन्य अभिलेख जलकर नष्ट हो गए हैं।

### किशोरी को बहलाकर भगा ले जाने का आरोप

**खुटार।** क्षेत्र के एक गांव की महिला ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि शनिवार को वह अपने घर से बाहर मजदूरी करने गई थी। जहां पर उसकी 17 वर्षीया बेटी अकेली घर पर मौजूद थी। क्षेत्र के गांव कढ़ेया निवासी देवेश कुमार उसके घर पहुंचा और बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। पुलिस ने महिला की तहरीर के आधार पर आरोपी देवेश कुमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की।

# खेत में खूंटा गाड़ने का विरोध करने पर हत्या का प्रयास

बदायूं कार्यालय

- पुलिस ने नहीं की कार्रवाई तो कोर्ट की शरण में गया किसान
- कोर्ट के आदेश पर पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** खेत में खूंटा गाड़ने का विरोध करने पर पांच लोगों ने एक किसान को पीटा। हत्या की नीयत से तमंचे से फायर किया। पीड़ित ने एसएसपी को शिकायती पत्र भेजा लेकिन कार्रवाई नहीं हुई तो वह कोर्ट की शरण में गया। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई है।

थाना अलापुर क्षेत्र के गांव बरारा निवासी अजयपाल पुत्र रामनिवास ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि गांव निवासी सौदान, महेंद्र, भारत, घनपाल और ओम सिंह गिरोह चलाकर गांव में आए दिन घटनाएं करते रहे हैं। वह लोग 15 अगस्त 2023 सुबह लगभग सात बजे अजयपाल अपने खेत में खंटा गाड़ रहे हैं। उसने विरोध किया। आरोप है कि सौदान ने तमंचा निकाला और हत्या की नीयत से उनके ऊपर फायर कर दिया। वह बच गए। इस दौरान गांव के कुछ लोगों को देखकर भाग गए। पीड़ित ने 8 सितंबर 2023 को एसएसपी कार्यालय शिकायती पत्र भेजा लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। जिसके चलते कोर्ट की शरण में गए। कोर्ट के आदेश पर आरोपी सौदान, महेंद्र, भारत, धनपाल और ओम सिंह के खिलाफ जानलेवा हमला सहित कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज हुई है।

### चोरी हुए आठ मोबाइल बरामद

**मैगलगंज, अमृत विचार :** थाना मैगलगंज पुलिस ने कफिल निवासी मोहल्ला रामनगर व सुरजीत कश्यप निवासी मोहल्ला कैलाशपुरी कस्बा मैगलगंज को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों के पास से चोरी किए गए आठ एंड्रॉयड मोबाइल फोन व कफिल के पास से एक तमंचा व कारतूस बरामद होने का दावा किया है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
मेरी पुत्री का सही नाम अंकिशा जौहरी व उसकी जन्मतिथि 27.08.2009 है जबकि उसको अंकिशा कहा जाता है। अंकिशा जौहरी व अंकिशा दोनों ही नाम मेरी पुत्री के हैं। भविष्य में मेरी पुत्री को अंकिशा जौहरी के नाम से जाना व पहचाना जाये। **अमित जौहरी पुत्र ज्ञान प्रकाश जौहरी, निवासी बी-319 इफ्को टाउनशिप, आंवला, जनपद बरेली**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला अस्पताल के निकट मेरा एक बैग जिसमें मेरे हाईस्कूल की मार्कशीट वर्ष 2016 अनुक्रमांक 1078047, इण्टर की मार्कशीट वर्ष 2019 अनुक्रमांक 0715216, आधार कार्ड, पैन कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, अल्ट्रासाउण्ड स्लिप आदि जरूरत दस्तावेज थे कहीं खो गया है जो काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिला है। **तबस्सुम पुत्री अशरफ अली निवासी ग्राम अहमदनगर, पो. रामापुर बरकतपुर, शाहजहाँपुर**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नन्हे बख्श (NANNHE BAKHS) (पुराना नाम) से बदलकर नन्हे बक्श (नया नाम) (NANHE BAKSH) कर लिया है। भविष्य में मुझे नन्हे बक्श (NANHE BAKSH) (नया नाम) पुत्र हबीबुल्ला के नाम से जाना व पहचाना जाये। **नन्हे बक्श पुत्र श्री हबीबुल्ला निवासी- खमरिया पुल कुकरी खेड़ा, पीलीभीत**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# सीमा पर बीएसएफ ने किया फ्लैग मार्च


सूडा बाजार में फ्लैग मार्च करती गौरीफंटा पुलिस व बीएसएफ जवान। ● अमृत विचार

संवाददाता, पलिया कलां

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव को लेकर भारत-नेपाल सीमा पर सतर्कता बढ़ा दी गई है। रविवार को अर्द्धसैनिक बल ने गौरीफंटा पुलिस के साथ नेपाल सीमा और उससे सटे गांवों में फ्लैग मार्च किया। नेपाल बॉर्डर के करीब स्थित थारु ग्राम बनगवां, कजरिया, वनकटी, सरियापारा, भूड़ा, सूंडा सहित आस पास के गांवों में गौरीफंटा कोतवाल अवधेश कुमार यादव ने अर्द्ध सैनिक बल के जवानों को साथ लेकर फ्लैग मार्च किया। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्र में सुरक्षा को लेकर हमारी और आप सबकी जिम्मेदारी काफी बढ़ जाती है।

सभी को चुनाव में संयम बरतने की हिदायत दी। सुरक्षा बलों के फ्लैग मार्च को देख कर सड़क पर सन्नाटा पसर गया।

# मारपीट कर दंपती को किया घायल

**पसगवां, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर तफज्जुल हुसैन ने दंपती को लाठी डंडों से पीट कर घायल कर दिया। घटना 10 मार्च की है। नीरज कुमारी पत्नी रामसनेही गोबर डाल रही थी। इसी दौरान घरेलू विवाद को लेकर उसका जेठ लालाराम गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर लालाराम और उसकी पत्नी पुष्पा ने लाठी डंडों से पिटाई कर दी।

पत्नी को बचाने आए रामसनेही को भी हमलावरों ने पिटाई कर घायल कर दिया। नीरज की तहरीर पर पुलिस ने लालाराम और पुष्पा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर घायलों का चिकित्सकीय परीक्षण कराया।

## एक नजर

### अवध असम एक्सप्रेस से महिला के जेवर और नगदी से भरा पर्स चोरी

**बरेली।** अवध असम एक्सप्रेस से महिला यात्री का पर्स चोरी हो गया। पर्स में नकदी और जेवर थे। महिला ने बरेली जंक्शन जीआरपी थाना में तहरीर दी है। जीआरपी ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। गुवाहाटी के थाना दिसपुर निवासी प्रीति चौधरी ने जीआरपी में दी तहरीर में बताया कि वह अवध असम एक्सप्रेस के कोच संख्या-ए 1 की सीट 14 पर बैठी थीं। ट्रेन जब बाराबंकी रेलवे स्टेशन के आसपास थी तो उनका बैग किसी ने चोरी कर लिया। बैग में अस्सी हजार रुपये, चांदी के दो सिक्के, एक मोबाइल फोन, आधार कार्ड, पैन कार्ड और कुछ जरूरी सामान रखा था। जीआरपी थाना प्रभारी अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि महिला की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज करके विवेचना बाराबंकी रेलवे स्टेशन ट्रांसफर कर दी गई है।

### फज्र की नमाज पढ़ रहे रोजेदार की मौत, कोहराम

**सैदनगर(रामपुर)।** अजीमनगर थाना क्षेत्र के गांव सींगनखेड़ा निवासी हामिद हुसैन उर्फ नन्हें (60) रविवार सुबह फ्रज की नमाज पढ़ने के लिए मस्जिद में गए थे। वुजू करने के बाद रोजेदार जमात के साथ नमाज अदा करने लगे। जमात की नमाज के दौरान वह अचानक फर्श पर गिर गए। सलाम फेरने के बाद अन्य नमाजियों ने बुजुर्ग को जमीन पर गिरा देखा तो घरवालों को सूचना दी। जानकारी मिलने पर पहुंचे परिजन उन्हें निजी चिकित्सक के यहां ले गए। लेकिन तब तक बुजुर्ग रोजेदार की मौत हो चुकी थी। बुजुर्ग की मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका। डॉक्टर चक्कर खाकर गिरने से मौत मान रहे हैं।

### हवालात से फरार हिस्ट्रीशीटर अंकित का सुराग नहीं

**बरेली।** 23 फरवरी को कोर्ट की सदर हवालात काटकर हिस्ट्रीशीटर अंकित यादव और गैंगस्टर सचिन सैनी फरार हुए थे। दोनों की गिरफ्तारी के लिए एसओजी समेत पुलिस की छह टीमें लगाई गई थीं। इस मामले में पुलिस ने अंकित यादव की पत्नी आशी और उसके दोस्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। कुछ दिनों पहले पुलिस ने सचिन सैनी को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा था लेकिन अभी तक अंकित को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। सदर हवालात के ठीक बगल में सत्र हवालात है। पिछले साल भी एक बंदी हवालात काटकर भाग निकला था।

# तौकीर की गिरफ्तारी के लिए प्रयागराज से पश्चिम बंगाल तक दबिश दे रही पुलिस

## दावा : तौकीर की गिरफ्तारी के लिए आठ और टीमें, कई राज्यों में दबिश


बरेली कार्यालय

- मोबाइल फोन ज्यादातर बंद रहने से नहीं मिल पा रही है आईएमसी प्रमुख की सटीक लोकेशन
- अदालत में दंगे के केस की सुनवाई कल, पुलिस ने गिरफ्तारी के लिए पूरा जोर लगाया
- रोज रात को तौकीर रजा के घर पर भी दी जा रही है दबिश, अब तक कोई सुराग नहीं

**अमृत विचार :** शहर में 2010 में हुए दंगे के मुख्य अभियुक्त करार दिए गए आईएमसी प्रमुख तौकीर रजा खां का अब तक कोई पता नहीं लगा है। इस बीच पुलिस अफसरों ने दावा किया है कि तौकीर की गिरफ्तारी के लिए आठ और टीमें बरेली से रवाना की गई हैं जो कई राज्यों में उसके संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही हैं लेकिन अब तक कोई कामयाबी नहीं मिल पाई है। तौकीर का मोबाइल फोन ज्यादातर बंद रहने से कोई सटीक लोकेशन तक नहीं मिल पा रही है।

दंगे के केस की पिछली सुनवाई के दौरान 13 मार्च को अदालत ने एसएसपी को तौकीर रजा को गिरफ्तार कर पेश करने का आदेश दिया था। अब 19 मार्च को फिर सुनवाई है लेकिन पुलिस अब तक तौकीर का कोई सुराग हासिल नहीं कर पाई है। अब तक पुलिस की दो टीमें ही तौकीर की तलाश में जुटी हुई थीं लेकिन अब अफसरों का कहना है कि तौकीर की गिरफ्तारी के लिए आठ और टीमें गठित की गई हैं।

ये टीमें प्रयागराज, लखनऊ, अजमेर, दिल्ली, हैदराबाद और पश्चिम बंगाल के कुछ शहरों में उसके संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। फिर भी तौकीर रजा का कोई सुराग नहीं मिल पा रहा है। अफसरों के मुताबिक पश्चिम बंगाल में पुलिस टीम इसलिए भेजी गई है क्योंकि नौ फरवरी को जेल भरो का एलान करने के बाद तौकीर रजा ने पश्चिम बंगाल का दौरा किया था। पुलिस अधिकारियों ने पहले 10-10 पुलिस कर्मियों की दो टीमें बनाई थीं। बाकी जो आठ टीमें गठित की हैं, उनमें दो से तीन पुलिसकर्मियों को शामिल किया गया है। इनमें थाना किला, किला, प्रेमनगर, कोतवाली समेत दूसरे थानों के पुलिसकर्मी शामिल हैं।



### तीन नंबरों पर ज्यादा बातचीत, एक बरेली और दूसरा हैदराबाद का

पुलिस के मुताबिक तौकीर रजा का मोबाइल फोन कभी बंद हो रहा है तो कभी खुल रहा है। तौकीर का मोबाइल फोन खुलते ही फौरन अंतिम लोकेशन निकालकर टीम को रवाना किया जा रहा है। पुलिस टीमें तौकीर के साथ उसके करीबियों की भी लोकेशन पता करने के साथ उनकी कॉल डिटेल की जांच कर रही हैं। रात को तौकीर के घर पर भी दबिश दी जा रही है। बताया जा रहा है कि तौकीर ने अब तक जब भी अपना मोबाइल फोन चालू किया है, तीन नंबरों पर ही ज्यादातर बातचीत हुई है। इनमें एक नंबर हैदराबाद और दूसरा बरेली का बताया जा रहा है। पुलिस टीम इस बिंदु पर भी जांच कर रही हैं।

> तौकीर रजा की गिरफ्तारी के लिए 10 टीमें सक्रिय हैं जो कई राज्यों के अलग-अलग शहरों में दबिश दे रही हैं। तौकीर का मोबाइल फोन कभी बंद और कभी चालू हो रहा है। पुलिस जल्द ही तौकीर को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करेगी।
> – पंकज श्रीवास्तव, सीओ प्रथम

## महिलाओं का समूह बनाकर अधिक मुनाफे का झांसा देकर ठगी

**बरेली, अमृत विचार :** इज्जतनगर में महिलाओं का समूह बनाकर अधिक मुनाफा कमाने का झांसा देकर एक व्यक्ति से हजारों रुपये ठग लिए गए। पीड़ित के बेटे ने थाना इज्जतनगर में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

सीबीगंज की आईटीआर कॉलोनी निवासी साहिल ने तहरीर में बताया कि उनके पिता मोहम्मद असलम से प्रेमनगर नर्सरी थाना इज्जतनगर निवासी अमन भाटिया ने 30 महिलाओं का समूह बनाने को कहा। अमन ने झांसा दिया कि इसमें कमीशन मिलेगी। आरोपी की बातों में आकर पिता ने 30 महिलाओं का समूह बनाकर प्रत्येक महिला से 30-30 हजार रुपये जमा कराये। मुनाफा न मिलने पर जब आरोपी से कहा तो उसने 15 मार्च को उनके पिता और चाचा मोहम्मद अकरम को रुपये देने के लिए बुलाया। जब दोनों लोग प्रेम नर्सरी पहुंचे तो अमन भाटिया और 10-12 साथियों ने हमला कर दिया, जिसमें पिता और चाचा घायल हो गए। जिन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इज्जतनगर पुलिस ने अमन भाटिया व उसके साथियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# पिटबुल ने आठ साल के बालक को किया घायल

रामपुर कार्यालय



- बालक का जिला अस्पताल में चल रहा है उपचार
- कुत्ते के मालिक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज, जांच शुरू

**अमृत विचार :** पिटबुल (कुत्ते) ने आठ साल के बालक को काटकर घायल कर दिया। परिजन उसका जिला अस्पताल में इलाज करा रहे हैं। पीड़ित ने आरोपी कुत्ते मालिक के खिलाफ तहरीर दी। इसके आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली थाना क्षेत्र के मोहल्ला फर्राशान निवासी लक्ष्मण यादव का कहना है कि उसका आठ साल के बेटे केशव को पास के ही रहने वाले चंद्र मोहन दुआ के पिटबुल ने बुरी तरह काट कर जख्मी कर दिया। उसका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। पीड़ित ने चंद्र मोहन दुआ के खिलाफ तहरीर दी। इसके बाद पुलिस कुत्ते के मालिक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पीड़ित का कहना है कि दो साल के अंदर यह कुत्ता कई लोगों को काट चुका है। इसको जल्द कार्रवाई की जाए।

### ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट में आकर आठवीं के छात्र की मौत

**रामपुर।** ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट में आकर कक्षा आठ के छात्र की मौत हो गई। इससे परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। पटवाई थाना क्षेत्र के गांव लदौरा निवासी मोतीराम का 10 वर्षीय पुत्र विजय कक्षा आठ का छात्र था। रविवार की सुबह करीब 10 बजे वह घर के बाहर साइकिल चला रहा था। तभी सामने से आई ट्रैक्टर-ट्राली ने उसे टक्कर मार दी। इस दौरान छात्र पहिये के नीचे आ गया। हादसे के बाद आसपास के लोग मौके की ओर दौड़ पड़े। इसके बाद परिजन विजय को लेकर अस्पताल पहुंचे। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। यह सुनते ही परिजन बुरी तरह बिलखने लगे। बाद में पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# अब मेटा की रिपोर्ट मिलने के बाद आगे बढ़ेगी जांच

बरेली, कार्यालय

- शाहजहांपुर के पीडब्ल्यूडी ठेकेदार की हत्या के आरोपी शूटर आसिफ खान का वायरल वीडियो मामला

**अमृत विचार :** हत्या के आरोपी शूटर आसिफ खान का सेंट्रल जेल में शूट किया हुआ वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड करने के मामले में जेल प्रशासन की जांच मेटा की रिपोर्ट पर आकर फिलहाल थम गई है। पुलिस की ओर से यह रिपोर्ट अगले सप्ताह देने की बात कही गई है।

इस में अब तक तीन वार्डर को सस्पेंड किया जा चुका है। एक डिप्टी जेल को मुख्यालय से संबद्ध करने के साथ दो जेलरों से स्पष्टीकरण भी मांगा गया है। अब मेटा की रिपोर्ट से इस बात की पुष्टि होनी है कि वीडियो जेल में किस वक्त शूट किया गया और उस दौरान आसिफ की बैरक पर किसकी ड्यूटी है। प्रकरण की जांच कर रहे डीआईजी जेल कुंतल किशोर ने पुलिस के अधिकारियों से मेटा की रिपोर्ट मांगी है जिसे आने में करीब एक सप्ताह लगेगा। इस बीच, रविवार को नए वरिष्ठ जेल अधीक्षक अविनाश गौतम ने कार्यभार संभाल लिया। डीआईजी जेल ने बताया कि मेटा की रिपोर्ट मिलने तक कुछ बिंदुओं पर जांच की जाएगी।

## विश्वविद्यालय ने बरेली कॉलेज को 71 रन से हराया

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय के मैदान में रविवार को विश्वविद्यालय एकादश और बरेली कॉलेज एकादश के बीच क्रिकेट मैच खेला गया, जिसमें विश्वविद्यालय ने 71 रन से जीत हासिल की। विश्वविद्यालय की टीम ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 229 रन बनाए जिसमें कमल सिंह ने 106, अरविंद सिंह ने 51, विक्रम ने 27 और हितेश तिक्खा ने 13 रन बनाए। अरविंद ने दो और हितेश ने तीन विकेट भी लिए। जवाब में बरेली कॉलेज की पूरी टीम 158 रन ही बना सकी। इसमें अश्वनी कुमार ने 27, डॉ. इंदीवर ने 25, अमित चिकारा ने 22, आशु चौहान ने 17 और डॉ. रमेश ने नौ रन बनाए।

# वंदे भारत में लखनऊ तक किराया 1585 रुपये

कार्यालय संवाददाता, बरेली



- वंदे भारत एक्सप्रेस की रविवार को टिकटों की बिक्री शुरू
- एसी चेयर कार में सफर करने के लिए चुकाने पड़ेंगे 910 रुपये

**अमृत विचार :** लखनऊ-देहरादून वंदे भारत एक्सप्रेस की टिकटों की बुकिंग रविवार से शुरू हो गई। ट्रेन 26 मार्च से नियमित शुरू होगी। ट्रेन में बरेली से लखनऊ तक एक्जीक्यूटिव चेयर कार का किराया 1585 रुपये और एसी चेयर कार में 910 रुपये का किराया लगेगा।

इसके अलावा बरेली से मुरादाबाद तक एसी चेयर कार में 445 रुपये और एक्जीक्यूटिव क्लास में 840 रुपये, हरिद्वार तक एसी चेयर कार में 840 और एक्जीक्यूटिव क्लास में 1555, देहरादून तक एसी चेयर कार में 1015 और एक्जीक्यूटिव क्लास में 1800 रुपये किराया रखा गया है। सुविधाओं के लिहाज से देखें तो किराया लगभग राजधानी एक्सप्रेस के बराबर है लेकिन श्रेणी के हिसाब से वंदे भारत एक्सप्रेस महंगी है, क्योंकि राजधानी एक्सप्रेस में एसी स्लीपर कोच होते हैं, जबकि वंदे भारत एक्सप्रेस में चेयरकार कोच लगे हैं।

राजधानी एक्सप्रेस में लखनऊ तक थर्ड एसी का किराया 930 रुपये है। राजधानी के अलावा अन्य ट्रेनों की तुलना में वंदे भारत का किराया दोगुना है। दूसरी ट्रेनों में थर्ड एसी का किराया 555 रुपये। इसके अलावा राज्यरानी और एसी डबल डेकर में चेयर कार का लखनऊ तक किराया 435 रुपये है।

### सप्ताह में छह दिन चलेगी वंदे भारत एक्सप्रेस

मुरादाबाद, अमृत विचार : वंदे भारत एक्सप्रेस के नियमित संचालन का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। 26 मार्च से वंदे भारत ट्रेन सप्ताह में छह दिन लगातार देहरादून से लखनऊ और लखनऊ से देहरादून चलेगी। इस बीच वंदे भारत ट्रेन दोनों फेरों में मुरादाबाद में रुकेगी। सिर्फ सोमवार को इसका संचालन नहीं होगा। सीनियर डीसीएम सुधीर सिंह ने बताया कि (22545) लखनऊ- देहरादून वंदे भारत एक्सप्रेस लखनऊ से सुबह 5 :15 बजे चलेगी। जिसके बाद बरेली व सुबह 9 :52 बजे मुरादाबाद पहुंचेगी। यहां पांच मिनट ठहरने के बाद चलेगी। दोपहर 12 :10 बजे हरिद्वार व 1 :35 बजे देहरादून पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि देहरादून से वापसी में दोपहर 2 :45 बजे चलकर दोपहर 3 :26 बजे हरिद्वार, शाम 5 :40 बजे मुरादाबाद, 7 :03 बजे बरेली होते हुए रात 10 :40 बजे लखनऊ पहुंच जाएगी। उन्होंने बताया कि यात्री वंदे भारत में चेयरकार व एक्जीक्यूटिव चेयरकार में बैठकर सफर कर सकेंगे।

# वेटिंग 200 के पार, होली पर घर आना हुआ दुश्वार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में सवार होते मुसाफिर। ● अमृत विचार

- तत्काल कोटे का कन्फर्म टिकट बुक कराने के लिए यात्री परेशान
- गोमती एक्सप्रेस के स्लीपर कोच में वेटिंग पहुंची 50

**अमृत विचार :** होली का त्योहार जैसे जैसे करीब आ रहा है। ट्रेनों में सीटों की वेटिंग उतनी ही बढ़ती जा रही है। त्योहार पर जो लोग सुविधाजनक सफर कर घर आने का सपना देख रहे थे, उस पर अब पानी फिर गया है, क्योंकि गैर राज्य से आने वाली ट्रेनों में वेटिंग का आंकड़ा जहां 200 के पार पहुंच गया है। तो वहीं मैलानी से गोरखपुर जाने वाली एक्सप्रेस में स्लीपर की वेटिंग 50 पहुंच गई हैं। रेलवे के लोग बताते हैं कि वेटिंग इतनी ज्यादा है कि होली वाले दिन तक टिकट कंफर्म होने की गुंजाइश नहीं दिख रही।

दिल्ली से लेकर देश के अन्य राज्यों में जिले के तमाम लोग रह रहे हैं। अब यह सभी त्योहार पर घर आने के लिए ट्रेनों में सीट रिजर्व कराने के लिए परेशान हैं,क्योंकि लखनऊ और शाहजहांपुर आने वाली लगभग सभी ट्रेनों में आरक्षित सीट फुल हो चुकी है। इन ट्रेनों में वेटिंग का आंकड़ा भी 200 के पार है। ऐसे में होली पर लोगों का घर आना चुनौती बन गया है। तत्काल कोटे के टिकट भी लोगों को राहत नहीं दे पा रहा है।

किसी भी ट्रेन में लोगों को कन्फर्म आरक्षित टिकट नहीं मिल पा रहा है। काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस, नीलांचल एक्सप्रेस हो या फिर मुंबई से आने वाली उद्योग नगरी व साकेत एक्सप्रेस एवं अमृतसर से हावड़ा जाने वाली पंजाब मेल में सीटें फुल चल रही है। इतना ही नहीं मैलानी से गोरखपुर जाने वाली गोमती एक्सप्रेस में स्लीपर की 50 वेटिंग चल रही है।

### स्लीपर कोच की कमी, यात्रियों के लिए बनी बाधक

मैलानी गोरखपुर एक्सप्रेस में स्लीपर कोच की कमी यात्रियों के लिए मुसीबत बन रही है। इस ट्रेन में एसी कोच की संख्या ज्यादा है। रेलवे के लोग बताते हैं कि पहले मैलानी गोरखपुर में छह से सात स्लीपर कोच थे, लेकिन इनकी संख्या कम करके चार कर दी गई है। जबकि एसी कोच बढ़ा दिए गए। जबकि इस रूट पर स्लीपर कोच की आवश्यकता ज्यादा है।

# आजम खां समेत चारों दोषियों की सजा का आज होगा ऐलान

रामपुर कार्यालय

- एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट ने शनिवार को दिया था दोषी करार

**अमृत विचार :** डूंगरपुर के एक मामले में शनिवार को एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट ने सपा नेता आजम खां, पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर खां, ठेकेदार बरकत अली और रिटायर्ड सीओ आलेहसन को दोषी करार दिया था। इस मामले में चारों को आज सजा सुनाई जाएगी।

गंज थाना क्षेत्र की डूंगरपुर बस्ती को खाली कराने को लेकर 2019 में 12 मुकदमे दर्ज हुए थे। यह सभी मामले बस्ती में रहने वाले लोगों की ओर से दर्ज कराए गए थे। इनमें घरों में घुसकर मारपीट, गाली-गलौज व डकैती के आरोप में सपा के पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर अहमद खां, ठेकेदार बरकत अली, रिटायर्ड सीओ आले हसन के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। पुलिस ने सभी मामलों में चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी थी। इसकी सुनवाई एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में चल रही थी।

आजम खां से जुड़े डूंगरपुर के एक मामले शनिवार को एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में आजम खां सीतापुर जेल से पहुंचे थे। जबकि पूर्व पालिका अध्यक्ष अजहर खां बिजनौर से आए थे। उसके बाद कोर्ट ने सपा नेता आजम खां, बरकत अली, पूर्व सीओ आलेहसन खां, पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर खां को आईपीसी की धारा 452, 427, 504, 506 एवं 120बी में दोषी करार दिया था।

### कॉर्बेट के ढेला रेंज में नर हाथी का शव मिलने से मचा हड़कंप

**रामनगर।** जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क के ढेला रेंज के हल्दूखेड़ा पूर्वी में एक दांत वाले हाथी का शव मिला। सूचना पर मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने हाथी के शव को जलाकर नष्ट कर दिया।


**कार्यालय ग्राम पंचायत मझौआ हेतराम, वि.खं. भुता, बरेली**

पत्रांक : 88/लेखा/निविदा/वर्ष 2023-24 दिनांक : 16.03.2024

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मझौआ हेतराम में मनरेगा योजना के अन्तर्गत वर्ष 2023-24 में निम्न निर्माण होना है, जिसके लिए प्रथम श्रेणी की ईंट, रोड़ी, बजरी, बजरफुट, सीमेन्ट, रेता आदि आपूर्ति हेतु दिनांक 21.03.2024 तक निविदा आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाओं को उसी दिन शाम 4 बजे खोला जायेगा।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनु० लागत |
| --- | --- | --- |
| 1. | भगवान दास के घर से सुधीर पाण्डे के घर तक सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य | 1,99,833.00 |
| 2. | मेन रोड से मजार तक सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य | 1,86,182.00 |

प्रधान-श्रीमती रुकसाना बेगम सचिव-श्री ब्रजेश कुमार

**कार्यालय ग्राम पंचायत सरकड़ा, वि.खं. बिथरी चैनपुर (बरेली)**

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सरकड़ा में मनरेगा योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य कराए जाने हैं अत: निम्न कार्यो की निर्माण सामग्री जैसे रेता, बजरफुट, बजरी, प्रथम ईट, रोड़ा, मिट्टी आदि की आपूर्ति हेतु सीलबन्द निविदा पंचायत कार्यालय पर दिनांक 19.03.2024 को दोपहर 2 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन सायं 4 बजे खोली जायेगी।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
| --- | --- | --- |
| 01. | ग्राम सरकड़ा में आनंद के घर से कन्हई लाल के मकान तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य। | 04 लाख |

भगवान दास
ग्राम विकास अधिकारी

विभा
ग्राम प्रधान

**कार्यालय नगर पंचायत शेरगढ़ (बरेली)**

पत्रांक : 988/न.पं. शेरगढ़/प्रकाशन सूचना/वर्ष 2023-24 दिनांक 12.03.2024

**आवश्यक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शिवम् पुत्र श्री राजीव कुमार नि. मो. ठाकुरदास वार्ड सं. 7 नगर पंचायत धौरा टांडा, तहसील-बहेड़ी, जिला-बरेली द्वारा कार्यालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि प्रार्थी की दादी श्रीमती सोमवती पत्नी श्री किशोर नि.मो. ब्राह्मनान परगना कावर तहसील-बहेड़ी, जिला-बरेली के द्वारा कराया गया रजिस्टर्ड वसीयतनामा दिनांक 02.08.2021 को किया गया है जिसके साथ रजिस्टर्ड वसीयतनामा का अभिलेख संलग्न कर कार्यालय अभिलेखों में अमल दरामद कराने हेतु प्रस्तुत किया है। जिसकी सीमाएं पूरब दिशा में मकान भूरा, पश्चिम दिशा में रास्ता-सड़क, उत्तर दिशा में मकान पुत्तन व दक्षिण दिशा में मकान शकील का है। उक्त कार्यवाही कार्यालय स्तर पर किया जाना है।

अत: उक्त अमल दरामद के सम्बन्ध में यदि किसी को कोई भी आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति प्रकाशन के दिनांक से 30 दिवस के अन्दर अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत शेरगढ़ जनपद बरेली के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस एवं कार्यालय समय में प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद प्राप्त शिकायतों पर विचार नहीं किया जायेगा। उक्तानुसार कार्यवाही कर दी जायेगी।

अधिशासी अधिकारी-नगर पंचायत शेरगढ़, जनपद-बरेली

**कार्यालय सम्भागीय परिवहन अधिकारी, बरेली सम्भाग, बरेली।**

पत्रांक सं. : 508/टीआर/यू.पी.-25 डीएफ 8571/2024 बरेली, दिनांक : 02.03.2024

**प्रेस विज्ञप्ति**

श्रीमती शान्ति देवी पत्नी श्री सूरज पाल नि. मिर्जापुर-उमरसिया, थाना-कैन्ट, जिला-बरेली के नाम पंजीकृत वाहन संख्या यूपी 25 डीएफ 8571 को फाइनेन्सर कोटक महिन्द्रा बैंक, श्री नाथजी मार्केट, खुनखुन जी रोड, चौक, लखनऊ द्वारा वाहन की किस्तें अदा न हो पाने के कारण अपने कब्जे में ली गयी है तथा कम्पनी के कब्जे (गैराज) में हैं फाइनेन्सर द्वारा उक्त वाहन के सम्बन्ध में नियम 61(2) के अन्तर्गत कार्यवाही किये जाने का आवेदन किया गया है। वाहन स्वामी को इस कार्यालय के पत्र संख्या 1539/2023 दिनांक 27.07.2023, पत्र संख्या 1965/2023 दिनांक 12.09.2023 द्वारा सुनवाई का अवसर प्रदान करते हुए अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु पत्र पंजीकृत डाक से प्रेषित किये गये। किन्तु न तो वाहन स्वामी द्वारा को उत्तर दिया गया और न ही वह स्वयं इस कार्यालय में उपस्थित हुए है। अत: उक्त प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से वाहन स्वामी को एक अंतिम अवसर अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु प्रदान किया जाता है। यदि अब भी वाहन स्वामी अपना पक्ष प्रस्तुत नही करता है तो फाइनेन्सर के पक्ष में निर्णय लिया जा सकता है।

सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन), बरेली।


# होली पर कई रूटों पर चलेंगी अधिक बसें

बरेली कार्यालय



- बरेली रीजन के वर्कशॉप में रोडवेज बसों की कमियों को किया जा रहा दूर

**अमृत विचार :** होली पर यात्रियों को अपने घर पहुंचने में दिक्कत न हो, इसके लिए परिवहन विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी है। परिवहन विभाग करीब 10 रूटों पर अधिक बसें चलाएगा। इसके लिए वर्कशॉप में बसों की कमियों को दूर किया जा रहा है। वहीं कर्मचारियों के अवकाश पर रोक लगा दी गई है। इसके अलावा लगातार ड्यूटी करने पर कर्मचारियों को प्रोत्साहन राशि भी दी जाएगी।

25 मार्च को होली है। दूसरे शहरों में रह रहे लोग त्योहार पर अपने घर को लौटने लगे हैं। आने वाले दिनों में संख्या अधिक होगी। यात्रियों को दिक्कत न हो इसके लिए परिवहन विभाग ने दिल्ली, कानपुर, टनकपुर, हल्द्वानी, नैनीताल, रामपुर, मुरादाबाद के अलावा छोटे रूटों पर अधिक बसें चलाने और फेरे बढ़ाने की तैयारी की है। इसके लिए बसों की मरम्मत की जा रही है। इसके अलावा 22 से 31 मार्च तक कर्मचारियों की छुट्टियों पर रोक लगा दी गई है।

वर्कशॉप में काम करने वाले सभी प्रकार के कर्मचारियों को 10 दिन ड्यूटी करने पर 15 सौ रुपये और 11 दिन ड्यूटी करने पर 18 सौ रुपये प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। सेवा प्रबंधन धनजीराम ने बताया कि होली को लेकर रोडवेज की तरफ से तैयारी की जा रही हैं। कई रूटों पर अधिक बसें चलाई जाएंगी।

## नेपाल सीमा पर भी चौकस हैं एजेंसियां

**खटीमा, अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव की घोषणा और आचार संहिता लागू होने के साथ ही भारत नेपाल सीमा और उत्तर प्रदेश सीमा छेत्र में पुलिस ने रविवार को गहन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। सीमा पर तैनात सशस्त्र सीमा बल ने भी गश्त और चेकिंग तेज कर दी है।

लोकसभा चुनाव की घोषणा और उत्तराखंड में पहले ही फेस में कराए जाने वाले मतदान को देखते हुए पुलिस प्रशासन तत्काल चुनावी मोड में आ गया है। पुलिस ने बाहरी क्षेत्र से आने जाने वाले वाहनों की गहन चेकिंग अभियान शुरू कर दिया है। इसी क्रम में आज रविवार को भारत नेपाल सीमा से लगे झनकइया थाना क्षेत्र में उप निरीक्षक मनोज देव, उपनिरीक्षक रूबी मौर्य और कांस्टेबल राजेंद्र ओली द्वारा पूरनपुर, माधोटांडा के साथ ही गभिया, नौजलिया, रामनगरा, बोडीभुद, सुंदरनगर आदि क्षेत्रों से आने जाने वाले वाहनों की सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस अभियान में कोई संदिग्ध गतिविधि नहीं पाई गई। उधर उत्तर प्रदेश सीमा पर सत्रहमील पुलिस चौकी प्रभारी ललित बिष्ट ने अपनी टीम के साथ चेकिंग अभियान चलाया।

# 20 के बाद दिखेगा अल-नीनो का असर

नरेन्द्र देव सिंह, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मौसम विभाग के अनुसार यह वर्ष अल-नीनो के प्रभाव वाला वर्ष है। इस वजह से इस बार गर्मी सामान्य से ज्यादा पड़ेगी। अल-नीनो का असर मई में जाकर खत्म होगा। तब अपेक्षाकृत गर्मी से कुछ राहत मिलेगी।

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार इस बार का मौसम अल-नीनो के प्रभाव वाला है। इस वजह से दिसंबर में सामान्य से ज्यादा तापमान था तो वहीं जनवरी में सामान्य से ज्यादा ठंड पड़ी थी। फरवरी और मार्च की शुरूआत में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने और बारिश-बर्फबारी होने की वजह से अल-नीनो का असर कम हुआ था। लेकिन, अब फिर से अल-नीनो का असर दिखना शुरू हो जाएगा। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार 20 मार्च के बाद से गर्मी अपना रंग दिखाना शुरू कर देगी। 20 मार्च से अप्रैल माह तक अधिकतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री तक ज्यादा रहेगा। इसका असर पहाड़ से लेकर मैदान तक दिखेगा। कुल मिलाकर होली के बाद से ही अच्छी-खासी गर्मी शुरू हो जाएगी, जो अप्रैल में असहनीय होने लगेगी। वैज्ञानिकों के अनुसार मई माह की शुरूआत के साथ ही अल-नीनो का असर खत्म हो जाएगा। तब अपेक्षाकृत गर्मी से राहत मिलेगी।

### असामान्य गर्मी देने वाली मौसमी घटना है अल-नीनो



मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक अल-नीनो एक जलवायु संबंधी घटना है। जिसमें पूर्वी प्रशांत महासागर में सतही जल असामान्य रूप से गर्म हो जाता है। इसका असर व्यापक क्षेत्र में पड़ता है और मौसम असामान्य तौर पर गर्म होता है। हिमालयी क्षेत्रों के लिए अल-नीनो को विषम मौसम माना जाता है।

### मार्च में होने लगा है गर्मी का एहसास

**नैनीताल, अमृत विचार :** इस वर्ष बर्फबारी न होने के चलते तापमान में धीरे-धीरे बढ़ोतरी होने लगी है। लोगों ने गर्म कपड़ों को समेटना शुरू कर दिया है। हालांकि सुबह और शाम को हल्की ठंड हो रही है। लेकिन दिन में तेज धूप से लोग पसीना-पसीना हो रहे हैं। मार्च शुरू में ही गर्मी का एहसास होने लगा है, जबकि बीते वर्ष मार्च अंत के बाद हल्की गर्मी होने लगी थी। अनुमान लगाया जा रहा है कि इस वर्ष नैनीताल में भी गर्मी अधिक पड़ सकती है। बारिश व हिमपात न होने से पानी की समस्या से भी लोगों को जूझना पड़ सकता है। फायर सीजन के दौरान जंगलों में आग लगने की संभावनाएं बढ़ गई हैं। रविवार को नगर में अधिकतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस रहा।

> अब अल-नीनो का असर देखने को मिलेगा। अगले करीब डेढ़ माह तक असामान्य गर्मी पड़ेगी। मई में इसका असर खत्म होगा।
> -डॉ. आरके सिंह, मौसम वैज्ञानिक, जीबी पंत कृषि विश्वविद्यालय, पंतनगर



## चुनाव कमाल का...

- भारत के निर्वाचन आयोग की स्थापना संविधान के अनुच्छेद-324 के तहत 25 जनवरी, 1950 को की गई थी। सुकुमार सेन को देश का पहला मुख्य चुनाव आयुक्त बनाया गया था। अनुच्छेद-324 निर्वाचन आयोग को मतदाता सूची के रख-रखाव और स्वतंत्र व निष्पक्ष रूप से चुनाव के संचालन की शक्तियां देता है।

**80** लोकसभा सीट उत्तर प्रदेश में

**10.46** लाख कुल नए मतदाता उत्तर प्रदेश में

**01** लाख 75 हजार बूथ



**15** करोड़ 04 लाख 67 हजार 489 कुल मतदाता

**2.5** करोड़ कल लाभार्थी

## चुनावी तीर



चुनाव आयोग की वेबसाइट पर चुनावी बॉण्ड का जो डाटा सार्वजनिक किया गया है उससे साफ हो गया है कि मोदी चुनावी बॉण्ड के नाम पर दुनिया का सबसे बड़ा रैकेट चला रहे हैं।

**राहुल गांधी,** कांग्रेस सांसद



इलेक्ट्रोरल बॉन्ड का भ्रष्टाचार अगर दुनिया के किसी देश में होता तो सरकार चली जाती। इससे बड़ा भ्रष्टाचार दुनिया की किसी देश में नहीं हुआ है।

**रामगोपाल यादव,** प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव, सपा



राहुल गांधी एक ऐसे कप्तान हैं, जो नहीं जानते कि क्या करना है और कब करना है। जब उन्हें चुनाव की तैयारी करनी चाहिए, तब वह यात्रा पर निकल जाते हैं, और जब उन्हें यात्रा पर निकलना चाहिये, तब वह विदेश चले जाते हैं। फिर हार के बाद वह ईवीएम को लेकर शोर मचाएंगे।

**शिवराज सिंह चौहान,** पूर्व मुख्यमंत्री, मध्य प्रदेश

# उन्नाव सीट पर साक्षी बन सकते हैं जीत की हैट्रिक लगाने वाले दूसरे भाजपा नेता


● मनोज त्रिपाठी कानपुर

**अमृत विचार:** उन्नाव लोकसभा सीट एक बार फिर जीत का हैट्रिक बनाने की राह पर है। इस बार यह मौका निवर्तमान भाजपा सांसद साक्षी महाराज के पास है। हालांकि उनसे पहले भाजपा के ही देवीबख्श सिंह वर्ष 1991, 96 व 98 में लगातार तीन बार लोकसभा का चुनाव जीतकर हैट्रिक का रिकार्ड बना चुके हैं।

वर्ष 2008 में हुए परिसीमन के बाद इतिहास बदल गया। छह विधानसभा सीटों भगवंत नगर, शफीपुर, पुरवा, मोहन, बांगरमऊ और उन्नाव सदर को मिलाकर नए लोकसभा क्षेत्र उन्नाव के रूप में गठन किया गया था। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में यहां 23 लाख 34 हजार से अधिक मतदाता वोट डालेंगे। इनमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 12,39,723 तथा महिला मतदाता 10,94,371 है। विधानसभावार सबसे ज्यादा मतदाता उन्नाव सदर में 424285, इसके बाद पुरवा में 424228, भगवंत नगर में 420369, मोहान में 360927, बांगरमऊ में 360576 तथा सफीपुर में 353812 मतदाता हैं। जातीय आधार पर इस लोकसभा क्षेत्र मेंनौ लाख से अधिक पिछड़ी जाति तथा सात लाख से ज्यादा दलित मतदाता हैं। सवर्ण मतदाता लगभग साढ़े चार लाख और मुस्लिम मतदाता करीब दो लाख हैं।

उन्नाव लोकसभा सीट पर बिना कोई जोखिम उठाए भाजपा ने अक्सर अपने बयानों के कारण चर्चा में रहने वाले पिछड़ी जाति का प्रतिनिधित्व करने वाले साक्षी महाराज को तीसरी बार मैदान में उतारा है। क्षेत्र में आधे से ज्यादा मतदाता युवा हैं। लेकिन उनके सामने भाजपा से 69 वर्षीय सांसद सच्चिदानंद साक्षी महाराज हैं तो इंडिया गठबंधन से सपा ने वर्ष 2009 में कांग्रेस के टिकट पर सांसद चुनी जा चुकीं 65 साल की अन्नू टंडन को टिकट दिया है। बसपा से वरिष्ठ पत्रकार अशोक पांडेय चुनाव लड़ेंगे। वह भाजपा से भी टिकट मांग रहे थे। अन्नू टंडन वर्ष 2009, 2014 और 2019 में कांग्रेस से यहां चुनाव लड़ चुकी हैं। वह चौथी बार मैदान में हैं। पिछले दो बार से लगातार हार रही हैं। सिर्फ एक बार साल 2009 के लोकसभा चुनाव में जीत मिली थी। वर्ष 2014 और 2019 में भाजपा के साक्षी महाराज के सामने वह जमानत भी नहीं बचा सकी थीं। अन्नू टंडन ने 2020 में कांग्रेस को छोड़कर सपा का दामन थाम लिया था।

उधर, भाजपा प्रत्याशी साक्षी महाराज तीसरी बार सांसद बने तो वह जीत की हैट्रिक लगाएंगे। उन्नाव सीट से ऐसा करने वाले वह दूसरे नेता होंगे। उनसे पहले भाजपा के ही देवीबख्श सिंह इस सीट से लगातार तीन बार सांसद रह चुके हैं। उन्होंने 1991, 1996 और 1998 के चुनाव में लगातार जीत हासिल की थी। सच्चिदानंद हरि साक्षी महाराज ने वर्ष 2014 में सपा के प्रत्याशी अरुण शंकर शुक्ला 'अन्ना' को 310173 वोटों के अंतर से हराया था, जबकि 2019 में साक्षी महाराज ने अरुण शंकर शुक्ला के खिलाफ ही 400,956 वोटों से जीत हासिल की थी। साक्षी महाराज उन्नाव से पहले 1991 में मथुरा से, 1996 और 1998 में फर्रुखाबाद से भी लोकसभा का चुनाव जीत चुके हैं। इसके अलावा 2000 से लेकर 2006 तक वह राज्यसभा के सदस्य रहे थे। उनके पास की डिग्री है। वह अनेक शैक्षणिक संस्थान और आश्रम चलाते हैं। 2019 के चुनाव में साक्षी महाराज ने 400956 लाख वोटों से प्रदेश में चौथी सबसे बड़ी जीत दर्ज की थी। साक्षी महाराज को कुल 703507 मत मिले थे, जबकि सपा-बसपा गठबंधन के प्रत्याशी अरुण शंकर शुक्ला 302551 मत हासिल कर दूसरे स्थान पर रहे थे।



### धर्म, साहित्य और आजादी के नायकों की धरती

गंगा के किनारे स्थित उन्नाव का इतिहास काफी प्राचीन है। रामायण और महाभारत में इस धरती का उल्लेख मिलता है। इसे साहित्यकारों और क्रांतिकारियों की भूमि माना जाता है। यहां महर्षि वाल्मीकि, गया प्रसाद शुक्ला सनेही, पं. प्रताप नारायण मिश्र, महाकवि सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला', सुमित्रा कुमारी चौहान, भगवती चरण वर्मा, प्रताप नारायण मिश्र और शिव मंगल सिंह 'सुमन' जैसे महान साहित्यकार हुए तो मौलाना हसरत मोहानी और शहीद चंद्रशेखर आजाद जैसे आजादी के दीवानों ने भी जन्म लिया और जिले को कर्म भूमि बनाया।

**चार चुनावों में किस दल को कितने वोट (प्रतिशत में)**

| चुनाव | भाजपा | सपा | बसपा | कांग्रेस |
|---|---|---|---|---|
| 2022 विस | 51 | 36.4 | 8.9 | 1.1 |
| 2019 लोस | 57.4 | 24.7 | --- | 15.1 |
| 2017 विस | 43.5 | 19.0 | 24.9 | 6.4 |
| 2014 लोस | 43.2 | 17.4 | 16.7 | 16.4 |

### हाईवे और एक्सप्रेस वे का जाल फिर भी पिछड़े जिले में

उन्नाव ज़िला मुख्यालय लखनऊ से लगभग 60 किलोमीटर और कानपुर से 18 किलोमीटर दूर है। यह शहर चर्म उत्पादों, मच्छरदानी, जरदोजी और रासायनिक उद्योगों के लिए प्रसिद्ध है, लेकिन विकास की दृष्टि से पिछड़ा जिला है। कानपुर-लखनऊ हाईवे, लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस रोड, गंगा एक्सप्रेस-वे, कानपुर-लखनऊ ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे से जुड़ने के बावजूद जिले के तमाम गांव अभी सड़क से नहीं जुड़े हैं। पानी में फ्लोराइड के साथ बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं भी नहीं हैं। हाईवे और एक्सप्रेस-वे के बाद भी ट्रामा सेंटर नहीं है। शुक्लागंज कानपुर से जुड़ा है, पर सीवर लाइन नहीं है।

**09** लाख से ज्यादा पिछड़ी जाति के मतदाता लिखते हैं प्रत्याशियों की जीत-हार की पटकथा

**1991** 96 व 98 में लगातार तीन बार जीत का रिकार्ड बना चुके हैं भाजपा के देवीबख्श सिंह, 2019 के चुनाव में साक्षी महाराज ने दर्ज की थी चौथी सबसे बड़ी जीत




**23** लाख से ज्यादा मतदाता इस बार, पिछली बार देश में चौथा सबसे बड़ा लोकसभा क्षेत्र था

**2014 का चुनाव परिणाम**

| पार्टी | प्रत्याशी | मत |
|---|---|---|
| भाजपा | साक्षी महाराज | 5,18,834 |
| सपा | अरुण शंकर शुक्ल | 2,08,661 |
| बसपा | ब्रजेश पाठक | 2,00,176 |
| कांग्रेस | अन्नू टंडन | 1,97,098 |


**2019 का चुनाव परिणाम**

| पार्टी | प्रत्याशी | मत |
|---|---|---|
| भाजपा | साक्षी महाराज | 7,03,507 |
| सपा | अरुण शंकर शुक्ला | 3,02,551 |
| कांग्रेस | अन्नू टंडन | 1,85,634 |

# मध्य प्रदेश में 29 की 29 का दावा

● ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

- **मुख्यमंत्री यादव, प्रदेश अध्यक्ष शर्मा केंद्रीय मंत्री डा. वीरेंद्र और सांसद दुर्गादास उइके ने बनाई रणनीति**
- **पांच बार के सांसद, चार बार के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पर भाजपा ने फिर चला दांव**
- **छिंदवाड़ा में प्रधानमंत्री, गृहमंत्री सहित कई दिग्विजयों की होंगी रैलियां**



मध्य प्रदेश में इस बार भारतीय जनता पार्टी ने 29 की 29 सीटों पर परचम लहराने की रणनीति बनाई है। पिछली बार बहुत कम अंतर से कांग्रेस ने छिंदवाड़ा की एकमात्र सीट जीती थी। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के पुत्र नकुलनाथ इस बार फिर यहां से चुनाव मैदान में हैं। हालांकि विधानसभा चुनाव में इस सीट के अंतर्गत आने वाले सभी सात विधायक कांग्रेस के जीते थे। लेकिन बीजेपी हाई कमान ने छिंदवाड़ा सीट को छीनने के लिए मुख्यमंत्री मोहन यादव, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा व केंद्रीय मंत्री डा. वीरेंद्र कुमार, बैतूल 3:45 लाख मतों से जीतने वाले दुर्गादास उईके को लगाया है। छिंदवाड़ा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह सहित कई बड़े दिग्गज भी कांग्रेस के खिलाफ रैली करेंगे। राज्य में मुख्यमंत्री यादव ने यह कहकर कांग्रेसियों की नींद आराम कर दी है कि लोकसभा चुनाव के दौरान 50 हजार से ज्यादा कार्यकर्ता कांग्रेस छोड़ेंगे कई नेता बीजेपी में शामिल भी हो चुके हैं। इनमें अधिकांश छिंदवाड़ा संसदीय क्षेत्र के हैं।

2014 में बीजेपी को 29 में 27 सीटें मिली थीं। सिर्फ दो सीटों, गुना से ज्योतिरादित्य सिंधिया और छिंदवाड़ा से कमलनाथ विजयी हुए थे। 2019 के चुनाव में कांग्रेस के खाते में सिर्फ छिंदवाड़ा सीट गई थी। प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने गुना की तरह इस बार छिंदवाड़ा सीट पर भी कब्जा करने के लिए एक व्यापक रणनीति बनाई है। हालांकि वे स्वयं भी खजुराहो संसदीय क्षेत्र से उम्मीदवार है। कटनी, पन्ना व छतरपुर (तीन जिलों) में फैली यह सीट बीजेपी के लिए सबसे सुरक्षित मानी जा रही है क्योंकि सभी सात विधायक भाजपा के हैं। शर्मा ने पिछला चुनाव करीब 5 लाख मतों से जीता था। केंद्रीय मंत्री डा. वीरेंद्र कुमार को भी टीकमगढ़ से जीत काफी आसान लग रही है क्योंकि उनके विरुद्ध कांग्रेस ने विधानसभा में पराजित उम्मीदवार अनुरागी को टिकट दिया है। इसी तरह पांच बार के सांसद और चार बार के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान विदिशा संसदीय क्षेत्र से चुनाव मैदान में है। पिछले चुनाव में भाजपा ने यह सीट 5 लाख से ज्यादा मतों से जीती थी। बैतूल से बीजेपी उम्मीदवार दुर्गादास उइके ने भी पौने चार लाख मतों से जीत दर्ज की थी। बीजेपी की रणनीति के मुताबिक उक्त चारों उम्मीदवार मध्य प्रदेश की सभी 29 सीटों पर चुनावी रैलियां को संबोधित करेंगे और सबसे ज्यादा ध्यान कांग्रेस कब्जे वाली एकमात्र सीट छिंदवाड़ा पर केंद्रित होगा। यहां पर मुख्यमंत्री यादव की भी सबसे ज्यादा रैलियां होंगी। पिछले लोकसभा चुनाव में मध्य प्रदेश की 29 सीटों में बीजेपी को 58 प्रतिशत एवं कांग्रेस को 34.5 प्रतिशत वोट मिले थे। बसपा ने 25 सीटों पर उम्मीदवार खड़े किए थे और मात्र 2.4 प्रतिशत वोट मिले थे। कांग्रेस ने बुंदेलखंड के अंतर्गत खजुराहो संसदीय क्षेत्र समाजवादी पार्टी को दिया है। पिछले लोकसभा चुनाव में सपा को मात्र 0.3 प्रतिशत मत मिले थे, इसीलिए प्रदेश अध्यक्ष शर्मा की जीत सुनिश्चित बताई जा रही है। शर्मा अपने क्षेत्र से ज्यादा प्रदेश की उन सीटों पर समय देंगे जहां कांग्रेस मजबूत उम्मीदवार उतार रही है।

# संभल में यादवों के सिर सजता था जीत का सेहरा

● भीष्म सिंह देवल, संभल

**अमृत विचार:** संभल लोकसभा सीट यादव बिरादरी का मजबूत गढ़ माना जाता था कि यहां जीत दर्ज कराने वाली पार्टी कोई भी हो लेकिन विजेता उम्मीदवार यादव ही होता था। 1977 में सीट सृजन से 2009 में परिसीमन बदलने तक संभल सीट पर जीत दर्ज कराने वाले सभी उम्मीदवार यादव जाति के ही थे। मुलायम सिंह, रामगोपाल यादव और डीपी यादव संभल से चुनाव जीतकर संसद में पहुंचे। 2009 में नए परिसीमन के बाद यादव मतों की संख्या घटी तो बाजी पलट गई और मुलायम परिवार ने संभल से किनारा कर लिया। वहीं यहां जीत का सेहरा गैर यादवों के सिर सजने लगा।

संभल लोकसभा सीट 1977 में वजूद में आई। तब इस लोकसभा क्षेत्र में संभल, बहजोई, गंगेश्वरी के साथ ही उस समय जनपद बदायूं का हिस्सा रही गुन्नौर व बिसौली विधानसभा सीटें शामिल थीं। गुन्नौर व बिसौली में यादव मतदाताओं की संख्या 65 प्रतिशत से ज्यादा मानी जाती थी तो बहजोई में भी यादव मतों का बाहुल्य था। 1977 के चुनाव में संभल लोकसभा सीट पर भारतीय लोकदल की प्रत्याशी शांति देवी यादव ने जीत दर्ज कराई थी। 1980 के लोकसभा चुनाव में इंडियन नेशनल कांग्रेस इंदिरा के टिकट पर चुनाव लड़े बिजेंद्र पाल सिंह यादव संभल के सांसद चुने गये। 1984 में इंडियन नेशनल कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़कर एक बार फिर से शांति देवी यादव संभल की सांसद बनीं तो 1989 और 1991 में जनता दल के श्रीपाल सिंह यादव को संभल की जनता ने अपना सांसद चुना। डीपी यादव की निगाह संभल पर पड़ी तो धनारी में फार्म हाउस बनाकर वह संभल लोकसभा की राजनीति में सक्रिय हो गये। 1991 में डीपी यादव जनता पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़े तो हार गए, लेकिन 1996 में बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़कर संसद पहुंच गए। 1998 में मुलायम ने संभल से कभी न टूटने वाला रिश्ता जोड़ने का एलान करते हुए संभल सीट से चुनाव लड़ा रिकॉर्ड वोट से जीत दर्ज की। 1999 में मुलायम ने संभल से दोबारा जीत दर्ज की तो 2004 में रामगोपाल यादव संभल से चुनाव लड़कर संसद पहुंचे।

### 2009 के बाद मुलायम परिवार ने संभल से मुंह मोड़ा

मुलायम सिंह यादव के संभल से नाता जोड़ने की वजह यह थी कि उस समय संभल सीट उनके लिए प्रदेश की सबसे सुरक्षित सीट थी। यहां उनके लिए केवल जीत नहीं बल्कि भारी मतों से जीत दिलाने वाले समीकरण थे। 2009 में नये परिसीमन में पहला चुनाव हुआ तो उम्मीद यह थी कि रामगोपाल यादव चुनाव मैदान में उतरेंगे मगर उन्होंने संभल से किनारा कर लिया। तब से अब तक मुलायम परिवार का कोई सदस्य संभल सीट पर चुनाव लड़ने के लिए नहीं आया।

### नए स्वरूप के बाद सपा, बसपा और भाजपा के गैर यादव प्रत्याशी जीत

संभल लोकसभा सीट पर परिसीमन के बाद 2009 में हुए चुनाव में बहुजन समाज पार्टी के डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क ने जीत दर्ज की। समाजवादी पार्टी के इकबाल महमूद दूसरे नंबर पर रहे थे। वहीं 2014 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के सतपाल सैनी संभल से चुनाव लड़कर सांसद निर्वाचित हुए। 2019 में सपा, बसपा गठबंधन के हालात में चुनाव हुआ तो एक बार फिर से सपा के टिकट पर चुनाव लड़े डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क को जीत मिली।

### नये परिसीमन में घटी यादव मतों की संख्या तो पलट गई बाजी

2004 के लोकसभा चुनाव के बाद संभल लोकसभा सीट का परिसीमन बदला तो यादव बाहुल्य गुन्नौर व बिसौली विधानसभा सीट संभल से हटाकर बदायूं लोकसभा सीट में जोड़ दी गईं। इसके साथ ही बहजोई व गंगेश्वरी विधानसभा सीट खत्म कर दी गईं। असमोली के नाम से नई विधानसभा सीट का सृजन हुआ तो संभल, असमोली व चंदौसी के साथ ही मुरादाबाद जनपद की बिलारी व कुंदरकी विधानसभा सीटें संभल लोकसभा सीट का हिस्सा बन गईं। नये स्वरूप में संभल सीट यादव बाहुल्य नहीं रही तो बाजी पलट गई। नये परिसीमन में गैर यादव संभल सीट पर जीत दर्ज कराने लगे।




**1977** में सीट सृजन के बाद से 2009 में परिसीमन बदलने तक यादव उम्मीदवारों ने दर्ज कराई जीत

**1998** व 1999 में मुलायम सिंह यादव संभल से चुनाव लड़कर बने सांसद

**2004** में रामगोपाल यादव संभल लोकसभा सीट से चुनाव जीते

**2009** में परिसीमन बदला तो यादव परिवार का संभल से हो गया मोह भंग

**मुरली मनोहर जोशी लोकदल से जीते, जनता पार्टी व भाजपा से हारे, भाजपा के बची सिंह रावत ने लगातार सर्वाधिक चार जीत हासिल कर रिकॉर्ड कायम किया, कांग्रेस के हरीश रावत तीन बार जीते तो चार बार हारे**

# अल्मोड़ा से सियायत के शीर्ष तक पहुंचे कई कद्दावर

● बृजेश तिवारी, अल्मोड़ा

उत्तराखंड की पांच लोकसभा सीटों में अल्मोड़ा का राजनीतिक इतिहास काफी रोचक रहा है। आजादी की लड़ाई लड़े स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों समेत देश की राजनीति में शीर्ष तक पहुंचे कई कद्दावर नेताओं के भविष्य की नींव इसी लोकसभा सीट से पड़ी। 1952 के चुनावों के बाद हुए लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन के बाद यह संसदीय सीट स्वतंत्र रूप से अस्तित्व में आई। जिसके बाद से यहां लगातार कांग्रेस और भाजपा के बीच ही टक्कर देखने को मिली है।

आजादी के बाद देश में पहली बार 1952 में हुए लोकसभा चुनावों की बात करें तो इस उस समय अल्मोड़ा लोकसभा सीट दो भागों में बंटी हुई थी। पहली नार्थ ईस्ट और साउथ वेस्ट। पहले चुनावों में इन दोनों सीटों पर कांग्रेस के उम्मीदवारों ने विजय हासिल की। नार्थ ईस्ट से देवी दत्त और साउथ वेस्ट से सीडी पांडे विजयी हुए। 1957 में कांग्रेस उम्मीदवार हरगोविंद पंत यहां से सांसद चुने गए। जबकि 1962 के चुनाव में कांग्रेस ने एक नए उम्मीदवार जंग बहादुर को यहां से मैदान में उतारा। यह चुनाव वह जीते और उन्होंने 1967 के चुनावों में भी दोबारा इस सीट पर जीत हासिल की।

1971 में कांग्रेस ने फिर से एक नए उम्मीदवार नरेंद्र सिंह को मैदान में उतारा और उन्होंने भी यहां बाजी मार ली। लंबे समय से अल्मोड़ा सीट पर राज कर रही कांग्रेस को 1977 के चुनावों में पहली बार यहां से हार का सामना करना पड़ा। जब लोकदल के चर्चित नेता डॉ. मुरली मनोहर जोशी ने कांग्रेस के नरेंद्र सिंह को करीब 77,476 मतों से परास्त कर दिया। 1980 के चुनाव में कांग्रेस ने युवा और उभरते नेता हरीश रावत को यहां से उम्मीदवार बनाया। हरीश रावत ने इस बार जनता पार्टी के मुरली मनोहर जोशी को करारी मात दी। 1984 में हरीश रावत के सामने फिर से मुरली मनोहर जोशी भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर मैदान में उतरे। इस चुनाव में भी कांग्रेस के हरीश रावत ने उन्हें परास्त कर दिया। 1989 में हुए चुनाव में हरीश रावत ने जीत की हैट्रिक बनाते हुए निर्दलीय उम्मीदवार काशी सिंह को हरा दिया। इस तरह हरीश रावत लगातार तीन बार सांसद रहे। लेकिन कांग्रेस पार्टी के लिए जीत का यह सिलसिला लगातार कायम नहीं रख सकी।

### 1991 के बाद भाजपा ने जमाया कब्जा, सिर्फ एक बार जीती कांग्रेस

वर्ष 1991 में भाजपा ने इस सीट पर जीवन शर्मा को मैदान में उतारा। जिन्होंने कांग्रेस के हरीश रावत के तिलिस्म को तोड़ते हुए इस सीट पर जीत हासिल की। इसके बाद भाजपा के बची सिंह रावत ने 1996, 1998 व 1999 के चुनाव लगातार जीतकर हैट्रिक बनाई। इन तीनों ही चुनाव में बची सिंह रावत ने कांग्रेस के दिग्गज हरीश रावत को पटखनी दी। 2004 में बची सिंह रावत का मुकाबला हरीश रावत की पत्नी रेणुका रावत से हुआ। इस चुनाव में भी बची सिंह रावत को जीत मिली और उन्होंने सर्वाधिक चार बार जीतने का रिकॉर्ड बनाया। लगातार शिकस्त का सामना कर रही कांग्रेस ने वर्ष 2009 में प्रदीप टम्टा को मैदान में उतारा और उन्होंने जीत हासिल की। उन्होंने भाजपा के अजय टम्टा को परास्त किया। 2014 में 16 वीं लोकसभा के लिए हुए चुनाव में मुकाबला फिर से कांग्रेस के प्रदीप टम्टा और भाजपा के अजय टम्टा के बीच हुआ। इसमें भाजपा के अजय टम्टा ने बाजी मार ली और पार्टी को जीत दिला दी। 2019 में भी भाजपा के अजय टम्टा ही इस सीट से सांसद चुने गए। अब 2024 के चुनाव में बीजेपी के अजय टम्टा और कांग्रेस के प्रदीप टम्टा फिर आमने सामने हैं। इन चुनावों में अब कौन सी पार्टी इस ऐतिहासिक सीट पर कब्जा जमाएगी। यह तो भविष्य ही तय करेगा।




**अल्मोड़ा सीट पर कब कौन रहे सांसद**

| वर्ष | पार्टी | सांसद |
|---|---|---|
| 1957 | कांग्रेस | जंग बहादुर |
| 1960 | कांग्रेस | हरगोविंद पंत |
| 1962-67 | कांग्रेस | जंग बहादुर |
| 1971 | कांग्रेस | नरेंद्र सिंह |
| 1977 | लोक दल | मुरली मनोहर जोशी |
| 1980-84 व 89 | कांग्रेस | हरीश रावत |
| 1991 | भाजपा | जीवन शर्मा |
| 1996-98,99 व 2004 | भाजपा | बच्ची सिंह रावत |
| 2009 | कांग्रेस | प्रदीप टम्टा |
| 2014 व 19 | भाजपा | अजय टम्टा |

### लोकसभा में हैं 14 विधानसभाएं

अल्मोड़ा संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत चौदह विधानसभाएं धारचूला, डीडीहाट, पिथौरागढ़, गंगोलीहाट, लोहाघाट, चंपावत, द्वाराहाट, सल्ट, रानीखेत, सोमेश्वर, अल्मोड़ा, जागेश्वर, कपकोट व बागेश्वर आती हैं। जिनमें से नौ सीटों पर भाजपा और पांच सीटों पर कांग्रेस पार्टी के विधायक हैं।

अनाहूत : प्रविशति अपृष्टो बहु भाषेते ।
अविश्चस्ते विश्चसिति मूढचेता नराधम : ॥

मूर्ख व्यक्ति बिना आज्ञा लिए किसी के भी कक्ष में प्रवेश करता है, सलाह मांगे बिना अपनी बात थोपता है तथा अविश्वसनीय व्यक्ति पर भरोसा करता है ।

## संपादकीय

# लंबी चुनावी प्रक्रिया

दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में चुनाव एक ऐसी बुनियाद है, जिस पर लोकतंत्र की इमारत टिकी हुई है। इस बुनियाद को बनाए रखने में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव से जुड़े सिद्धांत और प्रक्रियाएं अहम भूमिका निभाती हैं। देश का चुनावी परिदृश्य अपने आप में अद्वितीय है। भारत के चुनाव आयोग पर स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने की जिम्मेदारी है। चुनाव आयोग का दायरा और भूमिका काफी बड़ी है। 400 से अधिक राज्य विधानसभा चुनाव, राष्ट्रपति चुनाव, उपराष्ट्रपति चुनाव और 17 बार आम चुनाव को सफलतापूर्वक कराना काफी बड़ी बात है। निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव 2024 की तारीखों की घोषणा कर दी है। 543 लोकसभा सीट के लिए चुनाव 19 अप्रैल से एक जून के बीच सात चरणों में होंगे। वोटों की गिनती 4 जून को होगी। करीब 46 दिनों तक चलने वाली ये 1951-52 के बाद दूसरी सबसे लंबी चुनावी प्रक्रिया हैं। यह ठीक है कि जिस चुनाव में लगभग 97 करोड़ मतदाताओं को भागीदारी करनी हो तो समय लगेगा ही। 2019 में भी सात चरणों में मतदान हुआ था और उसके पहले 2014 में नौ चरणों में, लेकिन 2009 में पांच चरणों में ही चुनाव करा लिए गए थे। 2021 के विधानसभा चुनाव भी 8 फेज में हुए थे। उस समय कहा गया था कि कोरोना के चलते इतने फेज में चुनाव हो रहे हैं। लेकिन इस बार तो ऐसा कुछ नहीं है।

1951-52 में हुए संसदीय चुनाव चार महीने से ज्यादा समय तक चले थे। वे लोकसभा के लिए स्वतंत्र भारत के पहले चुनाव थे। उस समय परिवहन व संचार के साधन विकास की प्रक्रिया में थे। विपक्ष भी सात चरणों में चुनाव कराने पर सवाल उठा रहा है। विपक्षी दल कह रहे हैं चुनाव तीन से चार फेज में हो सकते थे। देश में 16 मार्च से लागू हुई आचार संहिता 79 दिन तक रहेगी। तीन या चार फेज में चुनाव हो जाते तो आचार संहिता कम समय के लिए लगती। सात चरणों में चुनाव का मतलब है कि इस बीच सभी विकास कार्य रुक जाएंगे। एक तरफ विपक्ष लंबे चुनावों पर सवाल खड़े कर रहा है। वहीं भाजपा का तर्क है कि लंबे समय का लाभ सभी पार्टियों को एक जैसा मिलेगा। ये सभी दलों के लिए बराबर समय है। वास्तव में लंबी चुनावी प्रक्रिया खर्चीली ही नहीं, उबाऊ भी होती है और आचार संहिता के चलते बहुत से सरकारी काम ठप हो जाते हैं। अच्छा होता कि कहीं कम चरणों में चुनाव संपन्न कराने के प्रयत्न किए जाते।

# कमजोर कंधे और मां-बाप की उम्मीदों का बड़ा बोझ



अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

बच्चों की मानसिक स्थिति की बात करें तो अधिकांश माता-पिता अपने बच्चों को डॉक्टर और इंजीनियर के कच्चे माल की तरह यहां छोड़ जाते हैं और चाहते हैं कि कोचिंग संस्थान इनको अच्छा प्रोडक्ट अर्थात इंजीनियर या डाक्टर बना देंगे।

आजकल बच्चों पर उनके मां-बाप की उम्मीदों और ख्वाहिशों का बड़ा बोझ है। यह बोझ कभी-कभी इतना भारी हो जाता है कि बच्चे संभाल नहीं पाते और टूटकर बिखर जाते हैं। राजस्थान में इंजीनियर और डाक्टर पैदा करने वाले शहर कोटा में बच्चों के आत्महत्याओं का सिलसिला रुक नहीं रहा है।

चंबल नदी के किनारे बसा राजस्थान का शहर कोटा करीब तीन दशक में डॉक्टर और इंजीनियर बनने का ख्वाब देने वाले नौजवानों का मुख्य गंतव्य स्थल बन गया है। नब्बे के दशक में यहां गिनती के कोचिंग सेंटर हुआ करते थे। उस समय डाक्टर-इंजीनियर की तैयारी करने वाले बिहार के बच्चों के लिए पटना, बोकारो और उत्तर प्रदेश के बच्चों के लिए कानपुर डेस्टिनेशन हुआ करता था। संयोगवश एक बार यहां एक कोचिंग संस्थान के 10 छात्रों का चयन एक ही साल आईआईटी में हो गया। उसके अगले वर्ष यहां के 50 छात्र आईआईटी में चुने गए। बस फिर क्या था, भेड़िया धसान का दौड़ शुरू हो गया। लोग बाग आंखें मूंदकर कोटा की ओर दौड़ने लगे। अभिभावकों और छात्रों को लगने लगा कि जैसे यहां यहां के कोचिंग संस्थानों में कोई ऐसी जड़ी बूटी है जिसे पीकर उनके बच्चे, चाहे कैसे भी हों, इंजीनियर डाक्टर चुटकी में बन जाएंगे। परिणामस्वरूप वर्ष 2015 तक कोटा में कोचिंग का कारोबार लगभग हजार करोड़ रुपये का हो चुका था, जो आज लगभग पांच हजार करोड़ से भी ज्यादा का हो चुका है। आज यहां के लगभग डेढ़ सौ कोचिंग संस्थानों में प्रत्येक वर्ष जुलाई से लेकर जनवरी महीने के बीच दो लाख से ज्यादा छात्र नीट यूजी और जेईई की तैयारी करने के लिए आते हैं। सिर्फ राज्य सरकार को कोटा कोचिंग इंडस्ट्री से हर वर्ष लगभग 700 करोड़ रुपये का टैक्स मिलता है। कुल मिलाकर कोटा की पूरी अर्थव्यवस्था छात्रों पर निर्भर है। होटल, हास्टल, पीजी, आटो रिक्शा, साइकिल, टिफिन, मेस, किताब, स्टेशनरी, युनिफार्म, टीचिंग का धंधा जोरों पर है। यदि पूरी अर्थव्यवस्था को एक साथ देखा जाए तो लगभग यह तीस हजार करोड़ रुपए की है। लेकिन आने वाले छात्रों में सफल छात्रों के प्रतिशत को समग्र रुप से देखें तो सफलता की दर दो प्रतिशत ही है अर्थात यहां तैयारी के लिए आए 100 बच्चों में से मात्र दो बच्चे ही सफल हो पाते हैं। स्वाभाविक रूप से बच्चों पर सफल होने का दबाव ज्यादा है।

> इन सबके बावजूद आवश्यकता यह है कि बेगाने और अनजान जगह पर जहां बच्चे सिर्फ अपने अपने में लगे हैं, कोई ऐसा मिले, जिससे वो दिल खोल कर अपनी बात कह सके। कोचिंग संस्थानों को भी प्रवेश के वक्त छात्र को जांचना चाहिए कि वे उस क्षेत्र के लिए सही हैं या नहीं।

बच्चों की मानसिक स्थिति की बात करें तो अधिकांश माता-पिता अपने बच्चों को डॉक्टर और इंजीनियर के कच्चे माल की तरह यहां छोड़ जाते हैं और चाहते हैं कि कोचिंग संस्थान इनको अच्छा प्रोडक्ट अर्थात इंजीनियर या डाक्टर बना देंगे। लेकिन एक बार यहां छोड़ देने के बाद वो कभी भी यह जानने की कोशिश नहीं करते हैं कि उनके बच्चे यहां कैसे रह रहे हैं, उनको कोई परेशानी तो नहीं, कोचिंग में उसका प्रदर्शन कैसा है? ज्यादातर अभिभावक एडमिशन के बाद बच्चे को हर महीने का खर्च भेजकर अपनी जिम्मेदारी पूरी मान लेते हैं। कुछ मां-बाप तो अपने सपनों और उम्मीदों को जबरन बच्चों पर थोपते हैं। वे चाहते हैं कि उनका बच्चा डॉक्टर-इंजीनियर बन जाए, ताकि समाज में उनका रौब बढ़े, प्रतिष्ठा बढ़े, चाहे उनका बच्चा पढ़ने में कितना भी कमजोर न हो। जब बच्चों से बात होती है, तो वे हमेशा यही कहते हैं कि तुम्हें पता है ना कि किस तरह तुम्हें वहां भेजा गया है, इसलिए इस बार मुझे विश्वास है, तुम अवश्य पास कर लोगे। इस विश्वास का बोझ बच्चों पर बहुत ही भारी होता है। यद्यपि कुछ मां-बाप ऐसे अवश्य हैं, जो अपने बच्चों को लेकर काफी संवेदनशील हैं। वे अपने बच्चों की परेशानियों को समझते हैं और सही समय पर हस्तक्षेप करते हैं। आजकल यहां बच्चों को छठी क्लास से ही पढ़ने भेज दिया जा रहा है। उन्हें लगता है कि अगर वे अपने बच्चे को कम उम्र में तैयारी के लिए भेज देंगे, तो उसके सफल होने की संभावना बढ़ जाएगी। जो बच्चे छठी से 11वीं क्लास के बीच आते हैं, उन्हें नर्चर कहा जाता है। 12वीं के बाद आने वालों को ड्रापर कहा जाता है। आपस में बच्चे दोस्त बनने के बजाय प्रतिद्वंद्वी बन जाते हैं। वे आपस में मन की बात एक-दूसरे से कह नहीं पाते। यह अवसाद की स्थिति उत्पन्न करता है। परिवार या माता-पिता की पसंद के कारण कई बार छात्र ऐसा क्षेत्र चुन लेते हैं जिनमें उनकी रुचि नहीं होती। यह सिर्फ उन्हें खुश करने के लिए होता है। साथ ही कई बार छात्र मां बाप द्वारा खुद पर खर्च किए जा रहे ज्यादा महंगी फीस के बारे में सोचने लगते हैं। इन सब के कारण बच्चे तनाव में आ जाते हैं। वैसे ग्रेजुएशन के बाद प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और इतने कम उम्र में परीक्षाओं की तैयारी में अंतर यह है कि ग्रेजुएशन के बाद बच्चे अधिकांशतः परिपक्व हो जाते है, कोई भी प्रेशर हैंडल कर लेने की स्थिति में होते हैं। सफलता का प्रतिशत तो सिविल सेवाओं की तैयारी में लगे प्रतियोगियों का बहुत ही कम है लेकिन वहां बच्चे सुसाइड नहीं करते। वे समझदार होते हैं और अपने को दूसरी दिशा में मोड़ लेते हैं और सफल भी होते हैं। मेडिकल और इंजीनियरिंग की तैयारी में भी जब तक पटना, बोकारो और कानपुर कोचिंग हब बना हुआ था, तब भी बच्चों में इतना फ्रस्ट्रेशन, एंग्जाइटी, डिप्रेशन या सुसाइड की कहानी नहीं सुनने को मिलती थी। स्पष्ट है इसमें बहुत हद तक कोचिंग संस्थानों का भी रोल है, जो बच्चों का सिर्फ मानसिक और आर्थिक शोषण कर रहे हैं।

कोटा में बढ़ रही आत्महत्या की घटनाओं को रोकने के लिए सरकार ने अपनी तरफ से काफी प्रयास शुरू कर दिए हैं। कोटा में सभी हॉस्टल्स और पीजी संचालकों को कमरों में एंटी हैंगिंग डिवाइस लगाना अनिवार्य करदिया गया है। एंटी हैंगिंग डिवाइस पंखे के नीचे स्प्रिंगनुमा एक डिवाइस होता है। जैसे ही पंखे पर बीस किलो से अधिक वजन पड़ता है तो पंखा नीचे आ जाता है। सिर्फ फरवरी 2024 में इस डिवाइस के कारण पांच बच्चों की जान बचाई जा चुकी है। कोटा के जिला कलेक्टर ने सुसाइड रोकने और छात्रों को अच्छा माहौल देने के लिए "डिनर विद कलेक्टर"शुरू किया है जिसमें वो कोचिंग और हास्टल में जाकर बच्चों के साथ डिनर करते हैं और उन्हें मोटिवेट कर रहे हैं। प्रत्येक हॉस्टल और पीजी में काउंसलर्स जा रहे हैं और छात्रों से संवाद कर रहे है। प्रशासन ने एक विशेष पोस्टर भी तैयार किया है जिसमें 24 घंटे विद्यार्थियों की मदद के लिए संचालित की जा रही हेल्पलाइन के मोबाइल नंबर, जिला प्रशासन के स्टूडेंट पोर्टल, कोटा पुलिस स्टूडेंट सेल, व्हाट्स-अप कांटेक्ट, ई-मेल आईडी और मदद के लिए अन्य सभी हेल्पलाइन के पोस्टर्स सभी हॉस्टल्स के प्रमुख स्थानों पर डिस्प्ले किए जाएंगे। सप्ताह में एक दिन 'आधे दिन पढ़ाई, आधे दिन मस्ती', आत्महत्या की प्रवृत्ति वाले छात्रों की पहचान करना और साइकोलॉजिकल काउंसलिंग देने जैसे कार्यक्रम लागू किए गए हैं। बच्चों में आत्महत्या की प्रवृत्ति को रोकने के लिए कोटा के ही डॉक्टर शेखावत ने निजी तौर पर 'होप सोसाइटी प्रोजेक्ट' भी शुरू किया था। इसके साथ ही एक हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया गया है जिससे छात्र तनाव की सूरत में फोन पर बात कर सहज हो सके। यदि कोई छात्र आपसी बातचीत को अनदेखा कर रहा है, खुद पर अविश्वास दिखा रहा है, बातचीत में झल्ला जा रहा है ,बिना कारण के बार-बार रोना शुरू कर देता है, उनके साथियों, अभिभावकों, कोचिंग स्टाफ, हास्टल स्टाफ को तुरंत संज्ञान में लेना चाहिए। संभव है वो एंग्जाइटी और डिप्रेशन में जा रहा है। प्रत्येक स्टूडेंट्स के दरवाजे पर दस्तक एक ऐसा कार्यक्रम चलाया गया है जिसमें हास्टल और पीजी में जाकर बच्चों की पहचान की जा रही है, उससे बात की जा रही है।

इन सबके बावजूद आवश्यकता यह है कि बेगाने और अनजान जगह पर जहां बच्चे सिर्फ अपने अपने में लगे हैं, कोई ऐसा मिले, जिससे वो दिल खोल कर अपनी बात कह सके। कोचिंग संस्थानों को भी प्रवेश के वक्त छात्र को जांचना चाहिए कि वे उस क्षेत्र के लिए सही हैं या नहीं। अगर छात्र की उस विषय या क्षेत्र में रुचि न हो तो वो उन्हें दाखिला न दें या उन्हें कैरियर का कोई और विकल्प बताएं। हरेक कोचिंग संस्थानों में काउंसलर रखना अनिवार्य कर दिया गया है। सप्ताह में छुट्टी, टेस्ट भी रविवार को न हो तथा कम नंबर लाने वाले को अलग से क्लास लगाना अनिवार्य होना चाहिए। सबसे बड़ी म्मिेदारी तो मां बाप की है जिन्हें चाहिए कि अपने सपनों और उम्मीदों का बोझ बच्चों के कमजोर कंधों पर न डालें, उन्हें स्वाभाविक रुप से अपना फील्ड चुनने दें, जहां वो बेहतर कर सकते हैं।

## प्रसंगवश

# कितना निष्पक्ष होगा आयोग



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

राष्ट्रीय चुनाव आयोग की खाली पड़ी दोनों जगहें दो सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारियों से भर ली गई हैं और कोरम पूरा है। भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और यहां चुनाव के स्वच्छ संचालन के लिए एक निष्पक्ष और तटस्थ भाव रखने वाला चुनाव आयोग अपेक्षित है।

हालांकि वर्तमान में जो चयन प्रक्रिया और कानून इसके लिए हैं, वह इस उद्देश्य की पूर्ति करते नहीं दिखते। पहले कानून मंत्रालय सर्च करके एक सूची बनाता है और इसे प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली चयन समिति के पास सिफारिश के रूप में भेजता है। समिति में प्रधानमंत्री, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और एक अन्य सदस्य होता है, जिसे प्रधानमंत्री नामांकित करते है।

यह समिति कानून मंत्रालय के द्वारा भेजे नामों या उससे बाहर का भी कोई व्यक्ति चयनित कर सकती है और अनुमोदनार्थ राष्ट्रपति को भेजती है। उनके अनुमोदन के पश्चात विज्ञप्ति प्रकाशित हो जाती है और नियुक्ति हो जाती है। अब इस प्रक्रिया से साफ है कि आयोग सरकार के हाथ की ही कठपुतली होगा। चयन समिति में पीएम और एक अन्य सदस्य पीएम की ही पसंद का होगा, तो नेता प्रतिपक्ष केवल आपत्ति करता रह जाएगा; चलेगी एक नहीं। ऐसे चुनाव आयोग से निष्पक्षता की आशा करना बेकार है। यहां बताते चलें कि इस सारी प्रक्रिया से संबंधित प्रकरण उच्चतम न्यायालय तक गए हैं और गत वर्ष 2 मार्च में इस न्यायालय ने निर्णय किया था कि चयन समिति में मुख्य न्यायमूर्ति, पीएम और नेता प्रतिपक्ष होंगेः लेकिन सरकार ने इसकी अवहेलना करके ऐसी पद्धति को कानूनी शक्ल दे दी, जिससे इस प्रक्रिया में प्रधानमंत्री का वर्चस्व बना रहे। सर्वोच्च न्यायालय में याचिकाएं अब भी चल रही हैं।

सुप्रीमकोर्ट ने एक टिप्पणी फिर की है कि 'जब यहां सुनवाई चल रही थी,तो ये ताजी दो नियुक्तियां कैसे हो गईं'? सरकार से 21 मार्च तक जवाब मांगा गया है। अब देखना है कि सुप्रीम आदेश क्या होते हैं? जनता एक निष्पक्ष चुनाव आयोग गठित किए जाने की दरकार रखती है,जो संप्रति नहीं है।

# वर्षा पोषित जल स्रोतों को बढ़ाना होगा



डॉ.मनमोहन प्रकाश
स्वतंत्र पत्रकार

> जमीन के अंदर पानी जाने के मार्ग भी साल दर साल विकास के नाम पर कम होते जा रहे हैं। पक्के भवनों में वाटर रिचार्जिंग सिस्टम भी नहीं लगे हैं।

जल संकट ने सभी बड़े शहरों की नींद उड़ा दी है। बेंगलुरु के प्रशासन ने इस समस्या से निपटने के लिए आईटी से जुड़ी कंपनियों से अनुरोध किया है कि वे अपने ऐसे कर्मचारियों/अधिकारियों को जो दूसरे प्रदेशों से यहां आकर काम कर रहे हैं, को अपने प्रदेश में जा कर घर से काम करने के लिए अनुरोध करें ताकि यहां की जल खपत को कम किया जा सके। नागरिकों से भी अनुरोध किया जा रहा है कि वे पानी का उपयोग मितव्ययिता से करें तथा अपव्यय बिल्कुल नहीं करें। मसलन एक्वागार्ड आदि से निकले वेस्ट वाटर का उपयोग बर्तन साफ करने में, पेड़ पौधे को जीवित रखने के लिए करें। जल उपयोग को सीमित करने के लिए पानी की आपूर्ति में कटौती की जा रही है।


ग्रीष्म ऋतु में जल संकट की समस्या कोई नई नहीं है और किसी एक शहर तक सीमित भी नहीं है। अपितु अधिकांश छोटे-बड़े शहरों को जिनके पास जनसंख्या अनुपात में वर्षा जल संग्रहण के पर्याप्त संसाधन नहीं हैं,जो भू-जल पर निर्भर हैं को प्रतिवर्ष ग्रीष्म ऋतु में पर्याप्त वर्षा होने तक इस समस्या का सामना कम या ज्यादा सामना करना ही पड़ता है। स्थानीय निकायों द्वारा अपनी जनता को राहत पहुंचाने के लिए टैंकरों द्वारा जल की आपूर्ति कभी सशुल्क तो कभी निशुल्क की जाती है। जनता अपने अन्य खर्च को कम करके किसी भी कीमत पर जल क्रय करने को मजबूर हैं अर्थात 'मरता क्या नहीं करता'।

जल समस्या का जटिल तथा विस्तारित होना बताता है कि निदान के लिए जैसे प्रयास शासन स्तर पर होने चाहिए थे वैसे किए नहीं गए। यद्यपि ग्रीष्म ऋतु में कमोवेश हर सरकारें जल आपूर्ति के लिए चिंतित अवश्य नजर आती हैं, किन्तु वर्षा होते ही प्रयास धीमे हो जाते हैं,या समस्या ही भुला दी जाती है। जनता भी जल आपूर्ति नियमित होने पर स्थाई समाधान हेतु मांग करना बंद कर देती है। वस्तुतः जल संकट के निदान के लिए प्रत्येक सरकारों को अपने शहरों में बढ़ती जनसंख्या के अनुपात में जल आवश्यकता का अनुमान लगा कर वर्षा जल संग्रहण तथा आपूर्ति के बारे में सोच विचार कर कार्य योजनाएं बनानी चाहिए। उन शहरों को विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है जो बराहमासी नदी या बड़े बांध या जलाशय के पास नहीं है, जिनकी जनसंख्या अधिक है और भूगर्भीय जल पर अधिक आश्रित हैं।भारत में हो यह रहा है कि जिन शहरों में रोजगार की संभावनाएं अधिक है उन शहरों में तेजी से लोग दूसरे शहरों से आकर अस्थाई तौर पर या स्थाई रूप से बस रहे हैं। अर्थात इन शहरों में जल की मांग निरंतर बढ़ रही है, साथ ही आवास की पूर्ति के लिए तालाबों, झीलों, जलाशयों आदि जल स्रोतों के केचमेंट क्षेत्र अवरुद्ध हो गए हैं, और जनसंख्या के अनुपात में नए जल संग्रहण स्रोतों का निर्माण नहीं हो पा रहा है।

शहरों में जमीन के अंदर पानी जाने के मार्ग भी साल दर साल विकास के नाम पर कम होते जा रहे हैं। पक्के भवनों में वाटर रिचार्जिंग सिस्टम भी नहीं लगे हैं, पुरानी बाबडी,कुओं आदि का रखरखाव भी ठीक से नहीं हो रहा है। परिणाम यह है कि वर्षा का अधिकांश पानी शहरों की जमीन के अंदर जाने की बजाय बहकर अन्यत्र चला जाता है। अतः जल आपूर्ति की समस्या जल प्रबंधन के साथ जनसंख्या प्रबंधन की भी है। इसलिए प्रत्येक शहर को अपने जनसंख्या के अनुपात में जल आडिट नियमित रूप से (निश्चित अंतराल बाद)करते रहना चाहिए अर्थात कितनी जनसंख्या है?,कितनी जनसंख्या हर साल बढ़ रही है?, कितने जल स्रोत है?(तलाब, जलाशय, झील, डेम आदि), उसमें कितना जल संग्रहित किया जा सकता है?,कितने व्यक्तियों के लिए वे जल की आपूर्ति कर सकते हैं?, कितनी क्षमता वाले कितने जल संग्रहण के स्रोतों की वर्तमान और भविष्य में आवश्यकता होगी?। मेरा ऐसा मानना है कि यदि आवश्यकता के अनुकूल शहरों में वर्षा जलसंग्रहालयों को बढ़ाया जाता है, उनका रखरखाव ठीक से रखा जाता है और जनता पानी के अपव्यय को कम करने की आदत बना लेती है तो जल समस्या से निपटना कोई मुश्किल नहीं होगा। इसके साथ ही शासन को हर भवन पर वाटर रिचार्जिंग सिस्टम को लगाना अनिवार्य करना होगा और स्वयं को भी रोड साइट पर, कालोनियों के बगीचों में स्वतः संज्ञान लेते हुए रिचार्ज पिट का निर्माण निश्चित दूरी के अंतराल से करने पर विचार करना चाहिए। ऐसा करके स्थानीय स्तर पर भू में जल के प्रवेश को बढ़ाया जा सकता है। जो निश्चित रूप से भू-जल स्तर को उपर उठाने में मदद करेगा। शासन के प्रयास, जनसंख्या अनुपात में वर्षा जल का संग्रहण और जनता का जल उपयोग के प्रति मितव्ययिता का आचरण ही जल समस्या का समाधान हो सकता है।

## सोशल फोरम

# नीति में बदलाव की जरूरत



रणवीर सिंह फोगाट
इतिहासकार

> प्रोटेक्टिव रेलिंग और ऊंचे खंबों पर सोडियम वेपर लाइट्स तो बिलकुल ही हटा देनी चाहिएं।

पुरातत्व की श्रेणी में शामिल कोई भी निर्माण तभी तक सौंदर्य से परिपूर्ण लगता है जब तक उसकी काया पर कुदरती प्रभाव की छाया मौजूद रहती है। जैसे ही कंजर्वेशन (संरक्षण) हुआ वह सब गायब हो जाता है। लगता है जैसे किसी बुढ़िया का श्रृंगार किया गया है। मेरे ख्याल से पुरातत्व विभाग को शानदार और ऐतिहासिक महत्व की इमारतों और स्थलों को बचाने की अपनी नीति में बदलाव की जरूरत है। जब हमने ब्रिटिश समय के बहुत से कानूनों को बदल लिया है तब हमें ब्रिटिश लोगों की धरोहरों के प्रति संरक्षण की नीति को बदल देना चाहिए। हमें अब कनिंघम और मार्शल युग के बाद की संरक्षण नीति के बारे में सोचना चाहिए।

प्रकृति के कठोर कार्य की वजह से जैसे कि वर्षा, तापमान, मैकेनिकल स्ट्रेस की वजह से निर्माण सामग्री का विघटन, एक त्यक्त भवन और इसके आसपास के परिवेश का रूपांतरण होने लगता है। तब इसके अवशेष के रूप में 'सुंदर' दिखने वाला स्थल और भवन या एकाधिक भवनों के अलावा इसके आसपास के परिवेश को पर्यटकों की सुविधा के लिए संरक्षण के नाम पर बदल दिया जाता है। ऐसा करने से उस स्थल और भवन में आकृतिमूलक ऐसे परिवर्तन हो जाते हैं जिससे प्राकृतिक सौंदर्य गायब हो जाता है। मुझे नहीं लगता कि हमें उन जगहों पर या इनके आसपास पर्यटकों को लाने की जरूरत है जहां पर खंडहर या ऐतिहासिक महत्व की 'एबंडंड' बिल्डिंग्स मौजूद हैं। पिछले 60 वर्षों में मैं जहां भी गया, पाया कि स्मारक तो क्या, स्थल प्रबंधन भी उस स्थान के कुदरती तौर से विकसित हुए (नैचुरली अक्वायर्ड) सौंदर्य को सुरक्षित रखने की दृष्टि से अपर्याप्त रहे हैं। अधिसंख्य स्थलों की दृश्यावली अरुचिकर कर दी गई है। प्रोटेक्टिव रेलिंग और ऊंचे खंबों पर सोडियम वेपर लाइट्स तो बिलकुल ही हटा देनी चाहिएं। भारत में केंद्रीय और राज्यों के पुरातत्व विभावों में सौंदर्यशास्त्र के बारे में स्टाफ और अधिकारियों को जागरूक करने की बड़ी जरूरत है।

**-फेसबुक वॉल से**

# चुनाव में आज भी काला धन हावी



डॉ. अजय शुक्ल
वरिष्ठ चिकित्सक, लखनऊ

> उपाय क्या हो। क्या एक साथ चुनाव हों जिससे कुल खर्चा घट जाए या एक रास्ता है कि चुनाव का खर्चा टैक्स से हो, उस स्थिति में आमजन पर बोझ बढ़ेगा। दूसरा की कारपोरेट इसका खर्चा उठाए उसमें किकबैक की अपेक्षा होगी। पर हर कोई, और हर बिज़नेस भी अपने को बढ़ाने के लिए कुछ न कुछ लॉबी करता ही है और लगभग सभी करते हैं चाहे अपना समय देकर आंदोलन का दबाव हो या धनबल का दबाव सभी अपना हित बढ़ाने में ही तो लगते हैं।

अगर कोचिंग करके एक लाख लोग डॉक्टर बनते हैं तो बिना कोचिंग के कितने बनेंगे। अगर कोचिंग करके 1000 लोग लोक सेवा में चयनित होते हैं तो बिना कोचिंग के कितने होंगे। अगर प्रचार करके 543 सांसद चुने जाते हैं तो बिना प्रचार के कितने चुने जाएंगे। फिर कोचिंग या प्रचार की क्या आवश्यकता। कोचिंग या प्रचार सामर्थ्य जिनके पास है अर्थात जिनके पास धन बल या कोई व्यवस्था है उनके लिए अवसर बढ़ा देती है। और जिनके पास नहीं है उनके लिए अवसर घटा देती है।

कोचिंग के दबाव में बच्चा पढ़-पढ़ के तनाव में है। हर साल और ज्यादा कड़ी मेहनत से पढ़ाई करता है जिससे लाभ मिले, जब कि सीट उतनी ही हैं। उतने ही लोग चुने जाएंगे। नेता के चुनाव लड़ने का भी यही हाल है। मतलब पैसों को प्रचार में पानी की तरह फूंकना।

तो क्या ये बंद हो? आइए सोचते हैं। देश के स्तर पर सोचें तो राज्यसभा के 250 सांसद, उससे दोगुने से ज्यादा लोकसभा सांसद (543), लोकसभा से लगभग आठ गुणा ज़्यादा विधायक (4200 से ज़्यादा) और हर विधायक पर लोकल बॉडी के 800 चुने हुए लोग (कुल तीस लाख से ज्यादा)। इतने लोग चुने जाने हैं, हर पांच साल में। अब लोकतंत्र है। हर सीट पर अगर औसत पांच से दस लोग भी न लड़ें, तो काहे का लोकतंत्र। तो समझिए सारे चुनाव एक साथ नहीं होते। इसलिए पूरे देश की जनता को तीन या अधिक बार सम्मिलित होना है।

पांच वर्षों के इलेक्टोरल बांड के बीस हज़ार करोड़ को माने तो इस आयोजन में प्रति सीट लगभग 60 हजार खर्चा निकलता है। अगर 5-10 लोग हर सीट पर हैं तो प्रति व्यक्ति 5-10 हज़ार चुनावी ख़र्च आएगा। अब आप ही बताओ पांच दस हज़ार में क्या चुनाव होगा। जन्मदिन का सामान्य उत्सव नहीं होता आज इतने में। हर छोटा चुनाव कई लाख का तो विधानसभा कम से कम कुछ करोड़, लोकसभा सीट तो करोड़ों में खर्चा मांगती है। इन बातों से ये तो पता चलता है कि क़ानून कुछ भी हो चुनाव में आज भी काला धन हावी है। इलेक्टोरल बांड चुनावी ख़र्चों का बहुत न्यून प्रतिशत है। उपाय क्या हो। क्या एक साथ चुनाव हों जिससे कुल खर्चा घट जाए या एक रास्ता है कि चुनाव का खर्चा टैक्स से हो, उस स्थिति में आमजन पर बोझ बढ़ेगा। दूसरा की कारपोरेट इसका खर्चा उठाए उसमें किकबैक की अपेक्षा होगी। पर हर कोई, और हर बिज़नेस भी अपने को बढ़ाने के लिए कुछ न कुछ लॉबी करता ही है और लगभग सभी करते हैं चाहे अपना समय देकर आंदोलन का दबाव हो या धनबल का दबाव सभी अपना हित बढ़ाने में ही तो लगते हैं। जिसके पास कुछ नहीं तो दूसरों ने उसका अहित किया इसी इमोशनल शक्तिपात के बल पर जी रहा है। तो उपाय क्या है?

क्या उपाय पारदर्शिता है और कितनी पारदर्शिता? सबको पता है कि अगर सबके बैंक डिटेल, इनकम टैक्स डिटेल, इंटरनेट उपयोग आदि सार्वजनिक कर दें तो सिद्ध भी हो जाएगा कि सभी मनुष्य ही हैं। कभी सही तो कभी गलत। और जिसका कुछ ना मिले उस तक या तो प्रकाश पहुंच ही नहीं पाया या वो भगवान ही होगा। तो हम कितनी पारदर्शिता चाहते हैं ये भी तो तय करें।

आम तौर पर छोटे मकानों में रहकर किंतु बड़े होटलों में आयोजनों का शौक वाले हमारे समाज में, नेता का भोकाल भी हो, नेता का कफ़ीला भी हो, नेता सबके काम भी करा दे, पर नेता ये सब कैसे करे। नेतागीरी अगर इतनी गतिशील है तो उस गति में ऊर्जा तो खर्च होगी, ऊर्जा देश कैसे देगा और कौन देगा। और नेता अगर सुस्त हो तो नेता लापता है, ये भी तो हम ही कहते हैं। तो उपाय क्या है? और ये समस्या अपने देश की ही नहीं है हर लोकतंत्र की है?

**(यः पश्यति स पश्यति)**

# चारित्रिक दोष



तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

> हम यही देखते हुए बड़े होते हैं कि बड़ों की गलतियां भी क्षम्य होती हैं। उनकी महानता में उनकी गलत हरकतों से रत्ती भर भी फर्क नहीं पड़ता। हम तो अक्सर अपने गलत कामों में भी ऊपर वाले के सहयोग की प्रार्थना करते हैं।

राजा नंगा हो और फिर भी हमारी पहली पसंद हो, इसका राज कहां छिपा है? ये सवाल मेरे मन मे रह-रह कर उठता है कि आखिर क्या वजह है कि अपराधी चरित्र के लोग, बदमाश, बलात्कारी चुनाव में हमारी पहली पसंद बन जाते हैं। क्यों हमारे लिए ईमानदारी और उज्ज्वल चरित्र कोई मायने नहीं रखते?

इस मानसिकता की जड़ें मुझे संस्कृति से जुड़ी लगती हैं। हमारी पौराणिक कहानियां जिन्हें सुन-सुन कर हम बड़े होते हैं। उनका कहीं गहरा प्रभाव हमारे ऊपर रहता है। हमारी कहानियों के चरित्रों द्वारा की गई हरकतों को कोई भी सामान्य व्यक्ति गलत ठहराएगा। लेकिन महान चरित्रों की महान गलतियों को जस्टिफाई करते हुए उसके पीछे भी महान कारण गिनाए जाते हैं।

हम यही देखते हुए बड़े होते हैं कि बड़ों की गलतियां भी क्षम्य होती हैं। उनकी महानता में उनकी गलत हरकतों से रत्ती भर भी फर्क नहीं पड़ता। हम तो अक्सर अपने गलत कामों में भी ऊपर वाले के सहयोग की प्रार्थना करते हैं। मैंने सुना है कि पुराने समय में चोर जब रात्रि में चोरी करने निकलते थे तो बकायदा अपनी एक आराध्य की पूजा कर निकलते थे।

मैं उन पौराणिक कहानियों का यहां जिक्र नहीं करना चाहता लेकिन शायद ये भी एक कारण है कि बलात्कारी, अपराधी यहां सम्मान पाते हैं। और चरित्रवान हाशिये पर पड़े रहते हैं। हमारे इस चारित्रिक दोष के लिए कौन जिम्मेवार है। आज हमें इससे कोई फर्क नही पड़ता अगर हमारा राजा नंगा भी हो जाए। उसकी नंगई में भी हमें महानता ही नजर आती है।

## सार-संक्षेप

### भाजपा की सूची पर आज लगेगी मुहर

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश भाजपा कोर ग्रुप की सोमवार को नई दिल्ली में अहम बैठक होगी। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक भी मौजूद रहेंगे। बैठक में प्रदेश की बची हुई 24 सीटों पर प्रत्याशियों को चयन को लेकर मंथन होगा। बाद में केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अंतिम मुहर लगाएंगे। कोरग्रुप की बैठक में प्रदेश के लोकसभा चुनाव प्रभारी बैजयंत पांडा, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, संगठन महामंत्री मौजूद रहेंगे। उप्र की बची हुई सीटों को लेकर मंथन के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा व गृह मंत्री अमित शाह के साथ केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक होगी, जहां पीएम मोदी प्रत्याशियों के नाम पर मुहर लगाएंगे।

### भाजपा प्रत्याशी की चुनाव आयोग से शिकायत

**लखनऊ, अमृत विचार :** कन्नौज के भाजपा सांसद और लोकसभा प्रत्याशी सुब्रत पाठक द्वारा कथित रूप से वोट खरीदने का विडियो वायरल हुआ है। आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने उक्त विडियो में वोट खरीदे जाने की बात स्वीकार किए जाने के संबंध में चुनाव आयोग से शिकायत की है। उन्होने रविवार को बताया कि उन्हे 30 सेकंड का एक वीडियो प्राप्त हुआ है, बातचीत में जब स्थानीय लोग उनके प्रति नाराजगी व्यक्त करते हैं तो सुब्रत पाठक कहते हैं कि उन्हें वोट मिले नहीं है, उनके द्वारा वोट खरीदा गया है। अमिताभ ठाकुर ने कहा है कि किसी भी प्रत्याशी द्वारा वोट खरीदा जाना गंभीर आपराधिक कृत्य है और वोट खरीदे जाने की बात को स्वीकार करना भी उतना ही गंभीर अपराध और आचार संहिता का खुला उल्लंघन है।

### समाजवादी पार्टी ने पदाधिकारी नामित किये

**लखनऊ, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी ने लखनऊ की जिला कार्यकारिणी में रविवार को सुनील सिंह भदौरिया निवासी बक्शी का तालाब लखनऊ को जिला उपाध्यक्ष और डॉ. प्रमोद कुमार यादव निवासी बलिया को बलिया का जिला उपाध्यक्ष नामित किया गया है। वहीं, मुलायम यादव एडवोकेट निवासी प्रयागराज को युवजन सभा प्रयागराज (गंगापार) का जिलाध्यक्ष और प्रिन्स सिंह बागी निवासी झूंसी को युवजन सभा की राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव नामित किया गया है। इसी कड़ी में विनय प्रकाश अंचल निवासी बलिया को युवजन सभा की राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश उपाध्यक्ष और हाजी मिर्ज़ा ज़फ़र हुसैन निवासी सआदतगंज लखनऊ को युवजन सभा की राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव जबकि, संतोष कुमार यादव निवासी कानपुर नगर को पार्टी की युवजन सभा का प्रदेश सचिव नामित किया गया है।

### योगी ने स्व. हेमवती नंदन बहुगुणा को दी श्रद्धांजलि

**लखनऊ, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा की पुण्यतिथि पर रविवार को श्रद्धांजलि अर्पित की। योगी ने योजना भवन स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, महापौर सुषमा खर्कवाल, प्रयागराज की सांसद डॉ. रीता बहुगुणा जोशी, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र आदि मौजूद रहे। वहीं योगी आदित्यनाथ ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पूर्व रक्षामंत्री और गोवा के पूर्व रहे मनोहर परिकर की पुण्यतिथि पर भी उन्हें यादकर विनम्र श्रद्धांजलि दी है। योगी ने लिखा– भारतीय राजनीति में ईमानदारी व कर्तव्यनिष्ठा के पर्याय रहे, पद्म भूषण मनोहर परिकर की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! आपका सादगी एवं शुचितापूर्ण जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा है।

### 16 मनरेगा लोकपाल का बढ़ा कार्यकाल

**लखनऊ, अमृत विचार :** 16 जिलों में तैनात मनरेगा लोकपालों का कार्यकाल एक वर्ष के लिए बढ़ा दिया गया है जबकि छह के कार्यकाल पर विचार नहीं किया गया है। मनरेगा कार्यों में जांच, शिकायतों का निस्तारण व भ्रष्टाचार रोकने के लिए केंद्र से 24 जिलों में 22 लोकपाल रखे गए थे। इनका कार्यकाल खत्म होने पर 16 लोकपालों का एक वर्ष के लिए बढ़ाया गया है। इनमें विजय कुमार प्रयागराज, धन्नजय कुमार राय बलिया, दिवाकर त्रिवेदी लखीमपुर खीरी, पवन कुमार लाल संतकबीर नगर, विनीता पांडेय मऊ, नवीन कुमार गोरखपुर, आनन्द उपमन्यु बलरामपुर, गंगा सिंह सेंगर जालौन, वीरेंद्र सिंह चंदेल हमीरपुर, राकेश कुमार श्रीवास्तव कुशीनगर, लक्ष्मी श्रीवास्तव बाराबंकी, अरविंद प्रताप सिंह सीतापुर, महेंद्र विक्रम सिंह सुलतानपुर, राज कुमार श्रीवास्तव अयोध्या, गीता देवी गाजीपुर व शिव पूजन सिंह चित्रकूट हैं। वहीं, अन्य ने गाइडलाइन के विपरीत रोकने का आरोप लगाया।

### पूर्व मंत्री के पौत्रों पर चाकू से हमला, रिपोर्ट दर्ज

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के बगिया गांव में मामूली बात पर पूर्व मंत्री के दो पौत्रों को चाकू मारकर घायल कर दिया गया। आनन-फानन में परिजन घायलों को सीएचसी ले गए। जहां मौजूद चिकित्सकों ने घायलों को राजकीय मेडिकल कालेज सुलतानपुर रेफर कर दिया। एक की गंभीर हालत देख ट्रॉमा सेंटर लखनऊ भेजा गया। पुलिस ने नामजद मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी की तलाश में छापेमारी कर रही है। बगियागांव निवासी पूर्व मंत्री रहे स्व. राम रतन यादव के दो पौत्र शुभम यादव (20) पुत्र राम भोर व इंद्रमणि यादव (28) पुत्र राम विशाल के ऊपर मामूली विवाद के चलते एक युवक ने चाकू से हमला बोल दिया। जब दोनों युवक लहूलुहान होकर गिर पड़े तो आरोपित युवक भाग निकला। चाकूबाजी की घटना से चौराहे पर अफरा तफरी मच गई। सूचना पर पहुंचे परिजन घायल युवकों को लेकर सीएचसी जयसिंहपुर गए।

### अरोग्य मेले में मिले दो कोविड मरीज

**अमृत विचार, अमृत विचार :** रविवार को संपन्न 140 वें आरोग्य मेलें में कोविड के दो मरीजों की पुष्टि हुई है। जबकि 1157 टेस्ट में डेंगू की पुष्टि नहीं हुई है। वहीं 3045 रैपिड टेस्ट में दो मलेरिया के मरीजों की पहचान हुई है। स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ.ब्रजेश राठौर ने बताया कि मेलें में कुल एक लाख 77 हजार 512 मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ लिया, इनमें से 1448 गंभीर मरीजों को बड़े अस्पतालों में रेफर किया गया है।

### शैलेन्द्र दुबे तीसरी बार अध्यक्ष पद पर निर्वाचित

**लखनऊ, अमृत विचार :** अभियंता नेता शैलेंद्र दुबे ऑल इण्डिया पॉवर इंजीनियर्स फेडरेशन के अध्यक्ष पद पर तीसरी बार निर्वाचित हुए। फेडरेशन की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार चेन्नई में हुई आम सभा में वह निर्वाचित हुए। तेलंगाना प्रान्त के पी रत्नाकर राव को सेक्रेटरी जनरल के पद पर निर्वाचित किया गया।

### भारती त्यागी कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त

**लखनऊ, अमृत विचार :** अखिल भारतीय महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष अल्का लांबा ने भारती त्यागी को उप्र महिला कांग्रेस पश्चिम का कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया है। लांबा ने आशा की है कि त्यागी पूरी ताकत के साथ पार्टी संगठन को और अधिक मजबूत बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगी।

## राज्यसभा चुनाव में क्रास वोटिंग के बाद से सपा विधायक अपने खेमे से हैं बाहर, भाजपा की सूची में मनोज पांडेय को टिकट का भरोसा

# सपा के सात बागी विधायकों को भाजपा में मौके का इंतजार

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

- कईयों को चुनाव बाद समायोजित होने की है उम्मीद




**अमृत विचार :** राज्यसभा चुनाव में क्रास वोटिंग करने वाले सपा के सात बागी बागी विधायक हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं। उनको न पार्टी पूछ रही है, न ही भाजपा से कोई काम सौंपा जा रहा है।

सपा के मुख्य सचेतक रहे डॉ. मनोज पांडेय को भरोसा है कि रायबरेली से भाजपा की अगली सूची में उनका नाम हो सकता है। जबकि अन्य विधायकों को भाजपा से आश्वासन मिला है कि प्रत्याशी को विजयी बनाने में पूरी ताकत लगाएं, चुनाव बाद उन्हें समायोजित किया जाएगा। लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही सपा से बगावत करने वाले मुख्य सचेतक रहे ऊंचाहार के विधायक डॉ. मनोज पांडेय, जलालपुर के विधायक राकेश पांडेय, गौरीगंज के राकेश प्रताप सिंह, गोसाईगंज के अभय सिंह, कालपी विनोज चतुर्वेदी, चायल की पूजा पाल व बिसौली आशुतोष मौर्य की हालत त्रिशंकु जैसी हो गई है। अब लखनऊ में न सपा संगठन से ही कोई हाल-चाल ले रहा है, न इलाके में बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं को फूटी आंख सुहा रहे हैं। सिर्फ अपने चहेतों के बीच दिनचर्या बीत रही है।

भाजपा भी इनके साथ बेगानी शादी में अब्दुल्ला दीवाना जैसा बर्ताव कर रही है। सपा से बगावत करने के पीछे रामलला के दर्शन से वंचित करने का तर्क भी कोई खास सहानुभूति नहीं दे रहा है, कारण कि इसका सारा श्रेय इलाके में भगवा फहराती भाजपा नेताओं की टोली ले रही है।

इसके पीछे खास वजह है कि बगावत करने वाले सभी विधायक अपने क्षेत्र में भाजपा के धुर विरोधियों में टॉप पर रहे हैं। रायबरेली में जन्मे मनोज पांडेय भी अखिलेश यादव के बेहद करीबी रहे हैं। वे 2012 के विधानसभा में पहली बार चुनाव जीते। इसके बाद सपा सरकार में मंत्री बनाया गया था। साल 2017, 2022 में भी चुनाव लड़ा और इसमें भी बड़े अंतर से उन्होंने जीत दर्ज की। अभय सिंह भी सपा के झंडाबरदार रहते अयोध्या में तमाम अवसरों और आंदोलनों में भाजपाईयों को ललकारने में कोई कसर नहीं छोड़ते थे। कमोवेश यही हाल बाकी विधायकों का भी रहा है। भाजपा के दबाव में आने के पीछे का गणित तो सपा प्रमुख अखिलेश ने बगावत के दिन ही सरकार के डर से भयभीत होने से जोड़ दिया था।

### न निकाल रही सपा, न बागी दे रहे इस्तीफा

सपा से बगावत करने वाले सभी सातों विधायकों को सपा निकालकर उनकी विधायकी सुरक्षित नहीं रखना चाहती हैं। जबकि बागी विधायक भी इस्तीफा देकर विधायकी गंवाने से परहेज कर रहे हैं। मनोज पांडेय ने स्वामी प्रसाद मौर्य के बयानों से नाराजगी दिखाते हुए सिर्फ मुख्य सचेतक पद से इस्तीफा दिया। उनकी मंशा है कि भाजपा से रायबरेली का सांसद बनने के बाद ही विधानसभा सदस्यता से इस्ताफा देंगे। अभय सिंह को उम्मीद है कि गोरखपुर मठ में लगातार हाजिरी से मंत्री का दर्जा मिलने की साध पूरी हो जाए, तो इस्तीफा देकर चुनाव लड़ें। ऐसे ही अन्य विधायकों को भी भाजपा से समायोजन का इतंजार है।


# आजमगढ़ में 30 पीजी व मेरठ में 100 एमबीबीएस की सीटें बढ़ेंगी

## मेडिकल कॉलेजों में बढ़ी सीटों के लिए मानक पूरे करने को बजट जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मेरठ के लाला लाजपतराय मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की 100 सीटें और आजमगढ़ मेडिकल कॉलेज में पीजी की 30 सीटें बढ़ेंगी। कॉलेज प्रशासन की मांग को स्वीकृत देते हुए राज्य सरकार ने बिल्डिंग विस्तार एवं अन्य संसाधनों के लिए करोड़ों का बजट जारी कर दिया है।

मेरठ मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की 100 सीटें थीं। 2013 में सीटों की संख्या 150 कर दी गई। एमसीआई की टीम को 2019 में मेडिकल कॉलेज में मानक पूरे न नहीं मिले। इस पर 50 सीटें कम कर दी गईं थी। इसके बाद कॉलेज प्रशासन ने 100 एमबीबीएस




सीटें बढ़ाने के लिए परीक्षा ब्लॉक परिसर के विस्तार की मांग शासन से की थी। कॉलेज प्रशासन की मांग को शासन ने स्वीकृति देकर 3 करोड़ से ज्यादा का बजट भी जारी कर दिया है। अब मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस सीटों की संख्या 200 हो जाएगी। कॉलेज प्रशासन का कहना है कि बजट मिलने के बाद नवनिर्मित बिल्डिंग में छात्र-छात्राओं को बैठने की व्यवस्था के साथ मरीजों के लिए उपयोगी संसाधन जुटाए जायेंगे। मेरठ में कॉलेज प्रशासन का कहना है कि एमबीबीएस सीट बढ़ाने के लिए 2 करोड़ रुपये शासन से जारी किये जा चुके हैं। इसी प्रकार आजमगढ़ स्थित आमजगढ मेडिकल कॉलेज में विशेषज्ञ डॉक्टर तैयार करने के लिए पीजी की 30 सीटें बढ़ाई जायेंगी। इसके लिए भी शासन ने 36 करोड़ स्वीकृत कर दिये हैं।

### प्रशिक्षण केन्द्र खुलेगा

बहराइच में नया एएनएम प्रशिक्षण केन्द्र खुलेगा। इसमें एएनएम के लिए चयनित छात्राओं को प्रशिक्षण दिया जायेगा, जिसके बाद उन्हें तैनाती मिलेगी। प्रशिक्षण केन्द्र के लिए स्वीकृत 13.16 करोड़ रुपये से पहली किस्त जारी हो चुकी है।

## लखीमपुर खीरी में खुलेगा सरकारी नर्सिंग कॉलेज

**लखनऊ, अमृत विचार :** बहराइच व गोंडा के बाद लखीमपुरखीरी में नर्सिंग कॉलेज स्थापित करने की राज्य सरकार ने मंजूरी दे दी है। इसके लिए शासन ने 10 करोड़ रुपये भी स्वीकृत कर दिये हैं। जिलों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए राज्य सरकार हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज और एक नर्सिंग कॉलेज खोलने की योजना चला रही है। नर्सिंग कॉलेज राजकीय मेडिकल कॉलेज परिसर या दूसरी जगह भूमि की उपलब्धता पर अलग भी स्थापित किये जा रहें हैं। नर्सिंग कॉलेज शुरू होने से स्थानीय स्तर पर छात्र-छात्राओं को व्यवसायिक शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। इसके अलावा अस्पतालों को प्रशिक्षित नर्सेस उपलब्ध होंगी। उक्त क्रम में ही स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय लखीमपुर खीरी में नर्सिंग कॉलेज शुरू करने के लिए 2 करोड़ रूपये की किस्त जारी कर दी गई है।

# खराब चरित्र के आधार पर सेनानी सम्मान से वंचित करना अनुचित

विधि संवाददाता, प्रयागराज



**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश लोकतंत्र सेनानी सम्मान अधिनियम, 2016 के तहत लाभ का दावा करने वाली याचिका पर विचार करते हुए कहा कि केवल खराब चरित्र होने का आरोप किसी व्यक्ति को उक्त सम्मान के लाभ का दावा करने से वंचित नहीं किया जा सकता है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति सौमित्र दयाल सिंह और न्यायमूर्ति सुरेंद्र सिंह की खंडपीठ ने मोहम्मद राशिद खान की याचिका को स्वीकार करते हुए पारित किया। याचिका में आयुक्त, चित्रकूट धाम मंडल, बांदा और डीएम, हमीरपुर के आदेश को चुनौती दी गई थी।

कोर्ट ने आगे कहा कि अधिनियम की धारा 3 के तहत राजनीतिक आधार के अलावा हिरासत में लिए गए किसी भी व्यक्ति पर यह अधिनियम लागू नहीं होता है। यह आंतरिक सुरक्षा रख रखाव अधिनियम, 1971 (मिसा) के तहत हिरासत में लिए गए लोगों पर ही लागू होगा। उक्त अधिनियम के तहत याची का दावा इस आधार पर खारिज किया गया कि वह राजनीतिक बंदी नहीं था बल्कि खराब चरित्र के लिए आंतरिक सुरक्षा रखरखाव अधिनियम 1971 के तहत हिरासत में लिया गया था। कोर्ट ने निष्कर्ष निकाला कि प्रतिवादी याची के दावे को खारिज करने को उचित ठहराने के लिए कोई भी सामग्री प्रस्तुत नहीं कर सका है। क्योंकि यह किसी साक्ष्य द्वारा सिद्ध नहीं होता है कि याची को किसी अन्य आपराधिक आरोप में हिरासत में लिया गया था, कोर्ट ने माना कि याची को आपातकाल (1975-1977) के दौरान विरोध प्रदर्शन में भाग लेने के कारण एक राजनीतिक बंदी बनाया गया था। अतः कोर्ट ने याचिका को स्वीकार करते हुए याची को उक्त सम्मान के लाभों से वंचित करने का आधार रद्द कर दिया।

## 100 तहसीलों में टेलीमेट्रिक वेदर स्टेशन से होगी सूखे की मॉनीटरिंग

**लखनऊ, अमृत विचार :** सूखे की मॉनिटरिंग के लिए प्रदेश के विभिन्न जिलों की तहसीलों में टेलीमेट्रिक वेदर स्टेशन (टीडब्ल्यूएस) की स्थापना की जाएगी। पहले चरण में ज्यादा प्रभावित रहने वाली 100 तहसीलों में इसकी स्थापना के लिए चुनाव की घोषणा से पहले शासन से 10 करोड़ की धनराशि जारी करते हुए अपर जिलाधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। प्रमुख सचिव राजस्व पी. गुरु प्रसाद ने बताया कि प्रदेश में हर साल सूखे के कारण किसानों को काफी समस्या का सामना करना पड़ता है। इसको देखते हुए पहले चरण में विभिन्न जिलों की 100 तहसीलों में टेलीमेट्रिक वेदर स्टेशन स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। इसके बाद प्रदेश के सभी जिलों की समस्त तहसीलों में टीडब्ल्यूएस को स्थापित किया जाएगा। राहत आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि पहले चरण में भी हर साल सूखे से ज्यादा प्रभावित होने वाले बुंदेलखंड के 7 जिलों (बांदा, चित्रकूट, हमीरपुर, झांसी, ललितपुर, महोबा और जालौन) की सभी तहसीलों में प्राथमिकता के आधार पर वेदर स्टेशन स्थापित किए जाएंगे।

# योगी से मिलीं मुलायम की बहू अपर्णा यादव



सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव की छोटी बहू और बीजेपी नेता अपर्णा यादव मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाक़ात करते हुए। ● अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सपा संस्थापक स्व. मुलायम सिंह यादव की बहू और भाजपा नेता अपर्णा यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से रविवार को मुलाकात की। माना जा रहा है कि मुलायम सिंह अपर्णा यादव किसी सीट से लोकसभा चुनाव लड़ना चाहती है।

अपर्णा यादव ने मुख्यमंत्री सीएम योगी से मुलाकात की फोटो अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर भी शेयर की है। इससे पहले अपर्णा यादव ने भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल से मुलाकात की थी। हालांकि अपर्णा यादव पहले ही साफ कर चुकी हैं कि वह अपने परिवार के किसी सदस्य के खिलाफ चुनाव नहीं लड़ेंगी। विधानसभा चुनाव से पहले अपर्णा यादव भाजपा में शामिल हुई थीं। माना जा रहा था कि वह लखनऊ सीट से विधानसभा चुनाव लड़ सकती हैं। हालांकि उन्हें टिकट नहीं मिला। राज्यसभा और एमएलसी चुनाव के लिए भी अपर्णा का नाम आया था, अब लोस चुनाव के लिए अपर्णा यादव का नाम चर्चा में है।

### भाजपा: कुछ सांसदों के कट सकते हैं टिकट

प्रदेश में भाजपा की दूसरी सूची में 24 सीटों पर प्रत्याशियों के नाम का एलान होना है। इसका बेसब्री से इंतजार हो रहा है। माना जा रहा है कि मौजूदा कुछ सांसदों के टिकट पर खतरा मंडरा रहा है। भाजपा मिशन-80 के लिए जमीनी स्तर पर तैयारियों में जुटी हुई है।


## वर्ग पहेली-13

**बाएं से दाएं**

3. 1. बधाई, मुबारक कहने की क्रिया 2. शुभकामना, बधाई गीत।
4. 1. पत्नी, शादीशुदा स्त्री, जोरू 2. वह स्त्री जिसने बच्चे को जन्म दिया हो।
5. 1. फेंका हुआ 2. नष्ट किया हुआ, विनष्ट 3. जो मार डाला गया हो 4. जड़ा हुआ, संलग्न।
7. हृदय, जीव, मन, जी।
9. गोताख़ोर, समुद्र तल पर पड़ी हुई वस्तु निकालने वाला व्यक्ति।
10. अंग्रेज़ी टोपी, टोप।

**ऊपर से नीचे**

1. एक संदूकनुमा विलायती बाजा जो भारतीय संगीत के क्षेत्र में काफ़ी लोकप्रिय है।
2. गूमट, गुमड़ा, माथे या सिर पर चोट लगने से उभर आने वाली गोल सूजन, गुलमा।
3. 1. उपलब्ध, मौजूद 2. तैयार, प्रस्तुत।
4. 1. जीवन का सहारा, प्राणाधार 2. प्रेयसी।
6. 1. गरमी, ताप 2. हलका बुख़ार।
8. संख्या '86' का सूचक।



### वर्ग पहेली -12 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 क | जा | वा | | | 2 गँ | |
| ला | | | 3 वै | | द | |
| कं | | 4 अ | ध | 5 ज | ला | |
| 6 द | शा | व | ता | र | | 7 खं |
| | | गा | | 8 क | रं | ड |
| 9 अ | गू | ढ़ | | टी | | सा |
| ल | | | | | | री |

## सुडोकू -92

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 7 | | | | 3 |
| 9 | | 2 | | | | | 8 | |
| | 7 | | 8 | | | 4 | | |
| 5 | | | 3 | | | 8 | 9 | |
| | | | | | | | | |
| | | | | 6 | 1 | | | 2 |
| | | 1 | | | 2 | | | |
| | | | | | | 7 | 5 | 8 |
| 8 | 4 | | | 9 | | | | |


### सुडोकू -91 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 2 | 5 | 8 | 6 | 7 | 3 | 1 |
| 6 | 7 | 5 | 3 | 1 | 2 | 4 | 8 | 9 |
| 3 | 8 | 1 | 4 | 7 | 9 | 2 | 5 | 6 |
| 4 | 1 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 | 6 | 8 |
| 8 | 5 | 7 | 9 | 6 | 1 | 3 | 4 | 2 |
| 2 | 3 | 6 | 8 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 |
| 1 | 6 | 4 | 7 | 9 | 3 | 8 | 2 | 5 |
| 7 | 2 | 3 | 6 | 5 | 8 | 1 | 9 | 4 |
| 5 | 9 | 8 | 1 | 2 | 4 | 6 | 7 | 3 |

## आज का भविष्यफल
-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 18 मार्च, सोमवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-नवमी 22.49 तक तत्पश्चात दशमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-आर्द्रा 18.10 तक तत्पश्चात पुनर्वसु।

**मेष** — आज किसी बड़ी योजना में धन निवेश करने का विचार मन में आ सकता है। सरकारी कार्यों में सफलता मिलेगी। सोसाइटी में रहते हैं तो किसी आयोजन में सम्मिलित होंगे तथा मन उत्साह से भरा हुआ रहेगा। व्यवसाय में नया प्रयोग लाभकारी सिद्ध होगा।

**वृष** — आज प्रेम संबंधों में ऊंच-नीच का भाव उत्पन्न होगा। कुछ बातों को लेकर निराशा का भाव उत्पन्न होगा तो कुछ बातों को लेकर मन प्रसन्न भी रहेगा। ऐसे में अपनी भावनाओं को नियंत्रण में रखें। ऑफिस में आपका अपमान हो सकता है।

**मिथुन** — आज स्वास्थ्य खराब हो तो मेडिकल चेकअप अवश्य कराएं। समय का प्रबंधन काम आएगा तथा अच्छे परिणाम देखने को मिलेंगे। मन पहले की अपेक्षा खुश होगा तथा कुछ नया करने का विचार मन में आ सकता है।

**कर्क** — आज लंबे समय से किसी कार्य को करने की योजना बना रहे थे तो वह पूर्ण हो जाएगा। सिंगल लोगों को सोशल मीडिया पर किसी के प्रति आकर्षण का भाव आएगा। पुराने मित्रों के साथ गेट-टुगेदर कर सकते हैं।

**सिंह** — आज मैनेजमेंट की पढ़ाई कर रहे छात्रों को अपने लिए सुनहरे अवसर मिलेंगे, जो उनकी प्रतिभा को निखारने में सहायक सिद्ध होंगे। ऐसे में किसी भी अवसर को हाथ से न जाने दें और मन लगाकर काम करें।

**कन्या** — आज नई स्किल्स सीखने के लिए बहुत अच्छा समय है। दिन का समय तो सामान्य रहेगा, लेकिन शाम होते-होते कुछ ऐसा घटित हो सकता है जिससे मन में बेचैनी का भाव उत्पन्न होगा। संतान को लेकर भी चिंता रह सकती है।

**तुला** — आज का दिन राजनीति से जुड़े लोगों के लिए शुभ संकेत लेकर आ रहा है। कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है, जो आपका करियर बनाने में सहायक सिद्ध होगी। कारोबार में बड़ी साझेदारी के योग बन रहे हैं।

**वृश्चिक** — आज नौकरी करते हैं तो कार्यक्षेत्र में सम्मान के भागीदार बनेंगे। आपके काम की प्रशंसा की जाएगी तथा प्रमोशन से जुड़ी बात आगे बढ़ेगी। भाई या बहन का साथ मिलेगा जो मन को आनंदित करेगा। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा।

**धनु** — आज परिवार में किसी पुरानी बात को लेकर मतभेद सामने आएगा। ऐसे में अपनी बातों को तार्किक तरीके से रखेंगे तो स्थिति बेहतर रहेगी। सभी के साथ मेलजोल बनाकर रखें। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

**मकर** — आज आपको लंबी दूरी की यात्रा करने से बचना चाहिए। सरकारी अधिकारियों को कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। सामाजिक कार्यों को करने में मन लगेगा तथा समाज में भी आपकी प्रतिष्ठा में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी।

**कुंभ** — आज आपके मन में व्यापार को लेकर नए-नए आइडियाज आ सकते हैं। विश्वासघाती मित्रों की पहचान हो सकती है। अस्थमा के रोगियों को विशेष रूप से अपना ध्यान रखने की आवश्यकता है। संतान की जॉब संबंधी परेशानी का समाधान होगा।

**मीन** — आज किराना व्यापारियों को बड़ा लाभ मिलने का प्रबल योग हैं। यदि आपने पैसों को शेयर बाजार में निवेश किया हुआ है तो वहां से उचित लाभ भी मिलेगा। पेट में मरोड़ और दर्द की शिकायत हो सकती है। कहीं की यात्रा कर सकते हैं।

## आज की फिल्में

B4U Movies: क्यों की — सुबह : 11.00; सरफरोश — रात : 07.00

Sony Pix: एनाबेल — सुबह : 10.46; ज़ॉम्बीलैंड — रात : 09.00

Sony Max: पागलपंती — सुबह : 10.43; वाटला हाउस — रात : 07.00

Zee Cinema: सड़क — सुबह : 10.30; फटा पोस्टर निकला हीरो — रात : 07.30

Colors Cineplex: कभी खुशी कभी गम — दोपहर : 12.51; भोला शंकर — रात : 07.57

### आज की सुपरहिट फिल्म




सोनी मैक्स पर रात : 07.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी मायके से-कैसे हो?
पति – ठीक हूं
पत्नी– जब मेरी याद आती है तो क्या करते हो?
पति – तुम्हारी पसंदीदा आइसक्रीम केसर पिस्ता या अमूल नट्स खा लेता हूं और मेरी याद आने पर तुम क्या करती हो?
पत्नी– मैं भी 'रॉयल स्टेज' क्वाटर और तीन सिगरेट पीकर एक रजनीगंधा खा लेती हूं।

सास (दामाद से)– आप काम क्या करते हैं?
दामाद– जी मैं पायलट हूं।
सास– अच्छा कौन-सी एयरलाइंस में पायलट हैं?
दामाद– अरे मैं वो शादियों में ड्रोन उड़ाता हूं।

# कांग्रेस का एजेंडा, गठबंधन सहयोगियों का इस्तेमाल करो और फेंक दो : मोदी

## प्रधानमंत्री ने आंध्र प्रदेश के पलनाडु जिले की चुनावी सभा में विपक्षी दल पर किया हमला

अमरावती (आंध्र प्रदेश), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) क्षेत्रीय आकांक्षाओं को साथ लेकर देश की प्रगति के लिए काम कर रहा है तथा चुनाव के बाद तीसरे कार्यकाल के दौरान देश कई और बड़े फैसले लेगा। मोदी ने पलनाडु जिले के बोप्पुडी गांव में राजग की चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि राजग का लक्ष्य 'विकसित भारत', 'विकसित आंध्र प्रदेश' बनाना है। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्ष के दौरान देश में 25 करोड़ लोगों को गरीबी के दायरे से बाहर निकाला गया है। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्षी दल कांग्रेस पर निशाना साधा।



आंध्र प्रदेश में बैठक के दौरान टीडीपी प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू और जनसेना प्रमुख पवन कल्याण के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। ● एजेंसी

कांग्रेस पर हमला बोलते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पार्टी का एजेंडा अपने गठबंधन सहयोगियों का 'इस्तेमाल करो और फेंक दो' है। मोदी ने कहा-कल लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा की गई। पूरा देश कहता है कि चार जून (मतगणना के दिन) को (राजग की कुल सीटें) 400 पार हो जाएंगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि राजग का लक्ष्य 'विकसित भारत' और 'विकसित आंध्र प्रदेश' का निर्माण है। उन्होंने कहा कि आंध्र प्रदेश में 'डबल इंजन' वाली राजग सरकार राज्य का त्वरित विकास सुनिश्चित करेगी। मोदी ने कहा कि पूरी दुनिया में राजग नीत सरकार के विकास कार्यों की चर्चा हो रही है। मोदी ने कहा-एनडीए की ताकत बढ़ रही है, चंद्रबाबू नायडू और पवन दोनों कल्याण लंबे समय से यहां के लोगों के अधिकारों का समर्थन कर रहे हैं। हमारी सरकार आंध्र प्रदेश के विकास के लिए दिन-रात आपके लिए काम कर रहे हैं।

### नई सरकार के पहले सौ दिनों की बनाएं रूपरेखा : प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने कैबिनेट मंत्रियों से नई सरकार के पहले 100 दिनों और अगले पांच साल के लिए एक रूपरेखा तैयार करने को कहा। सूत्रों ने यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री ने आज सुबह यहां केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक की अध्यक्षता करते हुए मंत्रियों से अपने-अपने मंत्रालयों के सचिवों और अन्य अधिकारियों से मुलाकात कर इस बारे में चर्चा करने के लिए कहा कि नई सरकार के पहले 100 दिन और अगले पांच साल के एजेंडे को बेहतर ढंग से कैसे लागू किया जा सकता है। यह बैठक निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा के एक दिन बाद हुई है। मंत्रिमंडल ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को निर्वाचन आयोग की सिफारिश भेजकर सात चरण के संसदीय चुनावों की तारीखों को अधिसूचित करने की प्रक्रिया भी शुरू की।




लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा के बाद आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद रविवार को भोपाल में सेना और पुलिस के जवानों ने फ्लैग मार्च किया। ● एजेंसी

## एक नजर

### तरनतारन में ड्रोन से गिराई गई छह सौ ग्राम हेरोइन बरामद

**जालंधर।** पंजाब के ज़िला तरनतारन में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पाकिस्तानी ड्रोन द्वारा गिराई गई छह सौ ग्राम हेरोइन बरामद की है और इस खेप को लेने के लिए आए एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने बताया खुफिया जानकारी पर कार्रवाई करते हुए, बीएसएफके सैनिकों ने सफलतापूर्वक एक पैकेट बरामद किया जिसमें 610 ग्राम हेरोइन थी।

### मणिपुर में हथियार जमा कराने का निर्देश

**इंफाल।** निर्वाचन आयोग के लोकसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करने के बाद मणिपुर में जिलाधिकारियों ने एक आदेश जारी कर लाइसेंसी हथियार रखने वाले लोगों को नजदीकी पुलिस थानों में अपने हथियार जमा कराने का आदेश दिया है ताकि चुनावों के दौरान कोई अप्रिय घटना न हो। थौबल के जिला मजिस्ट्रेट के कार्यालय द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि थौबल जिले के सभी लाइसेंस धारक 18वें आम चुनाव के शांतिपूर्ण आयोजन और कानून व व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपने लाइसेंसी हथियार तथा कारतूस 23 मार्च से पहले नजदीकी पुलिस थानों में जमा कराएं।

## छात्रावास में नमाज अदा करने को लेकर विदेशी छात्रों से मारपीट



अहमदाबाद में गुजरात विश्वविद्यालय के छात्रावास परिसर में नमाज पढ़ने के मुद्दे पर हमला किए जाने के बाद का दृश्य। ● एजेंसी

अहमदाबाद (गुजरात), एजेंसी

- गुजरात विश्वविद्यालय में लोगों के एक समूह ने किया हमला
- पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया और अन्य की तलाश जारी

अहमदाबाद में गुजरात विश्वविद्यालय के छात्रावास में नमाज अदा करने को लेकर विभिन्न देशों के छात्रों पर कथित तौर पर व्यक्तियों के एक समूह ने हमला किया, जिसके बाद बाद पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया और अन्य की तलाश कर रही है।

पुलिस ने बताया कि शनिवार रात ए-ब्लॉक छात्रावास में हुई घटना के बाद श्रीलंका और ताजिकिस्तान के दो छात्रों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डीसीपी (जोन 7) तरुण दुग्गल ने कहा कि भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धाराओं के तहत दंगा, गैरकानूनी सभा, चोट पहुंचाने, संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और आपराधिक अतिचार समेत विभिन्न आरोपों में 20-25 अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। उन्होंने बताया कि मामले में दो आरोपियों हितेश मेवाड़ा और भरत पटेल को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस आयुक्त जी.एस. मलिक ने कहा कि घटना की जांच के लिए नौ टीम गठित की गई हैं। मलिक ने कहा कि गृह राज्य मंत्री हर्ष सांघवी ने पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की और उन्हें मामले में सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

## न्यायालय से सीएए पर रोक लगाने का अनुरोध

नई दिल्ली, एजेंसी

- केरल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दायर की याचिका

केरल सरकार ने नागरिकता (संशोधन) नियम, 2024 के क्रियान्वयन पर रोक लगाने का अनुरोध करते हुए उच्चतम न्यायालय में एक नई याचिका दायर की है और दलील दी कि ये नियम भेदभावपूर्व, मनमाने और धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांतों का उल्लंघन करते हैं।

केंद्र ने संसद द्वारा नागरिकता (संशोधन) अधिनियम, 2019 को पारित करने के करीब चार साल बाद गत 11 मार्च को कानून के नियमों की अधिसूचना जारी करने के साथ इसके कार्यान्वयन का मार्ग प्रशस्त कर दिया था। इसके तहत पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से 31 दिसंबर 2014 से पहले भारत आए गैर-मुस्लिम प्रवासियों को भारत की नागरिकता दी जाएगी। केरल सरकार ने सीएए नियमों को 'असंवैधानिक' करार देते हुए कहा कि धर्म और देश के आधार पर वर्गीकरण भेदभावपूर्ण, मनमाना, अतार्किक और धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांतों का उल्लंघन है।

## संदेशखालि में शाहजहां के अवैध कब्जे वाली भूमि के उपयोग पर राय देने को समिति गठित

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस ने संदेशखालि में शाहजहां द्वारा कथित तौर पर ग्रामीणों की अवैध रूप से कब्जाई गई और मछली फार्म में तब्दील कर दी गई जमीनों का अध्ययन करने और उनके उपयोग के तरीके सुझाने के लिए विशेषज्ञों की एक समिति गठित की है। राजभवन के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इस विषय के विशेषज्ञों ने बताया है कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) से निलंबित नेता शाहजहां शेख द्वारा कथित तौर पर छीनी गई और अब मूल मालिकों को लौटाई गई कृषि भूमि की ऊपरी मिट्टी मछली पालन के लिए खारे पानी की निकासी के कारण अनुपयुक्त हो गई है।

### घोषणा पत्र की मंजूरी को सीडब्ल्यूसी की बैठक कल होगी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) 19 मार्च को होने वाली अपनी बैठक में लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी के घोषणापत्र पर चर्चा करेगी और इसे अंतिम रूप देगी। पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की भी 19 से 20 मार्च को बैठक होने की संभावना है जिसमें 19 अप्रैल से शुरू होने वाले सात चरण के लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी के शेष उम्मीदवारों के नामों को अंतिम रूप दिया जाएगा। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि पार्टी की शीर्ष निर्णायक इकाई सीडब्ल्यूसी 19 मार्च को बैठक करेगी और मसौदा घोषणापत्र को अपनी मंजूरी देगी जिसमें न्याय के लिए पांच 'गारंटी' दी गई हैं।

## भाजपा में संविधान को बदलने का साहस नहीं

मुंबई, एजेंसी

**न्याय संकल्प पदयात्रा**


- राहुल गांधी बोले-सच्चाई और देश की जनता उनके साथ है



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को दावा किया कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ''शोर बहुत मचाती'' है लेकिन उसमें संविधान को ''बदलने'' का साहस नहीं है। राहुल ने यह भी कहा कि सच्चाई और देश की जनता उनके साथ है।

भाजपा सांसद अनंतकुमार हेगड़े ने हाल में कहा था कि उनकी पार्टी को संविधान में संशोधन करने के लिए और ''कांग्रेस द्वारा इसमें जोड़ी गईं अनावश्यक चीजों को हटाने के लिए'' संसद के दोनों सदनों में दो-तिहाई बहुमत की आवश्यकता होगी। इसके बाद भाजपा ने हेगड़े की टिप्पणियों से पैदा हुए विवाद को शांत करने की कवायद में इसे उनका ''निजी विचार'' बताया और उनसे स्पष्टीकरण मांगा था। राहुल गांधी मुंबई में महात्मा गांधी के आवास मणि भवन से अगस्त क्रांति मैदान तक 'न्याय संकल्प पदयात्रा' करने के बाद यहां एक सभा को संबोधित कर रहे थे। अगस्त क्रांति मैदान में ही ब्रिटिश राज से आजादी के लिए भारत के संघर्ष के दौरान 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन शुरू हुआ था। उन्होंने कहा-भाजपा बहुत शोर मचाती है लेकिन उसमें संविधान को बदलने का साहस नहीं है। सच्चाई और लोगों का समर्थन हमारे साथ है। वायनाड से लोकसभा सदस्य राहुल ने कहा कि मौजूदा लड़ाई केवल भाजपा और कांग्रेस के बीच नहीं बल्कि दो ''अभिव्यक्तियों'' के बीच है।

### पश्चिम बंगाल में 7 चरणों में चुनाव से साबित होता है निर्वाचन आयोग सरकार का हिस्सा: कपिल सिब्बल



**नई दिल्ली।** राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने रविवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में सात चरणों में लोकसभा चुनाव होने से यह बात साबित होती है कि निर्वाचन आयोग "सरकार का एक अंग" है। सिब्बल ने हाल ही में दो निर्वाचन आयुक्तों ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू की नियुक्ति पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि उन्हें इस तथ्य के बावजूद नियुक्त किया गया कि संविधान पीठ के फैसले में कहा गया है कि भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) को भी उस समिति का सदस्य होना चाहिए जो नियुक्तियों के नामों की सिफारिश करती है। उन्होंने बताया, "जहां तक सात चरणों (देश में लोकसभा चुनाव) का सवाल है, इसकी उम्मीद थी।" सिब्बल ने आरोप लगाया, "वास्तव में जिस तरह से उन्होंने इन दोनों निर्वाचन आयुक्तों को इस तथ्य के बावजूद नियुक्त किया कि संविधान पीठ के फैसले में कहा गया है कि सीजेआई को भी समिति का सदस्य होना चाहिए।

# कारोबार/कृषि

## एक नजर

### अडाणी समूह 2024-25 में 14 अरब डॉलर निवेश करेगा

**नई दिल्ली।** अडाणी समूह ने एक अप्रैल से शुरू होने वाले अगले वित्त वर्ष में बंदरगाह, ऊर्जा, हवाई अड्डा, जिंस, सीमेंट और मीडिया क्षेत्र तक फैले अपने कारोबार में 1.2 लाख करोड़ रुपये (लगभग 14 अरब अमेरिकी डॉलर) से अधिक का निवेश करने की योजना बनाई है। सूत्रों ने कहा कि समूह ने अगले 7-10 वर्षों में कारोबार बढ़ाने के लिए अपने निवेश पूर्वानुमान को 100 अरब डॉलर से बढ़ाकर दोगुना कर दिया है। वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अनुमानित पूंजीगत व्यय इससे पिछले वित्त वर्ष के मुकाबले 40 प्रतिशत अधिक है। विश्लेषकों के अनुसार 31 मार्च को समाप्त होने वाले वित्त वर्ष 2023-24 में पूंजीगत व्यय लगभग 10 अरब डॉलर का पूंजीगत व्यय होने का अनुमान है।

### स्टार्टअप महाकुंभ में आ सकते हैं प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार से शुरू होने वाले स्टार्टअप महाकुंभ में आ सकते हैं, जिसमें 2,000 से अधिक उद्यमी शामिल हो रहे हैं। उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव राजेश कुमार सिंह ने रविवार को कहा कि प्रगति मैदान में 18 मार्च से शुरू हो रहे तीन दिवसीय स्टार्टअप महाकुंभ में सरकार बड़ी भूमिका निभा रही है। सिंह ने कहा-हमें उम्मीद है कि हम प्रधानमंत्री को इस कार्यक्रम में लाने में सफल होंगे। अब चूंकि आम चुनाव की घोषणा हो गई है, तो कुछ औपचारिकताएं हैं लेकिन हमें अभी भी उम्मीद है कि हम उन्हें इस कार्यक्रम में लाने में सफल होंगे। आयोजकों ने बताया कि इस कार्यक्रम में दो हजार से अधिक स्टार्टअप, एक हजार से अधिक निवेशक शामिल हो सकते हैं।

## आंध्र प्रदेश और केरल में सबसे महंगा पेट्रोल

### उद्योग के आंकड़ों के मुताबिक भाजपा शासित मध्य प्रदेश और बिहार भी पीछे नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और केरल में पेट्रोल और डीजल सबसे महंगा है। वहीं अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, दिल्ली और पूर्वोत्तर जैसे छोटे राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में वाहन ईंधन के दाम सबसे कम हैं। उद्योग के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। स्थानीय बिक्री कर या मूल्य वर्धित कर (वैट) की दरों में अंतर की वजह से विभिन्न राज्यों में वाहन ईंधन कीमतों में भिन्नता होती है।

सार्वजनिक क्षेत्र की तीनों पेट्रोलियम कंपनियों...इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) ने पिछले सप्ताह पेट्रोल और डीजल की कीमतों में दो रुपये प्रति लीटर की कटौती की है। इससे पहले करीब दो साल से वाहन ईंधन कीमतों में संशोधन नहीं हुआ था। इस कटौती से लोगों को कुछ राहत मिली लेकिन ऊंचे मूल्य वर्धित कर की वजह से कई राज्यों में अब भी वाहन ईंधन 100 रुपये प्रति लीटर से अधिक है। वाई एस जगन मोहन रेड्डी की वाईएसआरसीपी सरकार के शासन वाले आंध्र प्रदेश में पेट्रोल सबसे महंगा 109.87 रुपये प्रति लीटर है। इसके बाद लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट (एलडीएफ) शासित केरल का नंबर आता है। वहां एक लीटर पेट्रोल 107.54 रुपये में बिक रहा है। कांग्रेस शासित तेलंगाना में पेट्रोल की कीमत 107.39 रुपये प्रति लीटर है। बीजेपी शासित राज्य भी पीछे नहीं हैं- भोपाल में पेट्रोल की कीमत 106.45 रुपये प्रति लीटर, पटना में 105.16 रुपये (जेडी-यू के साथ गठबंधन में बीजेपी), जयपुर में 104.86 रुपये और मुंबई में 104.19 रुपये प्रति लीटर है। ममता बनर्जी के तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) शासित पश्चिम बंगाल में पेट्रोल की कीमत 103.93 रुपये प्रति लीटर है।

### अंडमान और निकोबार द्वीप में डीजल सबसे सस्ता




डीजल कीमतों की बात की जाए, तो आंध्र प्रदेश के अमरावती में यह ईंधन 97.6 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। इसके बाद केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम में यह 96.41 रुपये प्रति लीटर, हैदराबाद में 95.63 रुपये और रायपुर में 93.31 रुपये प्रति लीटर है। भाजपा शासित महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और बिहार में डीजल का दाम 92 से 93 रुपये प्रति लीटर है। ओडिशा और झारखंड में भी डीजल का दाम इतना ही है। अंडमान और निकोबार द्वीप में डीजल सबसे सस्ता है जहां यह लगभग 78 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। महानगरों में दिल्ली में वैट सबसे कम है। दिल्ली में डीजल 87.66 रुपये प्रति लीटर है, जबकि गोवा में इसकी कीमत 87.76 रुपये प्रति लीटर है। ईंधन कीमतों में कटौती पर गोल्डमैन सैक्श ने कहा कि तीनों पेट्रोलियम कंपनियों विपणन कंपनियों का शुद्ध विपणन मार्जिन 1.7-2.7 रुपये प्रति लीटर से घटकर 80-90 पैसे प्रति लीटर रह जाएगा।

### अमेरिका को स्मार्टफोन निर्यात बढ़कर 3.53 अरब अमेरिकी डॉलर हुआ

**नई दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-दिसंबर के दौरान अमेरिका को भारत का स्मार्टफोन निर्यात बढ़कर 3.53 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जो वित्त वर्ष 2022-23 की समान अवधि में 99.8 करोड़ अमेरिकी डॉलर था।

वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-दिसंबर के दौरान स्मार्टफोन के निर्यात में भारत की हिस्सेदारी बढ़कर 7.76 प्रतिशत हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में दो प्रतिशत थी। एक अधिकारी ने कहा कि स्मार्टफोन विनिर्माण में वृद्धि से निर्यात को बढ़ावा मिला। इसके साथ ही भारत, अमेरिका का तीसरा सबसे बड़ा स्मार्टफोन निर्यातक बन गया है। पहले स्थान पर चीन और दूसरे स्थान पर वियतनाम हैं।

## खाताधारकों के हितों की रक्षा करें बैंक : विवेक जोशी

नई दिल्ली, एजेंसी

- डीएफएस सचिव ने कहा शिकायतों के चलते दिए निर्देश



सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों से बीमा उत्पादों की गलत बिक्री रोकने और खाताधारकों के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करने को कहा है। वित्तीय सेवा सचिव विवेक जोशी ने यह बात कही।

उन्होंने बताया कि वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि बैंक और जीवन बीमा कंपनियां ग्राहकों से पॉलिसी खरीदने के लिए धोखाधड़ी वाले और अनैतिक तरीके अपना रही हैं। जोशी ने कहा कि ऐसे में बैंकों को इस मामले पर संवेदनशील बनाया गया है। उन्होंने कहा, ''बैंकों से खाताधारकों के हितों को सबसे अधिक महत्व देने को कहा गया है।'' ऐसे उदाहरण हैं, जहां दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों में 75 वर्ष से अधिक आयु के ग्राहकों को जीवन बीमा पॉलिसी बेची गईं। आमतौर पर, बैंक अपनी सहायक बीमा कंपनियों के उत्पादों को बेचने की कोशिश करते हैं। अगर ग्राहक इसका विरोध करते हैं, तो शाखा अधिकारी कहते हैं कि उनपर ऊपर से दबाव है। जब ग्राहक किसी प्रकार का ऋण लेने या सावधि जमा में निवेश करने जाते हैं, तो उन्हें बीमा उत्पाद बेचने की कोशिश की जाती है।

### स्विट्जरलैंड की कई कंपनियां भारत में निवेश की इच्छुक

**नई दिल्ली।** चॉकलेट बनाने वाली कंपनी बैरी कैलेबाउट समूह और प्रौद्योगिकी कंपनी बुहलर सहित स्विट्जरलैंड की कई कंपनियां भारत में निवेश करने की इच्छुक हैं। स्विट्जरलैंड की आर्थिक मामलों की मंत्री हेलेन बडलिगर ने यह बात कही। बडलिगर ने कहा कि एचईएसएस ग्रीन मोबिलिटी का इरादा 2025 तक भारत में लगभग 3,000 इलेक्ट्रिक बसों का विनिर्माण करने का है। उन्होंने साक्षात्कार में बताया कि चॉकलेट निर्माता बैरी कैलेबाउट ग्रुप 2024 तक भारत में अपनी तीसरी विनिर्माण इकाई चालू करने के लिए तैयार है।

## बारिश से फसल नुकसान की बीमा कंपनियों ने नहीं दी रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 10 दिन के अंदर देनी थी रिपोर्ट मांगे और 10 दिन

**अमृत विचारः** पिछले सप्ताह बारिश और ओलावृष्टि से बर्बाद हुई फसलों की रिपोर्ट बीमा कंपनियों ने नहीं दी है। कंपनियों ने सर्वे तो किया लेकिन, नुकसान का आकलन और क्षतिपूर्ति तय नहीं की है। कृषि विभाग सख्त हुआ तो 10 दिन का समय मांगा है।

2 व 3 मार्च को बारिश और ओलावृष्टि से रबी की खड़ी व कटी फसलों को नुकसान हुआ था। अधिकांश क्षेत्रों में फसलें जलमग्न होने के साथ तेज हवा से खेतों पर बिछ गई थीं। इस दौरान आठ हजार से ज्यादा किसानों ने क्षतिपूर्ति के लिए व्यक्तिगत दावा किया था। इस पर गंभीरता दिखाते हुए कृषि विभाग ने बीमा कंपनियों से 10 दिन में सर्वे कर नुकसान के आकलन की रिपोर्ट मांगी थी। जो कंपनियों ने नहीं दी है। आशंका है कि क्षतिपूर्ति से बचने के लिए दावे ज्यादातर निरस्त किए हैं। क्योंकि व्यक्तिगत दावा में एक माह के अंदर जितना नुकसान उतना क्लेम देय होता है। वहीं उपनिदेशक उमा शंकर सिंह ने बताया कि कंपनियों के अनुरोध पर रिपोर्ट देने के लिए 10 दिन का समय दिया गया है।

### विदेशी मुद्रा भंडार 10.5 अरब डॉलर बढ़कर 636.1 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में जबरदस्त बढोतरी होने से 08 मार्च को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 10.5 अरब डॉलर बढ़कर लगातार तीसरे सप्ताह बढ़ता हुआ 636.1 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 6.6 अरब डॉलर बढ़कर लगातार दूसरे सप्ताह चढ़ता हुआ 625.6 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी किए गए साप्ताहिक आंकड़े से यह खुलासा हुआ है।

## सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से पांच कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2.23 लाख करोड़ रुपये घट गया

नई दिल्ली, एजेंसी

- रिलायंस व एलआईसी को उठाना पड़ा सबसे ज्यादा नुकसान



सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से पांच के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 2,23,660 करोड़ रुपये की गिरावट आई। शेयर बाजार में कमजोरी के रुख के बीच सबसे अधिक नुकसान रिलायंस इंडस्ट्रीज और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) को उठाना पड़ा।

पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,475.96 अंक या 1.99 प्रतिशत नीचे आया। सप्ताह के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, एलआईसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार मूल्यांकन में गिरावट आई। वहीं टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, इन्फोसिस और आईटीसी की बाजार हैसियत बढ़ गई। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 81,763.35 करोड़ रुपये घटकर 19,19,595.15 करोड़ रुपये पर आ गया। सबसे अधिक नुकसान में रिलायंस इंडस्ट्रीज ही रही। एलआईसी का बाजार मूल्यांकन 63,629.48 करोड़ रुपये घटकर 5,84,967.41 करोड़ रुपये और एसबीआई का 50,111.7 करोड़ घटकर 6,53,281.59 करोड़ रुपये रह गया है।

# आईपीएल के लिए लौटे विराट, आरसीबी से जुड़ने की तैयारी

नई दिल्ली, एजेंसी



स्टार बल्लेबाज विराट कोहली अपने बेटे अकाय के जन्म के बाद रविवार को भारत लौट आए और आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के लिए अपनी फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के ट्रेनिंग शिविर में जुड़ने के लिए तैयार हैं।

कोहली ने व्यक्तिगत कारणों का हवाला लेते हुए भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट श्रृंखला से हटने का फैसला किया था। बाद में बताया गया कि यह ब्रेक इसलिए लिया ताकि ब्रिटेन में अपने बेटे के जन्म के समय अपनी पत्नी के साथ वह रह सके। आईपीएल प्रसारक स्टार स्पोर्ट्स ने ट्वीट किया कि विराट लौट आए हैं। रेड किंग 22 मार्च को सीएसके के खिलाफ अभियान शुरू करने के लिए तैयार हैं। किंग के लिए चीयर करने और 'किंगली बीट्स' पर थिरकने के लिए तैयार हो जाइए क्योंकि स्टार स्पोर्ट्स का नया एंथम 'कोहली कॉलिंग' सभी मंच पर रिलीज हो गया है। आईपीएल में कोहली के संबंध में सभी चीजों के लिए स्टार स्पोर्ट्स पर ट्यून करें। कोहली रविवार को मुंबई पहुंचे और उनके जल्द ही टीम के ट्रेनिंग शिविर से जुड़ने की उम्मीद है।

## आईपीएल से पहले केकेआर से जुड़े श्रेयस अय्यर



**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान श्रेयस अय्यर आईपीएल सत्र से पहले टीम के अभ्यास शिविर से जुड़ गए हैं। पीठ से जुड़ी परेशानियों के कारण अय्यर के टूर्नामेंट के शुरुआती मैचों में खेलना संदिग्ध लग रहा था। केकेआर ने अय्यर के शहर में पहुंचने की तस्वीरें सोशल मीडिया पर जारी की हैं। यह बल्लेबाज पीठ के ऑपरेशन से पिछले साल आईपीएल में नहीं खेल पाया था। उन्होंने सितंबर में प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की थी, लेकिन पीठ दर्द उन्हें परेशान करता रहा। वह इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो टेस्ट मैच में खेले थे, लेकिन इसके बाद उनकी पीठ में दर्द होने लगा था। उन्हें बाकी बचे तीन मैच के लिए भारतीय टीम में नहीं चुना गया था।

## मदुशंका के शुरुआती सत्र में खेलने की संभावना कम

**ढाका।** श्रीलंकाई गेंदबाज दिलशान मदुशंका बांग्लादेश के खिलाफ चल रही वन डे सीरीज में चोटिल होने से बाहर हो गए और उनके आईपीएल के शुरुआत सत्र में खेलने की संभावना कम है। श्रीलंका क्रिकेट ने रविवार सुबह कहा कि एमआरआई स्कैन में पुष्टि हुई है कि मदुशंका के बाए पैर में हैमस्ट्रिंग है और वह रिहैब के लिए घर लौटेंगे। श्रीलंका टीम के मैनेजर महिंदा हलनगोड़ा ने कहा कि हमें उनकी चोट के बारे में रविवार सुबह रिपोर्ट मिली है। यह नई चोट है।

# अश्विन ने प्रगति पर अंकुश नहीं लगाने दिया: कुंबले



चेन्नई, एजेंसी

रविचंद्रन अश्विन के 500 अंतर्राष्ट्रीय विकेट चटकाने से खुश महान स्पिनर अनिल कुंबले ने कहा कि एक दशक में इस ऑफ स्पिनर के सामने कई चुनौतियां आई, लेकिन वह लगातार सीखने के जज्बे और इच्छाशक्ति से इससे पार पाने में सफल रहे। अश्विन के नाम टेस्ट में 516 विकेट है और वह भारत के लिए कुंबले (619) के बाद दूसरे सबसे अधिक टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं।

भारत के पूर्व लेग स्पिनर कुंबले इससे बिल्कुल भी आश्चर्यचकित नहीं थे। कुंबले ने अश्विन को 100 टेस्ट और 500 विकेट पूरे करने पर तमिलनाडु क्रिकेट संघ की ओर से आयोजित सम्मान समारोह में कहा कि अश्विन के सामने कई चुनौतियां आई हैं। उन्होंने किसी भी चुनौती को अपनी प्रगति में रोड़ा बनने का मौका नहीं दिया। वह एक दशक से अधिक समय से देश के लिए एक असाधारण मैच विजेता रहा है, और उसने जो निरंतरता दिखाई है, वह शानदार है। इस तरह की सफलता के लिए अपने उद्देश्य के प्रति पूर्ण समर्पण की आवश्यकता है। कुंबले ने कहा कि अश्विन भारतीय प्रशंसकों द्वारा उनसे की गई उम्मीदों से निपटने में सक्षम हैं।

## रविचंद्रन अश्विन बहुत ही शानदार क्रिकेटर हैं : गावस्कर



**चेन्नई।** सुनील गावस्कर और के श्रीकांत ने अश्विन को बहुत शानदार क्रिकेटर करार करते हुए कहा कि अपने आत्मविश्वास और बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष एन श्रीनिवासन के समर्थन की बदौलत यह गेंदबाज सफलता हासिल करने में सफल रहा। श्रीकांत ने कहा कि अगर अश्विन ने 100 टेस्ट खेले और 500 विकेट लिए हैं तो इसके लिए एक ही व्यक्ति जिम्मेदार हैं और वो एन श्रीनिवासन हैं। गावस्कर ने कहा कि मैं अश्विन को इस उपलब्धि के लिए बधाई देता हूं। उनका खेल के सभी प्रारूपों में करियर शानदार रहा है, विशेषकर टेस्ट में। उन्होंने कहा कि हमें नहीं पता कि वह कब संन्यास लेंगे लेकिन वह बेहद शानदार क्रिकेटर रहे हैं।

## खेल डायरी

### अमेलिया-सोफी इंग्लैंड के खिलाफ शुरू के मैच नहीं खेलेंगी



**वेलिंग्टन, एजेंसी।** अमेलिया केर और सोफी डिवाइन इंग्लैंड के खिलाफ 19 मार्च से डुनेडिन में शुरू हो रही पांच मैचों की टी-20 शृंखला के शुरुआती मैच में न्यूजीलैंड की महिला टीम का हिस्सा नहीं होंगी। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने कहा भारत में चल रहे डब्ल्यूपीएल में आरसीबी के लिए खेल रही केर शुरुआती टी-20 मैच में हिस्सा लेने के लिए समय पर न्यूजीलैंड नहीं लौट पाएंगी। वहीं सोफी डिवाइन आरसीबी के लिए नियमित स्टार्टर रहीं हैं। एनजेडसी ने 22 मार्च को नेल्सन में होने वाले दूसरे टी-20 के लिए केर की उपलब्धता की पुष्टि की है। उनको उम्मीद है कि डिवाइन रविवार को अपनी जोड़ीदार के साथ टीम के साथ उपलब्ध रहेंगी।


### ओलंपिक के चयन ट्रायल में दीपिका शीर्ष पर

**सोनीपत, एजेंसी।** दुनिया की पूर्व नंबर एक तीरंदाज दीपिका कुमारी ने रविवार को आगामी विश्व कप और पेरिस ओलंपिक के लिए हुए चयन ट्रायल में शीर्ष स्थान हासिल किया। तीन बार की ओलंपियन दीपिका ने फरवरी में बगदाद एशिया कप में दो स्वर्ण पदक जीतकर वापसी की। वह दिसंबर 2022 में मां बनने के बाद पिछले साल खेल से बाहर रहीं। दीपिका ने भजन कौर, अंकिता भक्त और कोमलिका बारी के साथ चार सदस्यीय टीम में जगह बनाई। भारत को ओलंपिक के लिए महिला वर्ग में कोटा हासिल करना बाकी है। वहीं अंताल्या में 18-23 जून तक होने वाला विश्व कप का तीसरा चरण अंतिम क्वालीफाइंग टूर्नामेंट होगा। भारत के लिए अब तक एकमात्र पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल करने वाले धीरज बोम्मदेवरा पुरुष रिकर्व वर्ग में शीर्ष पर रहे।

### दीक्षा ने गोल्फ क्लासिक के कट में बनाई जगह

**लॉन्गवुड (फ्लोरिडा), एजेंसी।** भारत की दीक्षा डागर ने दूसरे दौर में छह बर्डी और इतनी ही संख्या में बोगी लगाकर इवन पार 71 का कार्ड खेला, जिससे वह आईओए गोल्फ क्लासिक के कट में जगह बनाने में सफल रहीं। दीक्षा ने एप्सन टूर की इस प्रतियोगिता के पहले दौर में तीन ओवर 74 का कार्ड खेला था। दूसरे दौर के बाद उनका कुल स्कोर तीन ओवर पर है। टूर्नामेंट में कट भी तीन ओवर पर गया। लेडीज यूरोपियन टूर की दो प्रतियोगिताओं में शीर्ष 10 में जगह बनाकर यहां पहुंची दीक्षा अगले सप्ताह भी एप्सन टूर में भाग लेगी। इसके बाद वह लेडीज यूरोपियन टूर में लौट जाएगी। गोल्फ क्लासिक में दूसरे दौर के बाद लिंडसे मैक्कर्डी एक शॉट से आगे थीं। लिंडसे ने 65 का कार्ड खेला, जबकि डेवी वेबर (66) दूसरे और चीनी ताइपे की विवियन होउ (63) तीसरे स्थान पर हैं।

### सिन्नर को हराकर अल्कराज इंडियन वेल्स के फाइनल में



**इंडियन वेल्स (कैलिफोर्निया), एजेंसी।** कार्लोस अल्कराज़ ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके यानिक सिन्नर के 19 मैच से चल रहे विजय अभियान पर रोक लगाई तथा बीएनपी परिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। अल्कराज ने बारिश से प्रभावित इस मैच में सिन्नर को 1-6, 6-3, 6-2 से हराया। अल्कराज की इंडियन वेल्स में यह लगातार 11वीं जीत है, जिससे उन्होंने विश्व रैंकिंग में अपना दूसरा स्थान फिर से हासिल कर लिया है। फाइनल में अल्कराज का मुकाबला रूस के दानिल मेदवेदेव से होगा। मेदवेदेव ने भी दूसरे सेमीफाइनल में पहला सेट गंवाने के बाद अच्छी वापसी करके टॉमी पॉल को 1-6, 7-6, 6-2 से पराजित किया। अल्कराज के खिलाफ सिन्नर जब पहले सेट में 2-1 से आगे चल रहे थे तब बारिश से खेल रोकना पड़ा। तीन घंटे से भी अधिक समय तक खेल नहीं हो पाया। इस बीच महिला युगल के फाइनल में ताइवान की सीह सु-वेई और बेल्जियम की एलीस मर्टेंस ने ऑस्ट्रेलिया की स्टॉर्म हंटर और चेक गणराज्य की कटेरीना सिनियाकोवा को 6-3, 6-4 से हराकर खिताब जीता।

# मंधाना की टीम ने खत्म किया बेंगलुरु का सूखा

## दिल्ली कैपिटल्स को आठ विकेट से हराकर आरसीबी ने डब्ल्यूपीएल का खिताब जीता

नई दिल्ली, एजेंसी





स्मृति मंधाना की अगुआई वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने रविवार को फाइनल में दिल्ली कैपिटल्स को 3 गेंद रहते 8 विकेट से हराकर डब्ल्यूपीएल के दूसरे चरण का खिताब अपने नाम किया।




दिल्ली ने अच्छी शुरुआत के बावजूद आरसीबी के स्पिनरों के सामने घुटने टेक दिए। पिछले साल दिल्ली को फाइनल में मुंबई से हार मिली थी। वहीं आरसीबी का यह पहला फाइनल था और उसने धीमी शुरुआत के बाद जीत हासिल की। आरसीबी की गेंदबाजी के सामने दिल्ली 18.3 ओवर में 113 रन पर सिमट गई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरसीबी ने 19.3 ओवर में 2 विकेट पर 115 रन बनाकर खिताब जीत लिया। ऋचा घोष (नाबाद 17 रन, 14 गेंद, दो चौके) ने टीम के लिए विजयी चौका जड़ा। मंधाना ने 39 गेंद में 31 रन की धीमी पारी खेली और सोफी डिवाइन ने 27 गेंद में 5 चौके और 1 छक्के से 32 रन का योगदान दिया। एलिसे पैरी 35 रन बनाकर नाबाद रहीं। आरसीबी के लिए यह डब्ल्यूपीएल और पुरुष फ्रेंचाइजी (आईपीएल) में पहला खिताब है। इससे पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली की शेफाली वर्मा (44 रन) और कप्तान मेग लैनिंग (23 रन) की मदद से 43 गेंद में बिना विकेट गंवाए 64 रन बनाकर अच्छी शुरुआत की, लेकिन इसके बाद टीम ने 28,781 दर्शकों के सामने 49 रन के अंदर सभी 10 विकेट गंवा दिए। सोफी मोलिनू (20 रन देकर 3 विकेट) ने आठवें ओवर में 3 विकेट चटकाकर दिल्ली को तोड़ने का क्रम शुरू किया। इसके बाद मेजबान टीम इससे नहीं उबर सकी और लगातार विकेट गंवाकर लड़खड़ा गई। श्रेयंका पाटिल ने 3.3 ओवर में 12 रन देकर 4 विकेट झटके। दिल्ली के लिए शेफाली ने धीमी शुरूआत के बाद तेजी दिखाई। उन्होंने अपनी पारी के तीन छक्के स्ट्रेट लगाए। दूसरे ओवर की अंतिम गेंद पर हाथ खोलते हुए घुटने के बल बैठकर पहला छक्का मोलिनू पर लांग ऑन पर जड़ा। चौथे ओवर में दायें हाथ की तेज गेंदबाज रेणुका सिंह को गेंदबाजी पर लगाया गया जिनके ओवर में 19 रन बने।




### स्कोर बोर्ड

| दिल्ली कैपिटल्स | 113/10 (18.3 ओवर) | | |
|---|---|---|---|
| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
| मेग लैनिंग पगबाधा बो पाटिल | 23 | 23 | 3/0 |
| शेफाली वर्मा का वारेहैम बो मोलिनू | 44 | 27 | 2/3 |
| जेमिमा रोड्रिग्स बो मोलिनू | 00 | 02 | 0/0 |
| एलिस कैप्से बो मोलिनू | 00 | 01 | 0/0 |
| मारिजाने काप का डेविने बो शोभना | 08 | 16 | 0/0 |
| जेस जोनासेन का मंधाना बो शोभना | 03 | 11 | 0/0 |
| राधा यादव रन आउट (मोलिनू) | 12 | 09 | 0/0 |
| मीनू मणि पगबाधा बो पाटिल | 05 | 03 | 1/0 |
| अरूधंति रेड्डी बो पाटिल | 10 | 13 | 0/0 |
| शिखा पांडे नाबाद | 05 | 05 | 0/0 |
| तानिया भाटिया का घोष बो पाटिल | 00 | 01 | 0/0 |


**अतिरिक्त:** (वाइड 3) 3, **विकेट पतन:** 1-64, 2-64, 3-64, 4-74, 5-80, 6-81, 7-87, 8-101, 9-113, 10-113, **गेंदबाजी:** रेणुका सिंह 2-0-28-0, सोफी मोलिनू 4-0-20-3, एलिस पैरी 2-0-14-0, सोफी डेविने 1-0-9-0, जॉर्जिया वारेहैम 3-0-16-0, श्रेयंका पाटिल 3 .3-0-12-4, आशा शोभना 3-0-14-2

| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 115/2 (19.3 ओवर) | | |
|---|---|---|---|
| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
| स्मृति मंधाना कैच अरुंधति बोल्ड मिन्नू | 31 | 39 | 3/0 |
| सोफी डिवाइन पगबाधा शिखा | 32 | 27 | 5/1 |
| एलिस पैरी नाबाद | 35 | 37 | 4/0 |
| ऋचा घोष नाबाद | 17 | 14 | 2/0 |

**अतिरिक्त:** 0, **विकेट पतन:** 1-49, 2-82, **गेंदबाजी:** मैरिजेन कप्प 4-0-20-0, ऐलिस कैप्सी 3-0-13-0, शिखा पांडे 4-0-11-1, राधा यादव 1-0-18-0, अरुंधति रेड्डी 3 .3-0-26-0, जेस जॉनसन 2-0-15-0, मिन्नू मनी 2-0-12-0,

# गुलवीर ने 16 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा

नई दिल्ली, एजेंसी



एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता एथलीट गुलवीर सिंह ने कैलिफोर्निया के सैन जुआन कैपिस्ट्रानो में द टेन प्रतियोगिता में पुरुषों की 10000 मीटर दौड़ में 16 साल पुराना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ते हुए अपनी हीट में दूसरा स्थान पाया।

इस खिलाड़ी ने स्पर्धा में 27 मिनट, 41.81 सेकेंड का समय लेकर सुरेंद्र सिंह के 2008 में बनाए 28 मिनट, 2.89 सेकेंड के रिकॉर्ड को तोड़ा। गुलवीर का यह प्रयास ओलंपिक क्वालिफिकेशन के लिए पर्याप्त नहीं था। ओलंपिक खेलों का क्वालिफिकेशन समय 27 मिनट है और इस तरह से यह भारतीय एथलीट 41 सेकेंड के अंतर से इसे हासिल करने से चूक गया। इस स्पर्धा में भाग ले रहे भारतीय खिलाड़ी कार्तिक कुमार 28 मिनट, 01.90 सेकेंड का समय लेकर नौवें स्थान पर रहे। उनका समय भी सुरेंद्र सिंह के पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड से बेहतर है।

# विश्व कप में लगी चोट, टखने से निकाला गया खून: पंड्या

मुंबई, एजेंसी



- पिछले विश्व कप में फिटनेस पाने के लिए लगवाएं कई इंजेक्शन
- बांग्लादेश के खिलाफ गेंदबाजी करते समय टखना हुआ था चोटिल

हरफनमौला हार्दिक पंड्या ने पिछले विश्व कप के लिए फिटनेस पाने की बेताबी में कई इंजेक्शन लगवाए और टखने से खून के थक्के हटाने जैसे मुश्किल उपायों का सहारा लिया, लेकिन इससे चोट और बढ़ गई और इस भारतीय खिलाड़ी को बाहर बैठना पड़ा।

विश्व कप के दौरान भारत के चौथे मैच में बांग्लादेश के खिलाफ गेंदबाजी के दौरान अपने पहले ओवर के बाद पंड्या लंगडाते हुए मैदान से गए थे। वह इसके बाद टीम में वापसी नहीं कर सके। उन्होंने कहा कि मैंने एड़ी पर तीन अलग-अलग जगह पर इंजेक्शन लगवाए और सूजन के कारण मुझे टखने से खून निकलवाना पड़ा। मैं (विश्व कप के शेष मैच खेलने पर) हार नहीं मानना चाहता था। टीम के लिए मैं हमेशा सर्वश्रेष्ठ देना चाहता हूं। अगर एक प्रतिशत भी टीम में वापसी की संभावना हो तो मैं पूरा प्रयास करता हूं। पंड्या ने कहा कि उन्हें पता था कि कड़ी मेहनत से विपरीत परिणाम मिल सकते हैं। उन्होंने घरेलू सरजमीं पर खेले गए विश्व कप के दौरान टीम में वापसी के लिए यह जोखिम उठाया। उन्होंने कहा कि मुझे पता था कि अगर मैं खुद को चोट से उबरने के लिए ज्यादा प्रयास करूंगा तो मैं लंबे समय तक के लिए चोटिल हो सकता हूं।

## बॉलीवुड हलचल

# मनोरंजन के साथ लोगों को प्रेरित भी करती है जहांकिला: कपिल



**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और दिग्गज खिलाड़ी कपिल देव का कहना है कि फिल्म जहांकिला मनोरंजन के साथ ही लोगों को प्रेरित भी करती है। पंजाब के गांवों की पृष्ठभूमि पर आधारित बलिदान, प्रेम, दोस्ती और देशभक्ति की एक दिलचस्प कहानी जहांकिला के प्रीव्यू के अवसर पर क्रिकेट के दिग्गज कपिल देव, सुनील गावस्कर, दिलीप वेंगसरकर और इरफान पठान मौजूद थे। इस अवसर पर कपिल देव ने कहा, मैं 'जहांकिला' के पीछे प्रतिभाशाली युवा टीम का समर्थन करने के लिए बेहद सम्मानित महसूस कर रहा हूं। कहानी कहने के प्रति उनका समर्पण और पंजाब की वीरतापूर्ण भावना का उनका चित्रण वास्तव में मेरे साथ जुड़ा हुआ है। मेरा मानना है कि यह फिल्म न केवल मनोरंजन करती है बल्कि प्रेरित भी करती है, और मुझे इस तरह के सार्थक प्रोजेक्ट को अपना समर्थन देने पर गर्व है। विक्की कदम द्वारा निर्देशित फिल्म जहांकिला एक साधारण पृष्ठभूमि के युवक शिंदा की यात्रा का वर्णन करती है, जो पारिवारिक बलिदानों से प्रेरित होकर पुलिस बल में शामिल होता है।

# करीना, कृति और तब्बू की 'क्रू' जर्नी शुरू



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर, कृति सैनन और तब्बू की फिल्म 'क्रू' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म क्रू के ट्रेलर में तब्बू, करीना कपूर और कृति सैनन के साथ दिलजीत दोसांझ की झलक देखने को मिली है। ट्रेलर के शुरुआत में एक ऑफिसर कहती हैं 'सोना कहां है?' बस इस डायलॉग के बाद से करीना कपूर, तब्बू और कृति सेनन की एक उथल-पुथल वाली जर्नी की शुरुआत हो जाती है इसमें कोहिनूर नाम की एक एयरलाइन कंपनी है, जिसके इर्द-गिर्द फिल्म क्रू की कहानी घूमती रहती है। फिल्म क्रू को बालाजी मोशन पिक्चर्स के बैनर तले बनाया गया है जिसके निर्देशक राजेश कृष्णन हैं। यह फिल्म 29 मार्च 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## चिंटू की फिल्म शूरवीर के दूसरे शेड्यूल की शूटिंग शुरू

**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी अभिनेता प्रदीप पांडेय चिंटू की फिल्म 'शूरवीर' के दूसरे शेड्यूल की शूटिंग शुरू हो गई है जो लखनऊ में हो रही है। फिल्म में प्रदीप पांडेय चिंटू एक योद्धा का किरदार निभाने रहे हैं, जिसने जिन्दगी हर उतार-चढ़ाव के बेहद संजीदगी से जिया है और हर मुश्किलों का सामना किया है। इस किरदार को निभाने के लिए चिंटू ने अपनी फिटनेस को काफी इम्प्रूव किया है और शूरवीर के जैसा दिखने के लिए मेहनत की है। शिवराम फिल्म एंटरटेनमेंट के बैनर तले बन रही भोजपुरी फिल्म 'शूरवीर' के निर्माता शिवराम हैं, वहीं लेखक एवं निर्देशक आर. के. शुक्ला हैं। सह निर्माता राकेश देवा पांडेय हैं। कार्यकारी निर्माता शेखर यादव है। छायांकन विजय आर. पांडेय व संगीत मधुकर आनंद और सावन कुमार ने तैयार किया है। कोरियोग्राफर कानू मुखर्जी और मनोज गुप्ता हैं। एक्शन मास्टर हीरा यादव और मल्लेश हैं।

# नवरत्न और अंजली का गीत होलिया में डोलिया चढ़ी जात बाड़ रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** नवरत्न पांडेय और अंजली पांडेय का होली गीत होलिया में डोलिया चढ़ी जात बाड़ रिलीज हो गया है। होली गीत 'होलिया में डोलिया चढ़ी जात बाड़' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर है। इस गाने को नवरत्न पांडेय ने गाया है। गाने के वीडियो में नवरत्न पांडेय और अंजली पांडेय नजर आ रही है। गाने के वीडियो में दिखाया गया है कि नवरत्न पांडेय हाथ मे रंग अबीर लिए अपनी प्रेमिका अंजली का इंतजार कर रहे हैं। अंजली जैसे ही उनके पास पहुंचती है तो नवरत्न पांडेय काफी खुश हो जाते हैं, लेकिन उनका दिल तब टूट जाता है जब उनकी प्रेमिका अंजली पांडेय उन्हें अपनी शादी कार्ड देती है। किसी दूसरे से अपनी प्रेमिका की शादी होने की बात जानकर नवरत्न बहुत दु:खी हो जाते हैं और उनका सारा अरमान चूर चूर हो जाता है। नवरत्न अपनी प्रेमिका अंजली से कहते हैं कि 'असहु फीका फीका लागे असो के ई होलिया ये जान... तू जात तारू चढ़िके डोलिया ये जान, दे दा एगो जहर के गोलिया ये जान...' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी होली गीत 'होलिया में डोलिया चढ़ी जात बाड़' के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस गाने को गीतकार सूरज सिंह ने लिखा है, जबकि संगीतकार विकाश यादव हैं। वीडियो डायरेक्टर सुनील बाबा, कोरियोग्राफर गोल्डी जायसवाल, सनी सोनकर, डीओपी गौरव राय, राजन, एडिटर आलोक गुप्ता हैं। डीआई रोहित सिंह ने किया है। प्रोडक्शन पंकज सोनी का है। इस गाने का ऑल राइट वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स के पास है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली, पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## यूट्यूबर एल्विश यादव को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नोएडा।** रियलिटी शो बिग बॉस ओटीटी के विजेता और यूट्यूबर एल्विश यादव को नोएडा पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार किया है।



पुलिस ने सांप के जहर की तस्करी के मामले में यह कार्रवाई की है। यादव पिछले साल तीन नवंबर को सेक्टर-49 थाने में दर्ज प्राथमिकी में नामजद छह आरोपियों में से एक हैं। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (नोएडा) मनीष मिश्रा ने बताया कि मामले की जांच कर रही टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। यादव ने मामले में संलिप्तता के आरोपों से इनकार किया है। संबंधित मामले में पुलिस पहले भी पूछताछ कर चुकी है।

## अरुणाचल चीन के क्षेत्र का स्वाभाविक हिस्सा, ठोका दावा

**बीजिंग, एजेंसी**

- चीनी रक्षा मंत्रालय ने दी प्रतिक्रिया कहा-तिब्बत का हिस्सा है यह क्षेत्र

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अरुणाचल प्रदेश के दौरे के कुछ दिनों बाद चीन ने अरुणाचल प्रदेश को लेकर अपनी ड्रैगन चाल चली है। चीन की सेना ने अरुणाचल प्रदेश पर अपना दावा ठोका है। चीन के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश चीन का हिस्सा है।

चीन के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता वरिष्ठ कर्नल झांग शियाओगांग ने कहा कि जिजांग का दक्षिणी भाग (तिब्बत का चीन द्वारा दिया गया नाम) चीन के क्षेत्र का एक हिस्सा है और भारत द्वारा अवैध रूप से स्थापित अरुणाचल प्रदेश को कभी स्वीकार नहीं करता और इसका दृढ़ता से विरोध करता है। चीन के रक्षा मंत्रालय की रिपोर्ट के मुताबिक, झांग ने अरुणाचल प्रदेश में सेला सुरंग के माध्यम से भारत द्वारा अपनी सैन्य तैयारी बढ़ाने के जवाब में यह टिप्पणी की। गौरतलब है कि चीन, जो अरुणाचल प्रदेश को दक्षिण तिब्बत के रूप में दावा करता है, अपने दावों को उजागर करने के लिए नियमित रूप से भारतीय नेताओं के राज्य के दौरों पर आपत्ति जताता है। चीन ने इस क्षेत्र का नाम भी जांगनान रखा है।

गौरतलब है कि भारत ने अरुणाचल प्रदेश पर चीन के दावे को बार-बार खारिज किया है। चीन को मुंहतोड़ जवाब देते हुए भारत ने कहा कि मनगढ़ंत नाम देने से हर कोई चीज उनकी नहीं हो जाती है। अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न हिस्सा है ।

## दवाओं की ऑनलाइन बिक्री की नीति बनाने को केंद्र ने मांगा समय

**नई दिल्ली।** दवाओं की ऑनलाइन ब्रिक्री पर नीति बनाने को लेकर केंद्र सरकार ने दिल्ली हाईकोर्ट से और समय मांगा है।

केंद्र ने कहा- मुद्दा जटिल है और दवाओं की बिक्री के तरीके में किसी भी संशोधन के दूरगामी परिणाम होंगे। बता दें, हाईकोर्ट ने केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय को नीति तैयार करने के लिए चार महीने का और समय दिया है। मसौदा नियमों को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पीएस अरोड़ा की पीठ ने स्पष्ट किया कि यदि सुनवाई की अगली तारीख से पहले मसौदा नीति तैयार नहीं होती है, तो अदालत के पास मामले को आगे बढ़ाने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं होगा।

## इस समय फ्लैक्सी-कैप फंड या हाइब्रिड फंड में से क्या बेहतर

*इस समय स्मॉल और मिड कैप शेयरों का वैल्युएशन काफी हाई है। ऐसे में निवेश एक्सपर्ट इनसे जुड़े म्यूचुअल फंड्स में भी निवेश से बचने की सलाह दे रहे हैं। मौजूदा परिस्थितियों में हाइब्रिड फंड और फ्लेक्सी-कैप फंड निवेश का बेहतर विकल्प हो सकते हैं।*

### इन बातों का रखें ध्यान

निवेश से पहले विभिन्न मार्केट साइकिल में फंड के प्रदर्शन का आकलन करें। फंड मैनेजर का ट्रैक रिकॉर्ड भी देखना चाहिए कि उसने कितनी सफलतापूर्वक किसी साइकिल का सामना किया है और बेंचमार्क या अन्य फंड के मुकाबले कितना रिटर्न दिया है। निवेशकों को फ्लेक्सी-कैप स्कीम के निवेश उद्देश्य को समझना चाहिए और सुनिश्चित करना चाहिए कि यह उनके निवेश लक्ष्यों के अनुरूप हो।



### क्या है हाइब्रिड या फ्लेक्सी-कैप फंड

हाइब्रिड फंड ग्रोथ और इनकम के बीच संतुलन हासिल करने के लिए इक्विटी और डेट जैसी एसेट क्लास के मिश्रण में निवेश करते हैं। ऐसे फंडों का आम तौर पर इक्विटी में लार्ज-कैप का तरफ झुकाव होता है। इससे बेहतर रिटर्न देने की उनकी क्षमता सीमित हो जाती है। मौजूदा मार्केट कंडीशन में फ्लेक्सी-कैप फंड लॉन्ग टर्म लक्ष्य रखने वाले निवेशकों के लिए बेहतर विकल्प हैं जो इक्विटी मार्केट के उतार-चढ़ाव को सहन कर सकते हैं। चूंकि फंड मैनेजर बिना किसी प्रतिबंध के लार्ज, मिड और स्मॉल कैप शेयरों में निवेश करते हैं, ऐसे फंड लंबी अवधि में हाई रिटर्न देते हैं और मुख्य एलोकेशन के लिए आदर्श हैं।

### कौन निवेश कर सकता हैं

इक्विटी एसेट क्लास के लिए, रिस्क प्रोफाइल अधिक होता है। यदि आपके पास बाजार के उतार-चढ़ाव के दौरान होने वाले नुकसान को सहन करने की क्षमता है, चाहे आप फ्रेशर हों या वरिष्ठ नागरिक हों, तो आप निवेश कर सकते हैं। अगर आपका लक्ष्य लंबी अवधि के लिए पूंजी बचाना है, तो इस तरह के फंड में आपके लिए एसेट एलोकेशन नहीं हो सकता है। इसलिए यह उन लोगों के लिए एक अच्छी श्रेणी है जो उच्च जोखिम वाले हैं। बाजार में उतार-चढ़ाव हो सकता है जैसा कि हमने दो वर्षों में देखा है, जहां निवेशकों के सब कुछ खोने की संभावना होती है।

## एक नजर

### आज से 10 दिवसीय युद्धाभ्यास शुरू करेंगे भारत-सेशेल्स

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना हिंद महासागर में चीन की बढ़ती आक्रमकता के खिलाफ चिंताओं की साझेदारी को बढ़ावा देने के लिए सेशेल्स के एक सैन्य अड्डे में द्वीपीय राष्ट्र के सैनिकों के साथ 10 दिवसीय व्यापक युद्धाभ्यास करेगी। भारतीय सेना ने रविवार को कहा कि यह अभ्यास दोनों सेनाओं के बीच कौशल, अनुभव और अनुरूप अभ्यासों के आदान-प्रदान के अलावा द्विपक्षीय सैन्य संबंधों का निर्माण भी करेगा और उन्हें प्रोत्साहन देगा। सेशेल्स हिंद महासागर क्षेत्र में लगभग 115 द्वीपों का एक रणनीतिक रूप से स्थित द्वीपसमूह है और भारत देश के साथ रक्षा सहयोग को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

### गोवा में ट्रक घाटी में गिरा, एक की मौत, पांच बच्चों समेत 13 जख्मी

**पणजी।** दक्षिण गोवा जिले में एक ट्रक घाटी में गिर गया। घटनामें एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि पांच बच्चों समेत 13 लोग जख्मी हुए हैं। वहां से गुजर रहे मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने भी पीड़ितों की मदद की। सावंत और समाज कल्याण मंत्री सुभाष पी. देसाई चुनाव प्रचार के बाद इसी मार्ग से गुजर रहे थे और उन्होंने अपनी कारों से उतरकर पीड़ितों की मदद की। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि चालक का ट्रक से नियंत्रण खो गया और वह घाटी जा गिरा। घटना में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 13 अन्य गंभीर रूप से जख्मी है। घायलों को गोवा मेडिकल कॉलेज में भर्ती किया गया है।

### अमेरिका-ब्रिटेन ने यमन के बंदरगाह पर किए हवाई हमले

**सना।** यमन के बंदरगाह शहर होदेइदाह पर अमेरिका और ब्रिटेन ने शनिवार देर रात चार हवाई हमले किए। हूती नियंत्रित मीडिया ने बताया है कि, हमलों में शहर के दक्षिणी जिले दुरयहीमी को निशाना बनाया गया। हमलों में हताहत और क्षति की कोई सूचना नहीं है। बता दें, अमेरिका-ब्रिटेन इससे पहले भी कई बार कार्रवाई कर चुका है। हूति विद्रोही लाल सागर में लगातार मालवाहक जहाजों पर हमला कर कर रहे हैं। भारतीय नौसेना भी नजर रखे हुए है, कई हमलों को विफल भी किया है। अमेरिका और ब्रिटेन ने जनवरी के मध्य से यमन में हूती ठिकानों के खिलाफ जवाबी हवाई और मिसाइल हमले किए हैं।

### अफगानिस्तान: बस और तेल टैंकर के बीच टक्कर, 21 की मौत

**काबुल।** अफगानिस्तान के हेरात-कंधार राजमार्ग पर रविवार सुबह बस और तेल टैंकर के बीच जोरदार टक्कर हुई, जिसमें 21 लोगों की मौत हो गई, जबकि 38 से अधिक लोग घायल हैं। हादसे घायल लोगों में से 11 की हालत गंभीर बताई जा रही है। हेलमंद प्रांत के सूचना और संस्कृति निदेशालय ने कहा कि यह घटना रविवार सुबह हेलमंद प्रांत के ग्रिश्क जिले के यखचल में हुई। स्थानीय अधिकारियों के मुताबिक, यह दुर्घटना एक बस के मोटरसाइकिल से टकराने और फिर तेल से भरे टैंकर से टक्कर के कारण हुई, जिसके बाद दोनों वाहनों में आग लग गई।

## पुतिन का पांचवीं बार राष्ट्रपति बनना तय, युद्ध के बीच संपन्न हुआ मतदान

### तीन नेताओं ने दी राष्ट्रपति को चुनौती, यूक्रेन युद्ध समेत कई मुद्दों के समर्थक

**मॉस्को, एजेंसी**

रूस में शुक्रवार से शुरू हुए राष्ट्रपति चुनाव रविवार को थम गया। पहली बार रूस में राष्ट्रपति के लिए 3 दिनों तक मतदान हुआ है। साथ ही, यह पहला राष्ट्रपति चुनाव है, जिसमें डिजिटल वोटिंग हुई है। यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के बाद हो रहे पहले राष्ट्रपति चुनाव में मौजूदा राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का पांचवीं बार राष्ट्रपति बनना तय हो गया है, क्योंकि उनके सामने उतरे तीनों प्रत्याशी उन्हीं के समर्थक हैं। वे यूक्रेन युद्ध सहित सभी मुद्दों पर पुतिन के साथ हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, राष्ट्रपति पुतिन 6 साल तक यानी 2030 राष्ट्रपति के पद पर रहेंगे। पुतिन और उनके विरोधी दोनों के लिए यह चुनाव रेफरेंडम (जनमत संग्रह) जैसा है। लेकिन, यह विपक्ष रहित चुनाव है, क्योंकि पुतिन या यूक्रेन युद्ध का विरोध करने वाले किसी प्रत्याशी को चुनाव ही नहीं लड़ने दिया गया। पिछले 20 साल में पुतिन का विरोध करने वाले 16 नेताओं की हत्या हो चुकी है। दो बड़े विपक्षी नेताओं इल्या याशिन 8 साल और व्लादिमीर काजा मुर्जा को 25 साल की जेल की सजा हुई है। कई विरोधियों को रूस से भागना पड़ा है। 2018 के चुनाव के बाद रूस में विपक्ष का दमन जारी है। 2018 में पुतिन के खिलाफ एलेक्सी नवेलनी ने चुनाव लड़ने की कोशिश की थी लेकिन उनका दावा खारिज कर दिया गया। 16 फरवरी को आर्कटिक जेल में उनकी मौत हो गई। करीब सवा लाख रूसियों को राजनीतिक दमन का सामना करना पड़ा है।

### पुतिन के सामने पहले चुनाव में 14 प्रत्याशी थे



रूस में राष्ट्रपति की रेस में पुतिन सहित 4 प्रत्याशी हैं। अन्य तीनों प्रत्याशी पुतिन समर्थक हैं और यूक्रेन मुद्दे पर भी पुतिन के साथ हैं। वर्ष 2000 में जब पुतिन ने पहला चुनाव लड़ा, तो सामने 14 प्रत्याशी थे। अब पुतिन की ताकत बढ़ने के साथ-साथ प्रत्याशियों की संख्या 3 पर आ गई। बता दें, पुतिन रूसी खुफिया एजेंसी केजीबी के पूर्व लेफ्टिनेंट कर्नल हैं। 1999 में रूस के पूर्व राष्ट्रपति बोरिस येल्तसिन ने पुतिन को कार्यकारी राष्ट्रपति बनाया था। एक सर्वे के मुताबिक, पुतिन को 75 फीसदी वोट मिल सकते हैं। बता दें, पुतिन रिकॉर्ड जीत चाहते हैं ताकि कह सके कि यूक्रेन पर पूरा रूस उनके साथ है। विश्लेषकों का कहना है कि पुतिन चाहते हैं कि 70 फीसदी वोटिंग हो और 80 फीसदी वोटों के साथ उनकी रिकॉर्ड जीत हो। पहले चरण में किसी प्रत्याशी को 50 फीसदी वोट न मिले, तो दूसरे चरण की वोटिंग का नियम है ।

### बड़े पदों पर आसीन नेताओं ने दी पुतिन को चुनौती

लियोनिड स्लट्स्की रूस की प्रमुख राजनीतिक पार्टी लिबल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ रूस यानी एलडीपीआर के शीर्ष नेता हैं। वह साल 2022 से पार्टी का नेतृत्व कर रहे हैं और स्टेट ड्यूमा कमेटी के अंतर्राष्ट्रीय मामलों के चेयरमैन हैं। दूसरे व्लादिस्लाव दावनकोव रूस की न्यू पीपल पार्टी के नेता हैं और रूस की स्टेट ड्यूमा में साल 2021 से उपाध्यक्ष हैं। वहीं रूसी कम्युनिस्ट नेता निकोलाई खारितोनोव भी स्टेट ड्यूमा के सदस्य हैं और 1994 से ड्यूमा का हिस्सा हैं। निकोलाई आर्कटिक क्षेत्र के विकास के लिए बनी समिति के अध्यक्ष हैं।

## जनादेश चुराने वालों के खिलाफ हो देशद्रोह की कार्रवाई

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने फरवरी में हुए आम चुनाव में कथित तौर पर जनादेश चुराने वाले अधिकारियों के खिलाफ देशद्रोह की कार्यवाही शुरू करने की मांग की है।



खान की यह टिप्पणी तब आई जब उन्होंने शनिवार को अल-कादिर ट्रस्ट भ्रष्टाचार मामले की सुनवाई के बाद पत्रकारों से बात की। इस मामले में इमरान के अलावा उनकी पत्नी बुशरा बीबी, सहयोगी फराह गोगी और दिग्गज कारोबारी मलिक रियाज भी शामिल है। पाकिस्तान में आठ फरवरी को हुए आम चुनाव में धांधली के आरोप लगे थे। इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) द्वारा समर्थित 90 से अधिक स्वतंत्र उम्मीदवारों ने नेशनल असेंबली में अधिकतम सीट जीती थीं, लेकिन पूर्व प्रधानमंत्री नवाज के नेतृत्व वाली पीएमएल-एन और भुट्टो के नेतृत्व वाली पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) ने चुनाव के बाद समझौता किया और देश में गठबंधन की सरकार बनाई।


## सीएए का विरोध करने वालों को भारतीय इतिहास की समझ नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- जयशंकर ने अमेरिका समेत पश्चिमी देशों की आलोचना पर की टिप्पणी

अमेरिका और दुनिया के अन्य हिस्सों से नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) की आलोचना करने वालों पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि इसे विभाजन के संदर्भ में रखना महत्वपूर्ण है। साथ ही रेखांकित किया कि ऐसे 'कई उदाहरण' हैं जिनमें कई देशों के पास फास्ट-ट्रैक नागरिकता है।

शनिवार देर रात कार्याक्रम में जयशंकर ने अमेरिकी धरती पर एक खालिस्तानी अलगाववादी को मारने की साजिश रचने के आरोपों का सामना कर रहे एक भारतीय नागरिक और एक दिन पहले अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी की टिप्पणियों पर सवालों के जवाब दिए। जयशंकर ने कहा 'आप भारत और कनाडा का कई उदाहरण दे रहे है, अमेरिकी राजनीति ने हिंसक चरमपंथी विचारों और गतिविधियों को उस तरह की जगह नहीं दी है जो कनाडा ने दी है। इसलिए, मुझे नहीं लगता कि इन्हें एक साथ रखना अमेरिका के लिए उचित है। जयशंकर ने कहा कि मैं दोनों के बीच अंतर करूंगा। जयशंकर ने वाशिंगटन और दुनिया के अन्य



हिस्सों से सीएए को लेकर हो रही आलोचनाओं का भी जवाब दिया। दरअसल, अमेरिका ने गुरुवार को कहा कि वह भारत में सीएए की अधिसूचना को लेकर चिंतित है और इसके कार्यान्वयन पर करीब से नजर रख रहा है। इस पर जयशंकर ने जवाब दिया कि 'मैं उनके लोकतंत्र या उनके सिद्धांतों की खामियों पर सवाल नहीं उठा रहा हूं।

मैं हमारे इतिहास के बारे में उनकी समझ पर सवाल उठा रहा हूं। यदि आप दुनिया के कई हिस्सों से टिप्पणियां सुनते हैं, तो ऐसा लगता है जैसे भारत का विभाजन कभी नहीं हुआ था, कोई परिणामी समस्याएं नहीं थीं जिन्हें सीएए को संबोधित करना चाहिए।

## ब्रिटेन में भाजपा के समर्थन में कार रैली का आयोजन

**लंदन।** ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी यूके ने लंदन में एक कार रैली का आयोजन किया। कार रैली का आयोजन भारत में लोकसभा चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा को समर्थन देने के लिए किया गया है।

हैरो सांसद और पद्मश्री विजेता बॉब ब्लैकमैन ने कहा-भारतीय चुनाव दुनिया में लोकतंत्र की सबसे बड़ी कवायद है। भारत में जब से भाजपा ने सत्ता संभाली है, तब में भारत और ब्रिटेन के बीच दोस्ती और मजबूत हुई है। भाजपा सरकार के कारण भारत एक बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में सामने है। हम यूके और भारत के बीच एक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर बातचीत करने की कोशिश कर रहे हैं।

### यातायात ठप...



**शिमला :** हिमाचल प्रदेश में हाल के दिनों में हुई बर्फबारी और बारिश के कारण पांच राष्ट्रीय राजमार्गों सहित कुल 259 सड़कें यातायात के लिए बंद कर दी गई हैं। स्थानीय मौसम कार्यालय ने राज्य को प्रभावित करने वाले नए पश्चिमी विक्षोभ की चेतावनी जारी की है। पश्चिमी विक्षोभ के आज से पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र को प्रभावित करने की आशंका है, जबकि ऐसा ही एक और विक्षोभ बुधवार की रात से इस क्षेत्र को प्रभावित कर सकता है।

## एनआईए की कार्रवाई, आतंकियों से जुड़ी संपत्तियों को किया कुर्क

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- आईएसआईएस मॉड्यूल मामला: संपत्तियों का आतंकी मकसद के लिए किया जा रहा था इस्तेमाल

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पुणे में आईएसआईएस मॉड्यूल मामले में बड़ी कार्रवाई की है। एनआईए ने पुणे में आईएसआईएस मॉड्यूल मामले में 11 आतंकियों की चार अचल संपत्तियों को कुर्क किया है। एनआईए ने रविवार को कहा कि कोंढवा पुणे (महाराष्ट्र) में कुर्क की गई संपत्तियां तीन भगोड़ों सहित 11 आतंकियों से जुड़ी हुई हैं। एनआईए ने बताया कि इन संपत्तियों का इस्तेमाल आतंकवादी मकसद के लिए किया जा रहा था।

यह कार्रवाई देश में वैश्विक आतंकवादी संगठनों के नेटवर्क को खत्म करने के लिए की गई है। इन चारों संपत्तियों का इस्तेमाल आईईडी बनाने, इसके प्रशिक्षण और आतंकवादी कृत्यों की योजना बनाने के लिए किया जा रहा था। बता दें कि एनआईए इस मामले में पहले ही सभी 11 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम की धारा 25 के तहत कुर्क की गई संपत्तियां आवासीय घर और फ्लैट हैं। ये संपत्तियां आरोपी मोहम्मद इमरान खान, मोहम्मद यूनुस साकी, मोहम्मद शाहनवाज आलम, मोहम्मद रिजवान अली, कादिर दस्तगीर पठान, सिमाब काजी, जुल्फिकार अली बड़ौदावाला, अब्दुल्ला फैयाज शेख, तल्हा लियाकत खान, शमिल नाचन और आकिफ नाचन के नाम पर थी। यह मामला महाराष्ट्र, गुजरात और भारत के अन्य हिस्सों में विभिन्न स्थानों पर आईईडी फैब्रिकेशन ट्रेनिंग वर्कशॉप के माध्यम से आतंकवादी फैलाने की साजिश से जुड़ा है।

## श्रीलंकाई नौसेना ने 21 भारतीय मछुआरों को किया गिरफ्तार

**कोलंबो।** श्रीलंकाई नौसेना ने अपने देश की समुद्री सीमा में मछली पकड़ रहे 21 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया। मछुआरों को शनिवार को जाफना के पास से गिरफ्तार करने के बाद कांकेसनथुरै बंदरगाह ले जाया गया। नौसेना ने उनकी दो नौका भी जब्त कर ली है।

इससे पहले श्रीलंकाई नौसेना ने शुक्रवार को 15 भारतीय मछुआरों को उत्तरी जाफना प्रायद्वीप में कारैनगर तट के पास हिरासत में लिया था। इस वर्ष अभी तक लगभग 146 भारतीय मछुआरे गिरफ्तार किए जा चुके हैं। 2023 में श्रीलंकाई नौसेना ने 240 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया और उनकी 35 नौका जब्त कर ली।

## अगर मैं राष्ट्रपति पद के लिए नहीं चुना गया तो होगा खून-खराबा

**वाशिंगटन, एजेंसी**

- अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव: ट्रंप ने रैली में दी खुली चेतावनी

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को चेतावनी दी कि अगर इस साल के आखिर में होने वाले चुनावों में वह नहीं चुने जाते हैं तो देश में 'खून-खराबा' होगा। एक रैली को संबोधित करते हुए ट्रंप ने कहा, 'अगर अब मैं चुना नहीं जाता तो यहां खूनखराबा होगा। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि ट्रंप के इस बयान का क्या आशय है।

दरअसल, जिस समय उन्होंने यह चेतावनी दी उस समय वह पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति वाहन उद्योग के बारे में शिकायत कर रहे थे। एक रिपोर्ट के अनुसार, भीड़ को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अगर वह फिर से चुने जाते हैं तो चीन अमेरिका में आयातित किसी भी वाहन को बेचने में सक्षम नहीं होगा। अमेरिका में राष्ट्रपति पद के लिए नवंबर में चुनाव होने हैं।




### खून-खराबा वाले बयान पर भड़की बाइडन की पार्टी

डोनाल्ड ट्रंप के खून-खराबा वाले बयान पर अब राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रचार अभियान के प्रवक्ता ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि ट्रंप छह जनवरी की घटना फिर दोहराना चाहते हैं। साल 2021 में जब डोनाल्ड ट्रंप चुनाव में हार गए थे, तब लोगों की भीड़ छह जनवरी 2021 में कैपिटल हिल (अमेरिकी संसद परिसर) में जबरन घुस आई थी। इस पूरी घटना में कम से कम 100 पुलिस कर्मी घायल हुए थे। साथ ही दंगे के दौरान और दंगे के बाद कम से कम नौ लोगों की मौत हुई थी।

**चुनाव** 21 अप्रैल को तिरुअनंतपुरम के अलावा श्रीलंका और मलेशिया में भी डाले जाएंगे वोट

## मालदीव संसदीय चुनाव के लिए भारत में भी होगा मतदान

**माले, एजेंसी**

मालदीव में हो रहे संसदीय चुनावों के लिए भारत के दक्षिणी राज्य केरल में भी मतदान होगा। द्वीप देश के चुनाव आयोग ने मतदाताओं के लिए तिरुवनंतपुरम में भी पोलिंग बूथों और मतपेटियां की व्यवस्था करने की घोषणा की है। आयोग ने कहा कि मालदीव के 11 हजार नागरिकों के दूसरे देशों में पोलिंग बूथों के लिए पुनः पंजीकरण करने के बाद भारत के अलावा और दो अन्य देशों श्रीलंका और मलेशिया की राजधानियों में भी संसदीय चुनाव के लिए वोट पड़ेंगे।

मीडिया ने मालदीव चुनाव आयोग के हवाले से बताया कि 21 अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए मालदीव के बाहर भारत के अलावा जिन देशों में मतपेटियां रखीं जाएंगी वे श्रीलंका की राजधानी कोलंबो और मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर हैं।

चुनाव निकाय के महासचिव हसन जकारिया ने कहा कि तीन बाहरी देशों में मतपेटियों के लिए पर्याप्त मतदाताओं ने फिर से पंजीकरण कराया है। पुनः पंजीकरण विंडो अन्य देशों में रह रहे नागरिकों के लिए खोला गया था, लेकिन तीन देशों के मतदाताओं ने पर्याप्त वारंट वाली मतपेटियों को फिर से पंजीकृत किया था, जो कि भारत का तिरुअनंतपुरम, श्रीलंका का कोलंबो और मलेशिया का कुआलालंपुर शहर हैं। आयोग ने कहा कि मतपेटियों को विदेश के इन तीन देशों के अलावा अन्य देशों में नहीं रखा जाएगा।

### मालदीव से दूसरा भारतीय सैन्य दल 10 अप्रैल तक होगा रवाना

**माले।** भारत और मालदीव ने रविवार को भारतीय सैन्य कर्मियों की वापसी को लेकर चल रही समीक्षा की और मालदीव ने कहा कि दूसरा समूह 10 अप्रैल तक रवाना हो जाएगा। गौरतलब है कि राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने अपने देश से भारतीय सैन्य कर्मियों के पहले समूह की वापसी के लिए 10 मार्च की समय सीमा तय की थी। भारत द्वारा हिंद महासागर द्वीप समूह में एक उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर का संचालन करने वाले सैन्य कर्मियों की पहली टीम को वापस बुलाने के कुछ दिनों बाद दोनों पक्षों ने माले में द्विपक्षीय उच्च स्तरीय कोर समूह की



तीसरी बैठक की। बता दें सैन्य दल की जगह नागरिक तकनीकी विशेषज्ञों ने ले लिया है। भारतीय कर्मी मालदीव में तीन विमानन प्लेटफार्मों का संचालन कर रहे हैं और भारत अब उन्हें संचालित करने के लिए नागरिक कर्मियों को तैनात कर रही है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने मालदीव के लोगों को मानवीय और चिकित्सा निकासी सेवाएं देने वाले भारतीय विमानन प्लेटफार्मों के संचालन को सक्षम करने के लिए भारतीय तकनीकी कर्मियों की चल रही प्रतिनियुक्ति की समीक्षा की। दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय सहयोग से संबंधित व्यापक मुद्दों पर अपनी चर्चा जारी रखी। इस बीच, मालदीव के विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों पक्षों ने मालदीव में विमानन प्लेटफार्मों पर भारतीय सैन्य कर्मियों को नागरिकों के साथ बदलने में हुई प्रगति पर ध्यान दिया।

## ब्रिटेन में शरण मांगने वाले भारतीयों की संख्या दोगुनी

**लंदन, एजेंसी**

- ब्रिटिश सरकार की रिपोर्ट में खुलासा, फरवरी तक दो हजार घुसपैठ की कर चुके हैं कोशिश

ब्रिटेन में शरण मांगने वाले भारतीयों की संख्या दोगुनी हो गई है। ब्रिटिश सरकार की रिपोर्ट के अनुसार 2023 में शरण मंगाने वाले भारतीयों की संख्या 5 हजार से ज्यादा हो गई है, जो 2022 में 2,612 थी। इसी तरह ब्रिटेन में इंग्लिश चैनल को पार कर अवैध रूप से प्रवेश करने वाले भारतीयों की संख्या भी एक साल के दौरान बढ़ गई।

2022 में 748 भारतीयों ने जान जोखिम में डालकर इंग्लिश चैनल को पार करने का खतरा उठाया था, जबकि 2023 में से संख्या 1192 हो गई। मालूम हो, 2023 में अमेरिका में अवैध रूप से घुसने वाले भारतीयों की संख्या भी रिकॉर्ड एक लाख को पार कर गई, जबकि 2022 में 65 हजार भारतीय ही अवैध रूप से अमेरिका में घुसे थे। ब्रिटेन में 2023 में अवैध रूप से घुसने वाले 1192 भारतीयों में से 60 फीसदी युवा हैं। ये 18-29 की आयु वर्ग के हैं। ये डावर, प्लेमाउथ से घुसने की कोशिश करते हैं। सबसे ज्यादा 5 हजार अफगान लोगों ने घुसपैठ की।

इस साल फरवरी तक कई देशों के लगभग दो हजार लोग घुसपैठ की कोशिश कर चुके हैं। 2023 में ब्रिटेन में शरण मांगने वाले 5 हजार से ज्यादा भारतीयों में से 140 की अर्जियों पर ही प्रारंभिक चरण पर विचार किया गया। ब्रिटेन में शरण मांगने के लिए 5 साल में तीन बार अर्जियां लगाई जा सकती हैं।